@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
बुधवार, 4 जून 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 204 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## विधानसभा चुनाव 2027 के लिए सपा बना रही रणनीति

आगरा, 3 जून। समाजवादी पार्टी की नई कार्यकारिणी में पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) वर्ग के कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ सकती है। 2027 की तैयारियों को देखते हुए कार्यकारिणी में युवाओं को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने की उम्मीद है। जिला-महानगर कमेटी, राज्य के कार्यकारिणी



पदाधिकारी-सदस्य समेत सभी इकाइयां भंग होने से युवा कार्यकर्ताओं की उम्मीद बढ़ गई है। समाजवादी पार्टी बीते कुछ सालों से पीडीए का एजेंडा चला रही है। लोकसभा चुनाव में इसका भरपूर फायदा भी मिला। अब सपा की नजर 2027 में होने वाले प्रदेश के चुनाव पर है। ऐसे में सपा मुखिया के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने आगरा की जिला-महानगर, प्रकोष्ठ समेत सभी इकाइयों को भंग कर दिया है। अब नए सिरे से पदाधिकारी तय होंगे। इसमें पीडीए से आने वाले कार्यकर्ताओं की बल्ले-बल्ले हो सकती है। निवर्तमान महानगर अध्यक्ष चौधरी वाजिद निसार का कहना है कि विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए नई कार्यकारिणी बनेंगी। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष ने वर्तमान इकाइयां भंग कर दी हैं। नई टीम में युवाओं के साथ अनुभवी कार्यकर्ताओं को भी तवज्जो मिलने की उम्मीद है। निवर्तमान जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा ने बताया कि महानगर और जिला कार्यकारिणी के अलावा सपा युवजन सभा, सपा छात्र सभा, लोहिया वाहिनी, मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड, अल्पसंख्यक सभा, महिला सभा, अधिवक्ता सभा समेत 17 प्रकोष्ठ हैं। इनमें 5000 के करीब पदाधिकारी हैं।

# कोहली की आरसीबी पहली बार बनी चैंपियन

कौमी पत्रिका
**नवदीप सिंह साहनी**

अहमदाबाद, 3 जून। आईपीएल 2025 का खिताब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जीत लिया है। 18 साल का इंतजार खत्म हो चुका है। आखिरकार विराट कोहली भी चैंपियन बन गए हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में आरसीबी ने पंजाब को छह रन से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 190 रन बनाए थे। जवाब में पंजाब की टीम सात विकेट पर 184 रन ही बना सकी। आरसीबी आईपीएल चैंपियन बनने वाली आठवीं टीम है। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपर किंग्स, डेक्कन चार्जर्स, मुंबई इंडियंस, गुजरात टाइटंस, कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम चैंपियन बन चुकी हैं। बेंगलुरु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 190 रन बनाए। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु की शुरुआत खराब रही थी। फिल सॉल्ट नौ गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 16 रन बनाकर आउट हुए थे। उन्हें जेमीसन ने आउट किया था। इसके बाद विराट कोहली ने मयंक अग्रवाल के साथ पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन मयंक बड़े शॉट के चक्कर में आउट हो गए।



वह 18 गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रजत पाटीदार 16 गेंद में 26 रन बनाकर पवेलियन चलते बने। विराट ने लिविंगस्टोन के साथ 36 रन की साझेदारी निभाई। विराट 35 गेंद पर तीन चौके की मदद से 43 रन बनाकर अजमतुल्लाह का शिकार बने। जितेश शर्मा ने आतिशी पारी खेली, लेकिन बड़े शॉट के चक्कर में वह विजयकुमार की गेंद पर बोल्ड हुए। जितेश ने 10 गेंद में दो चौके और दो छक्के की मदद से 24 रन की पारी खेली। आखिरी ओवर में अर्शदीप ने तीन विकेट झटकाए। उन्होंने 20वें ओवर की दूसरी गेंद पर रोमारियो शेफर्ड (17 रन), चौथी गेंद पर क्रुणाल पांड्या (4 रन) और भुवनेश्वर कुमार (1 रन) के विकेट लिए। पंजाब की ओर से अर्शदीप और जेमीसन ने तीन-तीन विकेट लिए। वहीं, अजमतुल्ला ओमरजई, विजयकुमार विषाक और युजवेंद्र चहल को एक-एक विकेट मिला। 191 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की टीम की शुरुआत अच्छी रही थी। प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह ने 43 रन की साझेदारी निभाई। प्रियांश 24 रन बनाकर हेजलवुड की गेंद पर आउट हुए। फिर प्रभसिमरन सिंह 22 गेंद में 26 रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस अय्यर का बल्ला फाइनल में नहीं चला। वह एक रन बनाकर आउट हुए। जोश इंग्लिस ने अच्छी बल्लेबाजी की, लेकिन 23 गेंद में एक चौका और चार छक्के की मदद से 39 रन बनाकर पवेलियन लौटे। नेहल वढेरा 15 रन और मार्कस स्टोइनिस छह रन बनाकर आउट हुए। अजमतुल्लाह ओमरजई एक रन बना सके।

## पाकिस्तान को हमने आठ घंटे में घुटनों पर ला दिया: जनरल अनिल चौहान

कौमी पत्रिका
**सी.चन्द्रा**

पुणे, 3 जून। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर के पीछे के कारणों पर बात करते हुए कहा कि पहलगाम में जो हुआ, वह घोर क्रूरता थी। ऑपरेशन सिंदूर के पीछे सोच यह थी कि पाकिस्तान से राज्य प्रायोजित आतंकवाद को रोका जाए। उसे भारत को आतंकवादी गतिविधियों का बंधक नहीं बनाना चाहिए। भारत अब आतंकवाद और परमाणु ब्लैकमेल की छाया में नहीं रहने वाला। उन्होंने फिर दोहराया कि पेशेवर सैन्य बलों पर असफलताओं और नुकसानों का कोई असर नहीं होता। नुकसान महत्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण हैं। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि इस संघर्ष का प्रारंभिक बिंदु पहलगाम आतंकी हमला



था। क्या आतंकवाद युद्ध का एक तर्कसंगत तरीका है? मुझे नहीं लगता कि ऐसा है, क्योंकि आतंकवाद का कोई परिभाषित तर्क नहीं है। जहां तक हमारे विरोधी का सवाल है तो उसने भारत को हजारों घाव देकर खून बहाने का फैसला किया है। 1965 में जुल्फिकार अली भुट्टो ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को संबोधित करते हुए भारत के खिलाफ एक हजार साल के युद्ध की घोषणा की थी। सीडीएस जनरल चौहान ने युद्ध के अलग-अलग तरीकों पर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में युद्ध और राजनीति समानांतर रूप से हो रही थी। पहलगाम में जो कुछ हुआ, उससे कुछ सप्ताह पहले ही पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने भारत और हिंदुओं के खिलाफ जहर उगला था। हमने सीमा बढ़ा दी है, आतंक को पानी से जोड़ दिया है, आतंक के खिलाफ सैन्य अभियान की नई रेखा खींची है। सीडीएस ने कहा कि 10 मई को रात करीब एक बजे उनका (पाकिस्तान का) लक्ष्य 48 घंटे में भारत को घुटने टेकने पर मजबूर करना था। कई हमले किए गए और उन्होंने इस संघर्ष को और बढ़ा दिया। हमने तो सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। ऑपरेशन जो उन्हें लगा कि 48 घंटे तक चलेगा, लगभग 8 घंटे में ही खत्म हो गया और फिर उन्होंने फोन उठाया और कहा कि वे बात करना चाहते हैं... ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुए नुकसान के बारे में पूछे जाने पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा, जब मुझसे हमारी ओर से हुए नुकसान के बारे में पूछा गया तो मैंने कहा कि ये महत्वपूर्ण नहीं हैं। परिणाम और आप कैसे कार्य करते हैं, ये महत्वपूर्ण है। नुकसान के बारे में बात करना बहुत सही नहीं होगा। मान लीजिए कि आप क्रिकेट टेस्ट मैच में जाते हैं और आप किसी भी तरह से जीत जाते हैं, तो कितने विकेट, कितनी गेंदें और कितने खिलाड़ी हैं, इसका कोई सवाल ही नहीं है। तकनीकी मापदंडों के आधार पर हम यह विशेष डेटा निकालेंगे और आपके साथ साझा करेंगे। हम आपको बताएंगे कि हमने कितने विमान नष्ट किए और हमने कितने रडार नष्ट किए।

## जासूसी करने वाला शकूर गिरफ्तार

जयपुर, 3 जून। राजस्थान पुलिस की इंटेलिजेंस विंग ने कुछ दिन पहले जैसलमेर से जिस शकूर खान को हिरासत में लिया था। अब उसे गिरफ्तार कर लिया है। उसके ऊपर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का आरोप है। शकूर खान ने पूछताछ में खुलासा किया है वो पाकिस्तान दूतावास के अफसरों के संपर्क में था। वहां से उसे जानकारी मांगी जाती थी। शकूर ने जिन अफसरों के नाम बताए हैं उनमें पाकिस्तान दूतावास में कार्यरत अहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश और सोहेल कमर मुख्य हैं। ये वही दानिश है जो ज्योति मल्होत्रा के साथ संपर्क में था। शकूर खान रोजगार कार्यालय में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत था। महानिरीक्षक पुलिस, सीआईडी (सुरक्षा) श्री विष्णुकांत गुप्ता के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में और भी खुलासे होना बाकी हैं। शकूर खान जैसलमेर के मांगलिया की ढाणी में रहता था। पिछले कुछ समय से उसकी गतिविधियां संदिग्ध पाई जा रही थीं। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने उस पर नजर रखनी शुरू की। जांच के दौरान सामने आया कि शकूर का पाकिस्तान दूतावास में कार्यरत अहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश और सोहेल कमर से संपर्क में था, वह कई बार पाकिस्तान दूतावास भी आया था। वहां इन लोगों से उसकी मुलाकात हुई थी। शकूर 2008 में पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता सालेह मोहम्मद के निजी सहायक के तौर पर भी काम कर चुका है। उस वक्त सालेह मोहम्मद पोकरण से विधायक थे। सिर्फ इतना ही नहीं दानिश की मदद से शकूर ने कई बार पाकिस्तान का वीजा भी प्राप्त किया और वहां की यात्रा की। पाकिस्तान प्रवास के दौरान उसका संपर्क आईएसआई एजेंटों से भी हुआ।

# सीएम सुक्खू ने देहरा में 100 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

कौमी पत्रिका
**सौरभ शर्मा**

शिमला, 3 जून। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को कांगड़ा जिले के देहरा विधानसभा क्षेत्र में 100 करोड़ रुपये लागत की छह विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने हरिपुर तहसील के बनखंडी में दुर्गेश अरण्य वन्य प्राणी उद्यान में 47.62 करोड़ रुपये की लागत से अस्पताल प्रशासन व डायगनोस्टिक ब्लॉक, केंद्रीकृत रसोईघर व क्वारंटीन केंद्र और 16.25 करोड़ रुपये की लागत से उठाऊ पेयजल योजना की आधारशिला रखी। उन्होंने 12.87 करोड़ रुपये की लागत से हरिपुर से सक्री गैहरा सड़क के स्तरोन्नयन कार्य, 6.64 करोड़ रुपये की लागत से थाथर त्रिपाल से मेहवा पंचायत सड़क और 10.29 करोड़ रुपये की लागत से गुलेर से नंदपुर बरियाल लदरेट सड़क की आधारशिला भी रखी। उन्होंने देहरा तहसील में 4.96 करोड़ रुपये की लागत के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बनखंडी में 619 करोड़ रुपये की लागत से अन्तरराष्ट्रीय स्तर का दुर्गेश अरण्य वन्य प्राणी उद्यान निर्मित किया जा रहा है। प्रथम चरण में 150 करोड़ रुपये व्यय किए जा रहे हैं और 43 बाड़ों का निर्माण किया जा रहा है। इस पार्क की चहारदीवारी का कार्य



90 प्रतिशत पूरा हो चुका है तथा आठ चेकडैम बनाए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश जल के संग्रहण के लिए और चेकडैम का निर्माण किया जाए। उन्होंने कहा कि सतत अधोसंरचना और पर्यावरण साझेदारी की नवीन पहल के साथ-साथ यह पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र बनकर उभरेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पार्क में एशियाई शेर, हॉग डियर, मॉनिटर लिजर्ड, मगरमच्छ, घड़ियाल और विभिन्न पक्षियों के प्रजातियों के साथ 78 प्रजातियों के जानवर रखे जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस चिड़िया घर में एक वेटलैंड एवियरी भी होगी। इसमें देशी प्रजाति के पक्षी रखे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्गेश अरण्य वन्य प्राणी उद्यान से पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा स्थानीय युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। क्षेत्र के अद्वितीय सौंदर्य और पर्यावरण अनुकूल अधोसंरचना के फलस्वरूप यह उद्यान जिला कांगड़ा को प्रदेश की पर्यटन राजधानी के रूप में स्थापित करेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उद्यान में निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लिया और इसमें सुधार तथा समयबद्ध पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को समयबद्ध पूर्ण किया जाना चाहिए ताकि इस परियोजना से अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो।

# इंडिया गठबंधन ने दोहराई गई संसद के विशेष सत्र की मांग

कौमी पत्रिका
**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 3 जून। संसद के विशेष सत्र की मांग को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं ने मंगलवार को एक अहम बैठक की। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में हुई बैठक के बाद मीडिया को जानकारी भी दी गई। सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कांग्रेस का प्रतिनिधित्व किया। बताया गया कि लोकसभा के 200 से ज्यादा सांसदों ने विशेष सत्र के लिए पीएम मोदी को लिखे पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इस दौरान संसद का विशेष सत्र न बुलाए जाने पर संजय राउत ने सरकार पर तंज कसा। शिवसेना यूबीटी सांसद ने कहा कि क्या हमें विशेष सत्र के लिए राष्ट्रपति ट्रंप के पास जाना चाहिए? गठबंधन की बैठक के बाद कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि इंडिया के 16 राजनीतिक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। पहलगाम आतंकवादी हमले और भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष के दौरान सभी विपक्षी दल हमारे सशस्त्र बलों और भारत सरकार के समर्थन में खड़े थे। जब अमेरिका ने युद्ध विराम की घोषणा की थी, तब हमने मांग की थी कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए, ताकि सभी दल हमारे सशस्त्र बलों को धन्यवाद दे सकें। पहलगाम से लेकर ऑपरेशन सिंदूर और अमेरिका द्वारा युद्ध विराम की घोषणा तक, हमें संसद में इन पर चर्चा करनी चाहिए। हमें संसद में आतंकवाद को कैसे



खत्म किया जाए और आगे की रणनीति पर भी चर्चा करनी चाहिए। अब जबकि भारत सरकार दुनिया के सामने अपने विचार रख रही है, तो मुझे लगता है कि सरकार को संसद में भी ऐसा ही करना चाहिए। टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने कहा, 16 दलों ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। पत्र में पुंछ, उरी, राजौरी और संसद में स्वतंत्र चर्चा की बात की गई है। सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी है, संसद जनता के प्रति उत्तरदायी है। इसलिए हम संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं। जिन दलों ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है, उनमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, एआईटीसी, डीएमके, शिवसेना (यूबीटी), आरजेडी, जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस, सीपीआई (एम), आईयूएमएल, सीपीआई, आरएसपी, जेएमएम, वीसीके, केरल कांग्रेस, एमडीएमके, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन शामिल हैं। आप कल सीधे प्रधानमंत्री को पत्र लिखेगी। सपा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा, ...हम जानना चाहते हैं कि किन देशों ने हमारा समर्थन किया। एक भी देश भारत के समर्थन में सामने नहीं आया। यह चिंताजनक है। हम कूटनीतिक मोर्चे पर असफल रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध विराम की घोषणा की। जनता को लगता है कि हमें युद्ध विराम के लिए मजबूर किया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा के बाद पूरी दुनिया में देश का सम्मान गिरा है।

## ट्रंप के दावे पर शशि थरूर की दो टूक

ब्रासीलिया, 3 जून। ऑपरेशन सिंदूर पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम में तीसरे पक्ष की संलिप्तता से इनकार किया है और कहा है कि संघर्षविराम के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत हुई। थरूर के नेतृत्व वाला सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल फिलहाल ब्राजील में है और ब्राजील से अमेरिका के लिए रवाना होगा। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार दावा कर रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम के लिए उन्होंने मध्यस्थता की। ब्राजील में शशि थरूर ने कहा कि हम अमेरिकी राष्ट्रपति पद का बहुत सम्मान करते हैं और हम उसी सम्मान को ध्यान में रखते हुए बात करेंगे, लेकिन मोटे तौर पर कहें तो हमारी समझ थोड़ी अलग है। हमें रोकने के लिए किसी को मनाने की जरूरत नहीं थी। हमने पहले ही रुकने के लिए कह दिया था। अगर अमेरिकी राष्ट्रपति या उनके वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किसी को मनाने की जरूरत थी, तो वह पाकिस्तानियों को मनाने की थी। उन्हें मनाना पड़ता। हमें मनाने की जरूरत नहीं है क्योंकि हम युद्ध नहीं चाहते। हम विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।

# सांसद संजय राउत ने कहा कि विपक्ष जनता की आवाज है

कौमी पत्रिका
**सिम्मी कौर बब्बर**

मुंबई, 3 जून। विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद मंगलवार को शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसद संजय राउत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संसद में विपक्ष की आवाज की महत्वपूर्ण है। राउत ने बताया, हमने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है, उस पर 16 सियासी दलो के हस्ताक्षर हैं। यह कोई सामान्य पत्र नहीं है। विपक्ष जनता की आवाज है। हम चाहते हैं कि देश में अब तक जो कुछ भी हुआ है, उस पर चर्चा के लिए विशेष सत्र बुलाया जाए। राउत ने सरकार से सवाल किया कि जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सुझाव पर संघर्ष विराम हो सकता है, तो विपक्ष की बार-बार की मांग के बावजूद संसद का विशेष सत्र क्यों नहीं बुलाया जा सकता? क्या अब हमें भी विशेष सत्र के लिए ट्रंप से ही अनुरोध करना पड़ेगा? जब उनसे पूछा गया कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) का नाम उस पत्र पर क्यों नहीं है, तो उन्होंने कहा कि शरद पवार हमारे साथ हैं। सुप्रिया सुले इस वक्त एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बाहर गई हैं। जब मैं मुंबई लौटूंगा, तो शरद पवार से इस विषय पर बात करूंगा। विपक्षी इंडिया गठबंधन के 16 दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है, जिसमें पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर और ट्रंप की घोषणा पर चर्चा की मांग की गई है। इससे एक दिन पहले पत्रकारों से बाचतीत करते हुए कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने सशस्त्र



बलों को धन्यवाद देने के लिए एक विशेष सत्र बुलाने और आतंकवाद को समाप्त करने की रणनीति पर चर्चा के लिए विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी। हुड्डा ने कहा, विपक्षी गठबंधन इंडिया के 16 राजनीतिक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। पहलगाम आतंकवादी हमले और भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष के दौरान सभी विपक्ष दल अपने सशस्त्र बलों और भारत सरकार के समर्थ में खड़े थे। जब अमेरिका ने संघर्ष विराम की घोषणा की तो हमने मांग की कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए, ताकि सभी दल हमारे सशसत्र बलों को धन्यवाद दे सकें। उन्होंने यह भी कहा कि पहलगाम से लेकर ऑपरेशन सिंदूर और अमेरिका की घोषणा तक, इन सभी घटनाओं पर संसद में खुलकर चर्चा होनी चाहिए। हमें यह भी तय करना होगा कि आतंकवाद का खात्मा कैसे हो और हमारी भविष्य की रणनीति क्या हो। सरकार जब दुनिया के सामने अपनी बात रख रही है, तो उसे संसद में भी यही करना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद डेरेक ओब्रायन ने भी इसी बात को दोहराते हुए कहा कि सरकार संसद के प्रति जवाबदेह है और संसद देश की जनता के प्रति। उन्होंने कहा कि 16 राजनीतिक दलों ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। ओब्रायन ने यह भी बताया कि इन 16 दलों के साथ-साथ आम आदमी पार्टी (आप) बुधवार को प्रधानमंत्री को एक अलग पत्र लिखकर इस मांग का समर्थन करेगी।

# राहुल ने अदाणी समूह में एलआईसी द्वारा किए गए निवेश पर कसा तंज

नई दिल्ली, 3 जून। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा अदाणी समूह में किए गए 5,000 करोड़ रुपये के निवेश का मुद्दा उठाया। राहुल गांधी का आरोप है कि सार्वजनिक धन का इस्तेमाल निजी संस्थाओं को लाभ



पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, पैसा आपका, पॉलिसी आपकी, प्रीमियम आपका.......सुरक्षा, सुविधा, फायदा अदाणी को! राहुल गांधी ने अपने इस ट्वीट के साथ एक न्यूज वेबसाइट की खबर को साझा करते हुए एलआईसी द्वारा अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड में किए गए निवेश को लेकर चिंता व्यक्त की है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने शुक्रवार को बताया कि कंपनी ने अब तक का सबसे बड़ा घरेलू बॉन्ड जारी कर 5,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि एपीएसईजेड ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) से 15 साल के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) के जरिए यह धन जुटाया है। एनसीडी को प्रतिस्पर्धी 7.75 प्रतिशत प्रतिवर्ष कूपन दर पर जुटाया गया। कंपनी की ओर से बयान में कहा गया था, एपीएसईजेड की मजबूत वित्तीय स्थिति और एएए/स्थिर घरेलू क्रेडिट रेटिंग के कारण, इस इश्यू को 7.75 प्रतिशत प्रति वर्ष की प्रतिस्पर्धी कूपन दर पर लॉक किया गया और एलआईसी की ओर से इसे पूरी तरह से सब्सक्राइब किया गया। डिबेंचर बीएसई में सूचीबद्ध किए जाएंगे। बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी आरोप लगाते रहे हैं कि आम जनता के बीमा प्रीमियम के जरिए एकत्रित गए एलआईसी के पैसे को अदाणी समूह में निवेश किया गया है। एलआईसी एक सरकारी घरेलू वित्तीय संस्था है जो भारतीय शेयर बाजार में निवेश करती है।

## इस्तांबुल शांति वार्ता : रूस ने सीमित क्षेत्र में '2-3 दिन' के संघर्षविराम का प्रस्ताव रखा

**इस्तांबुल।** तुर्किये में हुई रूस-यूक्रेन शांति वार्ता के दौरान जहां यूक्रेन ने पूर्ण और बिना शर्त युद्धविराम की मांग दोहराई, वहीं रूस ने इसके विपरीत सीमित क्षेत्र में दो से तीन दिन के आंशिक संघर्षविराम का प्रस्ताव रखा है। रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख वार्ताकार व्लादिमीर मेदिन्स्की ने वार्ता के बाद मीडिया को बताया, हमने कुछ सीमित क्षेत्रों में 2-3 दिनों के संघर्षविराम का प्रस्ताव दिया है, ताकि सैन्य कमांडर अपने सैनिकों के शवों को सुरक्षित ढंग से एकत्र कर सकें।हालांकि, अब तक यूक्रेनी पक्ष की ओर से इस सीमित संघर्षविराम प्रस्ताव पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इससे पहले, यूक्रेनी रक्षा मंत्री रुसतेम उमेरोव ने वार्ता के दौरान तीन मांगें रखी थीं, जिसमें बिना शर्त पूर्ण युद्धविराम, युद्धबंदियों और अपहृत बच्चों की अदला-बदली तथा मारे गए सैनिकों के शवों की वापसी प्रमुख रही। यूक्रेनी पक्ष ने बार-बार स्पष्ट किया है कि वह पूर्ण युद्धविराम के बिना किसी भी समाधान को स्थायी शांति का आधार नहीं मानता।

## यूरोपीय संघ ने चीनी चिकित्सा उपकरणों पर लगाई रोक, पक्षपातपूर्ण खरीद नीति का दिया हवाला

**पेरिस।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए चीनी चिकित्सा उपकरणों के आयात पर रोक लगाने के पक्ष में मतदान किया। यह कदम बीजिंग की हाई-टेक निर्माण रणनीति 'मेड इन चाइना 2025' के तहत चिकित्सा उपकरणों को बढ़ावा देने की योजना के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। ईयू की जांच में यह निष्कर्ष निकला कि चीन ने चिकित्सा उपकरणों की सरकारी खरीद में विदेशी कंपनियों के साथ भेदभाव किया है। यूरोपीय आयोग के अनुसार, 87 प्रतिशत अनुबंधों में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से विदेशी कंपनियों को दरकिनार किया गया, जिनमें विदेशी उपकरणों पर प्रतिबंध भी शामिल था। इसके जवाब में ईयू ने निर्णय लिया है कि अब से यूरोपीय सार्वजनिक एजेंसियां अगले पांच वर्षों तक 05 मिलियन यूरो से अधिक मूल्य के अनुबंधों में चीनी बोलीदाताओं को बाहर रखेंगी। यह कार्रवाई 'इंटरनेशनल प्रोक्योरमेंट इंस्ट्रूमेंट' के तहत की गई है। यह 2022 में पारित कानून है जिसका उद्देश्य सार्वजनिक खरीद में समान अवसर सुनिश्चित करना है।चिकित्सा उपकरण चीन की 'मेड इन चाइना 2025' नीति के तहत दस प्रमुख क्षेत्रों में शामिल हैं।

## पाकिस्तान में ऑनर किलिंग, रिश्तेदार ने की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सना यूसुफ की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तानी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सना यूसुफ की इस्लामाबाद में उनके घर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। सना की हत्या उनके ही रिश्तेदार ने की है। इस घटना ने पाकिस्तान में बढ़ रहे ऑनर किलिंग के मामलों पर फिर से पूरे विश्व का ध्यान खींच लिया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मूल रूप से अपर चित्राल की रहने वाली मशहूर कंटेंट क्रिएटर की हत्या उनके एक पुरुष रिश्तेदार ने की है। ये रिश्तेदार उनसे मिलने आया था, और बेहद नजदीक से गोली चलाने के तुरंत बाद मौके से भाग गया। 'समा टीवी' ने पुलिस सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि संदिग्ध ने सना से उनके घर के बाहर कुछ देर बातचीत की और फिर उनके पीछे अंदर जाकर गोलियां चला दीं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, संदिग्ध ने घर में घुसकर कई गोलियां चलाईं और भाग निकला। सना को दो गोलियां लगीं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस हत्या की जांच कर रही है, उसने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## पाकिस्तान के कराची में जेल ब्रेक- भूकंप की अफरा-तफरी में 216 कैदी फरार, 135 अब भी लापता

**कराची।** पाकिस्तान के कराची स्थित मलिर जेल में एक बड़ी चूक सामने आई, जब भूकंप के झटकों के बाद मची अफरा-तफरी में 216 कैदी जेल से फरार हो गए। प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से करीब 700 से 1000 कैदियों को बैरकों से बाहर निकाला था, लेकिन इसी दौरान कई कैदियों ने हालात का फायदा उठाकर मेन गेट की ओर धक्का-मुक्की शुरू कर दी और जेल से भाग निकले। हालांकि जेल प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने तत्परता दिखाते हुए करीब 80 कैदियों को दोबारा पकड़ लिया है, लेकिन 135 कैदी अभी भी फरार हैं। इस घटना के बाद जेल की कमान रेंजर्स और फ्रंटियर कोर (स्न्नष्ट) को सौंप दी गई है। तलाशी अभियान में स्पेशल सिक्योरिटी यूनिट (स्स्), रैपिड रिस्पॉन्स फोर्स (ऋक्रस्न) और स्थानीय पुलिस भी जुटी हुई हैं। जेल प्रशासन ने मीडिया में आई उन रिपोर्ट्स का खंडन किया है जिनमें कहा गया था कि कैदियों ने जेल की दीवारें तोड़कर भागने की कोशिश की। अधिकारियों ने साफ किया कि भगदड़ के बीच सभी कैदी मुख्य द्वार से ही बाहर निकले। घटना में एक कैदी की मौत और चार सुरक्षाकर्मियों के घायल होने की खबर है। गृह मंत्री मुहम्मद जरार लांजार ने माना कि इस घटना में प्रशासनिक लापरवाही की भूमिका हो सकती है।

# पाकिस्तान में दो पुलिस थानों पर आतंकी हमला, सात बलूच लड़ाके मारे गए

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दो प्रांतों में पिछले 24 घंटे के दौरान दो पुलिस थानों पर बड़ा हमला हुआ। इस हमले से इतर मुठभेड़ में सात बलूच लड़ाके मारे गए। बलूच लड़ाकों को पाकिस्तान आतंकी बता रहा है। बलूचिस्तान के लोग पाकिस्तान से अजादी की मांग कर रहे हैं। वहां लंबे समय से आजादी के लिए लोग संघर्ष कर रहे हैं। दुनिया न्यूज टीवी चैनल की खबर के अनुसार, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बाजौर जिला और बन्नू जिले में दो पुलिस स्टेशनों पर आतंकवादियों के हमले को विफल कर दिया गया। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस महानिरीक्षक जुल्फिकार हमीद ने कहा कि लोई मामुंड (बाजौर जिला) और मिरयान (बन्नू) में पुलिस स्टेशनों पर देररात आतंकवादियों ने हमला किया। पुलिस बल ने बहादुरी से हमलावरों का सामना किया और उन्हें खदेड़ दिया। हमीद ने पुलिस



बल के लिए प्रशंसा पत्र और पुरस्कार की घोषणा की है। इसके अलावा सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान में दो अलग-अलग अभियानों में सात बलूच लड़ाकों को मार गिराया। सेना की मीडिया विंग इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विज्ञप्ति में कहा गया कि मरने वाले सातों आतंकवादी हैं। यह अभियान दो जून को चलाया गया। कच्छी जिले के माच के सामान्य क्षेत्र में खुफिया आधारित ऑपरेशन के दौरान पांच आतंकवादियों को मार गिराया गया। कलात जिले के मार्गंड के सामान्य क्षेत्र में दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया। पाकिस्तान की सेना ने कहा कि मारे गए सातों आतंकी फितना अल हिंदुस्तान के हैं। उल्लेखनीय है कि आतंकवाद परस्त पाकिस्तान लंबे समय से बलूचिस्तान के विद्रोहियों को फितना अल हिंदुस्तान (विद्रोही और हिन्दुस्तान के एजेंट) कहकर इस राजनीतिक समस्या को धार्मिक रंग देने की कोशिश कर रहा है। साथ ही टीटीपी को भी 'फितना अल खवारिज' कहकर (धार्मिक अपशब्द) भारत का साथ देने वाला बताकर प्रलाप करता रहता है। सैन्य अधिकारी भी हुकूमत की हां में हां मिलाते हैं। डीजी आईएसपीआर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि बलूचिस्तान को कभी भी पाकिस्तान से अलग नहीं होने दिया जाएगा।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति ने आयकर रिटर्न दाखिल किया, कहा- खर्च कम किए जाएंगे



**एजेंसी**

**कोलंबो।** श्रीलंका में अब ऑनलाइन आयकर रिटर्न दाखिल किया जा सकता है। श्रीलंका के राजस्व विभाग की वेबसाइट आईआरडी में यह सुविधा आज शुरू कर दी गई है। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने आयकर रिटर्न की ई-फाइलिंग शुरू होने पर खुद का 2024-2025 मूल्यांकन वर्ष के लिए रिटर्न दाखिल किया। ऐसा करने वाले देश के वह पहले व्यक्ति बन गए। डेली मिरर अखबार की खबर के अनुसार आज सुबह इसे आधिकारिक रूप से लॉन्च किया गया। राष्ट्रपति दिसानायके के सब मिशन को प्रतीकात्मक रूप से पहली फाइलिंग के रूप में स्वीकार किया गया। राष्ट्रपति सचिवालय में राष्ट्रीय कर सप्ताह दिवस के उद्घाटन पर दिसानायके ने घोषणा की कि सार्वजनिक धन की सुरक्षा के उद्देश्य से राष्ट्रपति के बजट के भीतर व्यय को कम करने के उपाय पेश किए जाएंगे।

# ढाका में पुलिस ने छात्रों के 'जुलाई ओइक्यो मार्च' को सचिवालय जाने से रोका

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को कुछ समय से देश में जन असंतोष का सामना करना पड़ रहा है।

चुनाव के मुद्दे पर राजनीतिक दलों का हालिया टकराव और सचिवालय कर्मचारियों के आंदोलन के बाद 2024 के छात्र-जन विद्रोह (जुलाई क्रांति) में शामिल छात्र और युवा भी देश के आंतरिक मामलों में विदेशी दखल का विरोध करते हुए सड़कों पर उतर आए हैं। ऐसे ही एक समूह ने 'जुलाई ओइक्यो मार्च' के बैनर तले आज प्रदर्शन करते हुए सचिवालय की तरफ बढ़ने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया। द डेली स्टार अखबार की खबर के अनुसार इस समूह ने आज दोपहर विरोध मार्च निकाला और बांग्लादेश के आंतरिक मामलों में विदेशी प्रभाव को समाप्त करने की मांग की। शाहबाग थाना प्रभारी खालिद मंसूर



ने बताया कि मार्च सुबह करीब 11 बजे शाहबाग स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय से शुरू हुआ। दोपहर करीब 12.10 बजे पुलिस ने युवाओं को शिक्षा भवन के पास रोक दिया। टकराव के बाद समूह के पांच प्रतिनिधियों को सचिवालय जाने की अनुमति दी गई। प्रतिनिधियों ने लोक प्रशासन मंत्रालय को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद समूह में शामिल युवा सड़कों से हट गए।

# बिलावल भुट्टो ने जम्मू-कश्मीर विवाद को भारत से झगड़े की जड़ माना

**एजेंसी**

**न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान के पूर्व विदेशमंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के स्थायी समाधान के लिए जम्मू-कश्मीर विवाद का समाधान एक अनिवार्य शर्त है। नौ सदस्यीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे बिलावल ने चीन के एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा कि मौजूदा संघर्ष विराम से स्थायी शांति आनी चाहिए। पाकिस्तान के दुनिया न्यूज टीवी चैनल ने एसोसिएट प्रेस ऑफ पाकिस्तान के हवाले से यह खबर प्रसारित की है। बिलावल ने दोटूक कहा कि जम्मू-कश्मीर विवाद को सुलझाए बिना कोई स्थायी समाधान संभव नहीं है। बिलावल ने कहा कि 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का भारत का फैसला तनाव बढ़ाने वाला है। इस संबंध में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से दोनों देशों के बीच बातचीत को सुविधाजनक बनाने में अपनी



भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर, आईडब्ल्यूटी और आतंकवाद पर भारत के साथ बातचीत करने के लिए तैयार है। बिलावल भुट्टो के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद के हालात की जानकारी दी है।

# ब्रिक्स सम्मेलन में अंतरिक्ष और डिजिटल तकनीक पर चर्चा, भारत ने दोहराई अपनी प्रतिबद्धता

**एजेंसी**

**ब्रासीलिया ।** भारत ने ब्राजील में आयोजित संचार मंत्रियों की बहुपक्षीय बैठक में ब्रिक्स देशों के साथ लंबे समय से चली आ रही कूटनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। केंद्रीय ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने ब्राजील में 11वीं ब्रिक्स संचार मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए आधार से यूपीआई तक की डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) की उपलब्धियों को रेखांकित किया, जो अब समावेशी तकनीकी विकास के लिए वैश्विक मॉडल बन चुका है। उन्होंने ब्रासीलिया में आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में



चार प्रमुख क्षेत्रों, यूनिवर्सल और सार्थक कनेक्टिविटी, अंतरिक्ष और पर्यावरणीय स्थिरता और डिजिटल इकोसिस्टम में भारत की प्रगति को साझा किया। दरअसल, ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), इथियोपिया, ईरान, इंडोनेशिया और सऊदी अरब समेत 11 देश शामिल हैं। पेम्मासानी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, ÷ब्राजील के साथ स्मार्ट और सुरक्षित भविष्य के लिए डिजिटल संबंधों को मजबूत करने हेतु उपयोगी द्विपक्षीय वार्ता हुई। इसके अलावा, स्वदेशी 4जी/5जी विकास, घरेलू विनिर्माण और 6जी, क्वांटम टेक्नोलॉजी, सैटकॉम में सहयोग पर चर्चा की। ब्राजील के 6 गीजाहर्ट ट्रायल, सैटकॉम जरूरतों, टेलीकॉम सुरक्षा और वैश्विक डीपीआई सहयोग पर भी बात हुई।उन्होंने ब्रिक्स संचार मंत्रियों की बैठक के दौरान दक्षिण अफ्रीका के समकक्ष मंत्री के साथ भी रचनात्मक बातचीत की और वैश्विक मंचों पर उनके निरंतर समर्थन की सराहना की।

## रूस ने यूक्रेन को सौंपा युद्धविराम का ज्ञापन, चार क्षेत्रों से सेना हटाने और चुनाव कराने की मांग

**एजेंसी**

**कीव/मॉस्को।** इस्तांबुल में हुई दूसरे दौर की शांति वार्ता के बाद रूस ने यूक्रेन को एक विस्तृत युद्धविराम का ज्ञापन सौंपा है, जिसमें शांति के बदले कई गंभीर और एकतरफा शर्तें रखी गई हैं। इस ज्ञापन के सामने आने से दोनों देशों के बीच संभावित कूटनीतिक वार्ता की दिशा और भी जटिल होती दिख रही है।ज्ञापन दो भागों में विभाजित है। पहला भाग, जिसे अंतिम समाधान के मुख्य मानक कहा गया है, में रूस ने यूक्रेन से मांग की है कि वह लुहान्स्क, दोनेत्स्क, ज़ापोरीझिया और खेरसोन जैसे उन चार क्षेत्रों को रूसी क्षेत्र के रूप में मान्यता दे, जिन पर रूस ने 2022 से आक्रमण कर नियंत्रण स्थापित किया है। इसके अलावा, यूक्रेन को तटस्थ राष्ट्र घोषित करने, अपनी सेना की संख्या कम करने, रूस से किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति की मांग न करने और रूस पर लगे सभी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों को हटाने की भी मांग की गई है। ज्ञापन का दूसरा भाग एक पैकेज प्रस्ताव है, जिसमें यूक्रेन से सेना का चरणबद्ध निरस्त्रीकरण, विदेशी हथियारों की आपूर्ति पर रोक, देश में लागू मार्शल लॉ समाप्त करना तथा राष्ट्रपति एवं संसदीय चुनाव जल्द कराने की दिशा में तत्काल कदम उठाने की अपेक्षा की गई है। रूसी सरकारी मीडिया के अनुसार, यह ज्ञापन यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल को सौंपा गया है। अब तक यूक्रेन की ओर से इस ज्ञापन पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# राजशाही समर्थकों का हौसला बढ़ाने पूर्व युवराज्ञी सड़कों पर उतरी

**एजेंसी**

**काठमांडू,।** नेपाल में राजशाही की वापसी को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे अपने समर्थकों का हौसला बढ़ाने के लिए पूर्व युवराज्ञी हिमानी शाह भी सड़क पर आईं। अपने बेटे के साथ सड़क पर समर्थकों के बीच पहुंची हिमानी को देखकर लोगों में काफी उत्साह देख गया। राजदरबार हत्याकांड की 24वीं बरसी पर दीप प्रज्वलन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। पहले यह आयोजन राजदरबार के भीतर ही करना था लेकिन सरकार ने राजपरिवार के सदस्यों को उसी राजदरबार में श्रद्धांजलि कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं दी जिस राजदरबार में रह कर शाह परिवार ने 240 वर्षों तक शासन चलाया था। सरकार द्वारा राजदरबार में कार्यक्रम की अनुमति




नहीं दिए जाने के बाद पूर्व युवराज्ञी हिमानी शाह ने काठमांडू के कमलादी में रहे गणेश मन्दिर में इसका आयोजन किया। सड़क पर अपने समर्थकों के बीच गणेश मंदिर से एक बार फिर से राजशाही की वापसी के लिए संघर्ष का श्रीगणेश माना जा सकता है। वे हजारों समर्थकों के बीच शालीनतापूर्वक मुस्कुराते हुए सबका अभिवादन स्वीकार करती नजर आईं। हिमानी का सड़क पर आना विपक्षी के उन सवालों का भी जवाब है जो यह कहते हैं कि जिस राजसंस्था की पुनर्बहाली के लिए उनके समर्थक सड़कों पर पुलिस की लाठियां खा रहे हैं उस राजसंस्था का कोई भी सदस्य कभी भी उनके साथ सड़क पर क्यों नहीं आता अपने बीच राजपरिवार के सदस्यों को देख कर समर्थकों और आम जनता में काफी उत्साह देखा गया। हिमानी शाह के सड़क पर आने के बाद एक दिन के लिए स्थगित संघर्ष को मंगलवार से फिर शुरू करने की घोषणा कर दी गई। राजसंस्था पुनर्बहाली के लिए बनाई गई जनसंघर्ष समिति ने मंगलवार से दोपहर को उसी स्थान पर प्रदर्शन करने की जानकारी दी है जो सरकार ने उपलब्ध कराया है। कल का प्रदर्शन काठमांडू के सिफल मैदान में करने की जानकारी दी जाएगी।

# कोलोराडो हमला बाइडन की 'खुली सीमा' नीति का परिणाम : ट्रंप

**एजेंसी**

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कोलोराडो के बोल्डर शहर में इजराइल समर्थक रैली पर हुए हिंसक हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे अमेरिका में बिल्कुल बर्दाश्त न करने योग्य करार दिया है। उन्होंने इस घटना को जो बाइडन की खुली सीमा नीति का परिणाम बताते हुए एक बार फिर कड़ी आव्रजन नीति और सीमाओं की सुरक्षा की मांग दोहराई। ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया साइट 'ट्रुथ सोशल' पर एक बयान जारी कर कहा कि कल कोलोराडो के बोल्डर में हुआ भयानक हमला अमेरिका में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह घटना दर्शाती है कि देश की सीमाएं कमजोर हैं और राष्ट्रपति बाइडन की नीति के कारण अवैध और अमेरिका-विरोधी तत्व देश में घुसपैठ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप नीति के तहत उन्हें देश से निकाल बाहर करना होगा।




आतंकवाद जैसे कृत्यों के लिए सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि पर्ल स्ट्रीट मॉल के पास हमला हुआ, जहां 'प्रो-इजराइल' रैली चल रही थी। आरोपित ने कथित रूप से इंसीनिडरी डिवाइस और घरेलू फ्लेमथ्रोअर का उपयोग करते हुए हमला किया और ÷फ्री फिलिस्तीन÷ के नारे लगाए। जांच में पता चला है कि आरोपित मिस्र निवासी मोहम्मद सबरी सोलिमान (45 वर्ष) करीब एक साल से इस हमले की योजना बना रहा था। इस हमले में चार महिलाएं और चार पुरुष घायल हुए हैं। आरोपित कथित रूप से वीजा अवधि खत्म होने के बावजूद अमेरिका में अवैध रूप से रह रहा था।

## तुर्की में शांति वार्ता के लिए ट्रंप तैयार, पुतिन और जेलेंस्की से मुलाकात को लेकर व्हाइट हाउस का बयान

**एजेंसी**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तुर्की के राष्ट्रपति रेचप तैयप एर्दोआन के उस प्रस्ताव के लिए तैयार हैं, जिसमें उन्होंने ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच तीन-तरफा शांति वार्ता आयोजित करने की पेशकश की है। यह जानकारी व्हाइट हाउस की ओर से दी गई। तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोआन ने कहा कि उनका देश रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए इस उच्चस्तरीय वार्ता की मेजबानी करने को तैयार है।

# भारत की आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में ब्राजील खुलकर साथ

**एजेंसी**

**ब्रासीलिया (ब्राजील)।** भारत की पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में ब्राजील ने खुलकर साथ देने की प्रतिबद्धता दोहराई है। भारतीय संसदीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में ब्राजील के नेताओं से मुलाकात की है। इस दौरान ब्राजील के शीर्ष नेतृत्व को भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद के ताजा हालात से अवगत कराया गया। इस प्रतिनिधिमंडल के सदस्य भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा कि ब्राजील के नेताओं ने भारत के आतंकवाद विरोधी प्रयास ऑपरेशन सिंदूर के लिए स्पष्ट समर्थन व्यक्त किया और पाकिस्तान के सीमा पार आतंकवाद की निंदा की। प्रतिनिधिमंडल ने ब्राजील की संसद के अध्यक्ष, कार्यवाहक विदेशमंत्री और भारत-ब्राजील मैत्री समूह के सांसदों से मुलाकात की है। ब्राजील के नेताओं ने आश्वासन दिया कि ब्राजील भारत का मित्र है और आगे भी मित्रता का निर्वहन करेगा। सूर्या ने कहा कि यह भारत के लिए बहुत बड़ी बात है। लैटिन अमेरिका और इस पूरे भूगोल में ब्राजील का महत्वपूर्ण स्थान है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने ब्राजील के शीर्ष अधिकारियों तीन दौर की चर्चा की है। सभी बैठकों में ब्राजील ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख का हर तरह से समर्थन किया। तेजस्वी ने कहा कि भारत को गुयाना, पनामा और कोलंबिया से अपार समर्थन मिला। उल्लेखनीय है कि इस प्रतिनिधिमंडल में सरफराज अहमद, गंटी हरीश मधुर, शशांक मणि त्रिपाठी, भुवनेश्वर कलिता, तेजस्वी सूर्या और पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू शामिल हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि उनकी ब्राजील की उप विदेशमंत्री मारिया लॉरा दा रोचा के साथ बैठक सफल रही। मोनरोविया (लाइबेरिया) में भाजपा नेता एसएस अहलूवालिया ने कहा कि पाकिस्तान हमारा खराब पड़ोसी है। यह पड़ोसी हमेशा हमसे लड़ता रहता है। पाकिस्तान आतंकवाद का केंद्र बनता जा रहा है। बीजू जनता दल के सांसद सस्मित पात्रा ने कहा कि आतंकवादी अच्छे या बुरे नहीं होते। वह केवल आतंकवादी होते हैं। यह केवल भारत की ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की लड़ाई है। भारत वसुदैव कुटुंबकम की विचारधारा पर यकीन रखता है। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि आतंकवाद किसी क्षेत्र की समस्या नहीं है। इस वक्त सारी दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ एक साथ खड़ा हो जाना चाहिए। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ आतंकी हमला इंसानियत की हत्या थी। काहिरा( मिस्र) में कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि यह वह संदेश है जिसे हम सभी ने अपने वार्ताकारों को देने का प्रयास किया है कि समय आ गया है कि उन सभी देशों पर एक बार प्रतिबंध लगा दिया जाए जो आतंकवाद को राज्य की नीति के साधन के रूप में इस्तेमाल करते हैं। दुर्भाग्य से पाकिस्तान उन देशों में सबसे आगे है। मैड्रिड (स्पेन) में डीएमके सांसद कनिमोझी ने कहा किहमने स्पेन के विदेशमंत्री से मुलाकात की। सीनेट के सदस्यों से मुलाकात की। हमने स्पेन इंडिया काउंसिल के साथ बैठक की। सबसे पहले हमने आतंकवाद पीड़ितों का समर्थन करने वाले संघ के साथ बैठक की। हमें विदेशमंत्री से बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। उन्होंने हमें आश्वासन दिया कि जब भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ना चाहेगा या इसे समाप्त करना चाहेगा, तो वे उसका समर्थन करेंगे। बताया गया है कि रूस, लातविया, स्लोवेनिया, ग्रीस और स्पेन की यात्रा पूरी करने के बाद सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भारत के लिए रवाना होगा। प्रतिनिधिमंडल की नेता कनिमोझी चेन्नई पहुंचेंगी, उनके अन्य सदस्य कल दिल्ली में होंगे।

**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# योगी सरकार का ऐतिहासिक फैसला, पूर्व अग्निवीरों को यूपी पुलिस और पीएसी में मिलेगा 20% आरक्षण

लखनऊ, 3 जून। योगी कैबिनेट ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राज्य की पुलिस भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह आरक्षण पुलिस आरक्षी, पीएसी, घुड़सवार आरक्षी एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में लागू होगा। योगी सरकार के इस निर्णय से न सिर्फ पूर्व अग्निवीरों को लाभ मिलेगा, बल्कि राज्य को प्रशिक्षित, अनुशासित और प्रेरित बल प्राप्त होगा। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सरकार के इस निर्णय का उद्देश्य अग्निपथ योजना के तहत अपना चार साल का कार्यकाल पूरा करने वाले अग्निवीरों को सेवा के बाद सार्थक अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण फैसला है। आरक्षण सभी श्रेणियों (सामान्य, एससी, एसटी और ओबीसी) पर लागू होगा। अगर कोई अग्निवीर एससी श्रेणी से संबंधित है, तो आरक्षण एससी के भीतर लागू होगा। वहीं, अगर ओबीसी है, तो ओबीसी के भीतर होगा। उन्होंने कहा कि आरक्षी पुलिस, आरक्षी पीएसी, घुड़सवार पुलिस और फायरमैन जैसी श्रेणियों के लिए आवेदन करने वाले अग्निवीरों को आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट भी दी जाएगी।

*2026 में आएगा पहला बैच, यूपी के युवाओं को सीधा लाभ*



उन्होंने बताया कि इस प्रणाली के तहत भर्ती का पहला बैच 2026 में आएगा। कई राज्यों और केंद्रीय बलों ने अग्निवीरों को आरक्षण देने की पहल की है। हरियाणा और ओडिशा जैसे राज्यों ने पूर्व अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण की पेशकश की है। वहीं, उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने अब 20 प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी दे दी है। सरकार का यह फैसला न केवल उनकी सेवा को मान्यता देता है बल्कि यह सुनिश्चित करता है कि वे अपने सैन्य कार्यकाल के बाद भी राष्ट्र के सुरक्षा ढांचे में योगदान देना जारी रख सकें।

भारत सरकार द्वारा शुरू की गई अग्निपथ योजना के तहत पहले बैच के अग्निवीर वर्ष 2026 में सेवामुक्त होकर लौटेंगे। इसके बाद वे सीधे उत्तर प्रदेश पुलिस की इन चार श्रेणियों में भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेंगे। जहां केंद्र सरकार और कई राज्यों ने केवल 10त्न आरक्षण की व्यवस्था की है, वहीं उत्तर प्रदेश ने 20त्न क्षैतिज आरक्षण देकर उदाहरण पेश किया है।

अग्निपथ योजना, जिसे केंद्र सरकार ने 2022 में शुरू किया था, भारतीय सेना, वायु सेना और नौसेना में युवाओं को चार साल की सेवा के लिए 'अग्निवीर' के रूप में भर्ती करने की प्रक्रिया है। इस दौरान छह महीने का प्रशिक्षण दिया जाता है और सेवा पूरी होने पर प्रदर्शन के आधार पर 25त्न अग्निवीरों को स्थायी सेवा में रखा जाता है। बाकी 75त्न युवाओं को अन्य सेवाओं में अवसर तलाशने का रास्ता मिलता है।

योजना की शुरुआत के समय ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वादा किया था कि चार साल की सेवा के बाद लौटने वाले अग्निवीरों को उत्तर प्रदेश पुलिस और क्चस्न में प्राथमिकता दी जाएगी। अब इस वादे को 20त्न आरक्षण की नीति लागू करके साकार कर दिया गया है। यह कदम न केवल पूर्व अग्निवीरों को एक स्थायी करियर की दिशा में प्रेरित करेगा, बल्कि सुरक्षा बलों को भी अनुभवी और प्रशिक्षित युवा मिलेंगे।

## एनडीएमसी ने जागरूकता के लिए रिसाइकिल मेला एक्शन किट, बुकलेट और पोस्टर लॉन्च किए

**नई दिल्ली।** विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की पूर्व संध्या पर नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) ने व्हाई वेस्ट वेडनसडे फाउंडेशन के साथ मिलकर रिसाइक्लिंग को आगे बढ़ाने जागरूकता से कार्रवाई तक थीम के तहत शुरूआत की। इस रिसाइकिल मेला श्रृंखला के तहत एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने एनडीएमसी के सचिव तारिक थॉमस और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में नई दिल्ली के कनॉट प्लेस में रिसाइकिल मेला कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए केशव चंद्रा ने कहा कि एनडीएमसी क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण में सबसे पहला चेहरा हमारे स्वच्छता सेवकों का है, जो इस क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने के लिए दिन-रात मेहनत से काम करते हैं। आजकल एनडीएमसी चार कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। जिसमें स्वच्छता, हरियाली, सड़कों और फुटपाथों का रखरखाव और अतिक्रमण मुक्त सार्वजनिक स्थान शामिल हैं। स्वास्थ्य, बागवानी, सिविल और प्रवर्तन विभाग की एक पूरी टीम बनाई गई है, जो रोजाना सुबह और शाम इन चारों कार्यों पर समन्वय से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी के इन विभागों की टीम पूरी लगन और उत्साह के साथ सक्रिय रूप से मैदान में उतरी हुई है जिसका रुझान और परिणाम नई दिल्ली क्षेत्र में देखे जा सकते है। एनएमडीसी की टीम का आह्वान करते हुए चंद्रा ने कहा कि हमें हर दिन पूरे जोश और समर्पण के साथ काम करना होगा, ताकि एनडीएमसी अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एक राजधानी की तरह स्वच्छता और हरियाली का एक सुंदर शहर बन सके।

## सिरफिरे आशिक ने युवती की चाकू घोंपकर हत्या की, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिले के महरौली इलाके में एक सिरफिरे आशिक ने 18 वर्षीय युवती की चाकू से घोंपकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपित ने युवती के शव को जलाने की भी कोशिश की, लेकिन कामयाब नहीं हो सका। हत्या के करीब 22 घंटे बाद पुलिस ने युवती का शव महरौली स्थित संजय वन से बरामद किया है। शव मिलने के बाद दो जिलों की पुलिस सीमा विवाद में उलझ गई। करीब दो घंटे तक चले सीमा विवाद के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने दखल दिया और दक्षिणी दिल्ली के महरौली थाने में हत्या और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 18 वर्षीय महक जैन परिवार के साथ जहांगीरपुरी इलाके में रहती थी। परिवार में माता-पिता के अलावा एक बड़ी बहन है, जो निजी कंपनी में नौकरी करती है और नोएड़ा में रहती है। पिता राकेश चांदनी चौक स्थित एक कपड़े की दुकान पर नौकरी करते हैं। परिवार मूलतः उत्तर प्रदेश के मथुरा का रहने वाला है। महक जैन दिल्ली विश्वविद्यालय के ओपन से प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। वह अपनी क्लास लेने के लिए विवेक विहार स्थित विवेकानंद कॉलेज जाती थी।

## चांदनी चौक इलाके में फायरिंग कर दिनदहाड़े ज्वेलरी दुकान से 35 लाख लूटे

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के चांदनी चौक इलाके में एक ज्वेलरी दुकान पर दिनदहाड़े बदमाशों ने फायरिंग की और ज्वेलरी दुकान से 35 लाख रुपये लूट कर फरार हो गए। दुकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। पुलिस बदमाशों को तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार चांदनी चौक के कटरा नील के सामने ज्वेलरी की दुकान है। दोपहर के समय दुकान पर अचानक फायरिंग होने लगी। इसी बीच कुछ बदमाश ज्वेलरी दुकान में घुस गए और डरा धमका कर शोरूम के कैशियर विक्की जैन से 35 लाख रुपये लूटकर साथियों के साथ फरार हो गए। लूट की वारदात के बाद दुकान मालिक ने आनन-फानन में पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल व पूछताछ की। पुलिस ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 14.30 बजे कटरा नील, चांदनी चौक में लूट के संबंध में एक पीसीआर कॉल थाना लाहौरी गेट में प्राप्त हुई। मौके पर मौजूद दुकान के कैशियर

## एमसीडी वार्ड कमेटी चुनाव में आम आदमी पार्टी का दबदबा, चार जोनों पर किया कब्जा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की वार्ड कमेटियों के चुनाव में आम आदमी पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच में से चार जोनों पर कब्जा बरकरार रखा है। पार्टी ने हुए चुनाव में सिटी एसपी, करोल बाग और वेस्ट जोन में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर जीत हासिल की, जबकि रोहिणी जोन में अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 15 पार्षदों के पार्टी छोड़ने और भाजपा के समर्थन से नया गुट बनाने के बावजूद आम आदमी पार्टी ने चार जोनों पर अपना दबदबा कायम रखा है। उन्होंने कहा, भाजपा का समर्थन मिलने के बाद भी नया गुट एक भी जोन में जीत नहीं सका। यह पार्टी की एकजुटता और जनता के विश्वास की जीत है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, सिटी एसपी जोन में आम आदमी पार्टी को भाजपा के दो पार्षदों का समर्थन भी मिला, जबकि खुद पार्टी



पार्षदों ने कोई क्रॉस वोटिंग नहीं की। सिटी एसपी जोन में स्थायी समिति सदस्य का चुनाव भी 'आप' ने जीत लिया। सिविक सेंटर में हुए इन चुनावों में आम आदमी पार्टी जिन जोनों में बहुमत था, वहां पूरी रणनीति और ताकत के साथ चुनाव लड़ा। परिणामस्वरूप, पार्टी को जीत भी हासिल हुई।आप उम्मीदवारों में सिटी एसपी जोन में अध्यक्ष पद पर विकास टांक, उपाध्यक्ष पर पूजा और स्थायी समिति सदस्य के रूप में राफिया माहिर विजयी रहे। करोल बाग जोन में अध्यक्ष पद पर पुनीत राय और उपाध्यक्ष पर कविता चौहान का कब्जा रहा। वेस्ट जोन में अध्यक्ष पद पर निर्मला कुमारी और उपाध्यक्ष पर साहिल गंगवाल विजयी हुए। रोहिणी जोन में अध्यक्ष पद पर अमृत जैन को जीत मिली। एमसीडी में आम आदमी पार्टी के नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने सभी विजयी उम्मीदवारों को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत पार्टी के सभी निगम पार्षदों की मेहनत और एकजुटता का परिणाम है। उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी दिल्ली विधानसभा की तरह एमसीडी में भी एक मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएगी और जनता की आवाज को हर मंच पर उठाएगी।

## मेरी विधानसभा में डीडीए लोगों के आशियाना उजाड़ना चाहता है : अमानतुल्लाह खान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** । दिल्ली के ओखला विधानसभा के अंतर्गत बाटला हाउस, जामिया में डीडीए की ओर से बुलडोजर कार्रवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने डीडीए की कार्रवाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट की ओर से कहा गया है कि इस मामले में फिलहाल कोई आदेश जारी नहीं करेंगे। जुलाई माह में इस मामले को लेकर सुनवाई हो सकती है।

इस मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान ने कहा कि आशियाना बनाने में जमाने लग जाते हैं और डीडीए उसे उजाड़ने के लिए सामने आ जाता है। आज हमें सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है कि जुलाई के पहले सप्ताह में जब भी कोर्ट खुलेगा, इस मामले की सुनवाई नियमित बेंच द्वारा की जाएगी, तब तक, जिन लोगों पर विध्वंस का खतरा मंडरा रहा है, उन्हें पीएम-उदय या किसी भी लागू योजना के तहत राहत लेने और तदनुसार अपने व्यक्तिगत आवेदन



प्रस्तुत करने की सलाह दी गई है। अधिवक्ता अदील अहमद ने बताया कि यहां मुख्य मुद्दा यह है कि खसरा नंबर 279 के तहत जिन लोगों को नोटिस मिले हैं, उन्हें जवाब देने के लिए 15 दिन का नोटिस दिया जाना चाहिए था, लेकिन इसके बजाय, नोटिस में सीधे उनसे जमीन खाली करने को कहा गया। हमने इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले की सुनवाई चल रही नियमित सुनवाई के हिस्से के रूप में की जाएगी।

बाटला हाउस में यूपी सिंचाई विभाग की जमीनों पर कई अवैध दुकानों को नोटिस भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार, डीडीए की ओर से 26 मई को नोटिस जारी हुआ था। नोटिस में लोगों को जगह खाली करने के लिए निर्देश दिए गए थे। लेकिन, नोटिस के जवाब में लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया।

लोगों का कहना है कि एक झटके में निकालने की साजिश रची जा रही है। जबकि, नोटिस में कम से कम 15 दिन का समय देना चाहिए था।


### NAME CHANGE
I hitherto known as SATANDER KUMAR SARAWAT alias SATENDER KUMAR S/O RATTAN SINGH R/O QUARTER NO-03, (FF) TYPE-II, R K PURAM SECTOR-12, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110022, have changed my name and shall hereafter be known as SATENDER KUMAR.

### NAME CHANGE
I, SHRI RAM S/o JANAK RAJ MONGA, R/o BE-258, 2, Near Shanti Dham Dharmshala, Hari Nagar, South West Delhi, Delhi-110064, have changed my name from SHRI RAM to RAM MONGA, for all future purposes.

### NAME CHANGE
I, ARCHANA is legally spouse of No. 14648433H Rank- HAV Name MANOJ KUMAR YADAV R/O VILL-BIRANA, PO-AMARA, TEH-SAKALDIHA, DIST-CHANDAULI, STATE-UTTAR PRADESH-232105 have changed my name from ARCHANA to ARCHANA YADAV for all future purposes. Vide Affidavit Dated 03/06/2025, before Sub Divisional Magistrate, New Delhi.

### NAME CHANGE
It is for general information that I SHANKAR LAL S/o KASHI RAM R/o A-192, J J Colony, Sector-24, Rohini, Rohini, Sector-7, North West Delhi, Delhi-110085 declare that names of mine, my minor son and my wife have been wrongly written as SHANKAR AHIRWAR, LALIT KUMAR AHIRWAR and SONA BAI AHIRWAR in my minor son namely LALIT KUMAR aged 17 years in his 10th class educational documents. The actual name of mine, my minor son and my wife are SHANKAR LAL, LALIT KUMAR and SONA DEVI respectively.

### NAME CHANGE
It is for general information that I, ARUN KUMAR SINGH S/o SAHADEO SINGH, R/o B-14, First Floor, Molarband Village, Badarpur, South Delhi, Delhi-110044, declare that name of my minor daughter has been wrongly written as SAANVI SINGH in my minor daughter namely SAANVI SINGH PATEL aged 12 years in her School Records. The actual name of my minor daughter is SAANVI SINGH PATEL.

### NAME CHANGE
I, Usha N C w/o Shashi Kumar R/O J-79/F2, Dilshad Colony, East Delhi-110095, have change my name to Thankamma Chandran permanently

### NAME CHANGE
I, Nikita Agrawal D/O Krishna Kumar Gupta W/O Rachit Agrawal R/O BPTP Spacio Apartment Tower Q Flat NO 906 Sector 37D Gurgaon Haryana 122006 have changed my name to Nitika Gupta for all future purposes.

### NAME CHANGE
I, RITU KUMARI W/O RAJESH KUMAR R/O DHIGAWA JATTAN, BHIWANI, HARYANA-127201 HAVE CHANGED MY NAME TO RITU FOR ALL FUTURE PURPOSE

### NAME CHANGE
I, SONU KUMAR JHA S/O BALESHWAR JHA R/o HOUSE NO-6, GALI NO-2/3, BHOOP SINGH NAGAR, BADSHAHPUR, GURGAON-122102, HARYANA HAVE CHANGED MY NAME TO SONU KUMAR FOR ALL FUTURE PURPOSE

### PUBLIC NOTICE
I, HARENDRA PRATAP S/O VIJAY SINGH R/O House no-333, Vaishyangali Kheragarh, Kheragarh Agra Uttar Pradesh, - 283121 have changed the name of my minor son VINAYAK alias KUMUD TOMAR aged 10 years and she shall hereafter be known as KUMUD TOMAR

### NAME CHANGE
I Dhurvesh Mishra S/o Devendra Shankar Mishra R/o House No-D 498, Street No-12, Bhajan Pura, North East, Delhi-110053 have changed the name of my minor son Nitish aged 12 years and he shall hereafter be known as Shivansh Mishra.

### NAME CHANGE
I hitherto known as Srishti Arora D/o Chander Sain Arora W/o Rishabh Jain R/o House No- D-4/5, Rana Pratap Bagh, Malka Ganj, North Delhi, Delhi - 110007, have changed my name and shall hereafter be known as Srishti Jain.

### NAME CHANGE
It is for general information that I AMARDEEP SINGH S/o JAGDISH SINGH R/o 1/6649-A, East Rohtash Nagar, Bank Of Baroda, Shahdara, Rohtash Nagar, North East Delhi, Delhi-110032 declare that name of my minor son has wrongly written as JASKARAN SINGH PUNNI in my minor son namely JASKARAN SINGH aged 17 years in his 10th and 12th class educational documents. The actual name of my minor son is JASKARAN SINGH which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE
It is for general information that I, Reetika Singharia D/o Nand Lal R/o 11/10 Amrit Kaur Puri, Tank Road, Karol Bagh, Karol Bagh S.O, PO, DIST:Central Delhi, Delhi-110005 declare that name of mine has been wrongly written as Reetika in my SC Caste Certificate No-90510000519956. The actual name of mine is Reetika Singharia.

### NAME CHANGE
I hitherto known as AKHAND PRATAP SINGH S/o VINOD KUMAR, Residing at 181, VTC: Ghodi Bachheda, PO: GHORI, Dadri, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh - 201310 have changed my name and shall hereafter be known as SANDEEP RAWAL.

### PUBLIC NOTICE
BE IT KNOW TO ALL CONCERNED THAT MY CLIENT MRS. ANU BISHT W/O LATE SH. BHAWAN SINGH R/O B-50/B, JANTA FLATS, TAGORE GARDEN, WEST DELHI, DELHI-110027 HEREBY DECLARE THAT SHE HAVE EXPELLED, DISOWNED AND DIS-INHERITED HER SON I.E. RAJENDER SYUNARY DUE TO MISBEHAVIOUR OF HER ABOVE MENTIONED SON FROM HER ALL MOVABLE, IMMOVABLE PROPERTIES WHATSOEVER/ WHEREEVER SITUATED & BANK DEPOSITS ETC. SHE HAVE ALSO RELEASED ALL HER RELATIONS WITH HER ABOVE MENTIONED SON FOR ALL INTENTS AND PURPOSES, AND MY CLIENT HEREBY DECLARE THAT SHE SHALL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY OF ACTS AND OMISSIONS OF HER ABOVE MENTIONED SON HERETO, ANYBODY DEALING WITH HER ABOVE MENTIONED SON, SHALL DO SO AT HIS/HER/ THEIR OWN PERIL.
**GULSHAN CHANANA ADVOCATE**
Shop No-1, Flat No-773, Four Storey, Opp. P.S. Rajouri Garden, New Delhi-110027

### NAME CHANGE
I, No-15724417X Rank-L/HAV Name-PARMAR SHAILESHKUMAR MANSUKHBHAI S/o MANSUKH BHAI PARMAR Presently residing at VILL-KANKAVATI, PO-DHRANGADHRA, TEH-DHRANGADHRA, DIST-SURENDRANAGAR, GUJARAT-363310, have changed my name from PARMAR SHAILESHKUMAR MANSUKHBHAI to SHAILESHBHAI MANSUKHBHAI KANZARIYA for all future purposes vide Affidavit dated 03/06/2025 before Notary Public, Delhi.

### PUBLIC NOTICE
My clients ROSHAN JAHAN W/o Lt. Mujibul Haque, R/o 8A/9B, Gandhi Park, Hauz Rani, Malviya Nagar, New Delhi-110017 Have severed all relations and disowned her son Mohd. Moin Raza from their all movable-immovable property due to disobedience. My clients shall not be responsible for his any civil and criminal liabilities.
**VINAY BHUSHAN Advocate**
CHAMBER NO 606 LAWYERS, BLOCK, SAKET COURT NEW DELHI-110017,

### NAME CHANGE
I, SAURABH MODI S/O SURESH MODI Permanent Resident B-47, KALIASH MARG, SUBASH NAGAR, JAIPUR, SHASTRI NAGAR, RAJASTHAN-302016, Presently Residing at A-301, 3rd FLOOR, BLOCK-A, RANJIT VIHAR-2, DWARKA SECTOR-23, NEW DELHI-110075 have changed the name of my minor daughter SARA aged 14 years and she shall hereafter be known as SARA MODI.

### NAME CHANGE
I, NITA RAJENDRA MAGARE Wife of No. 2614674M Rank-HAV (CC) Name-SHINDE VIJAY NARAYAN Presently residing at VPO-TAMBAVE, TEH-KARAD, DIST-SATARA, MAHARASHTRA-415119, have changed my name from NITA RAJENDRA MAGARE to NITA VIJAY SHINDE for all future purposes vide Affidavit dated 03/06/2025 before Notary Public, Delhi.

### NAME CHANGE
I AMIT PRAKASH S/O CHHIDDU SINGH R/O E-70, GREATER NOIDA GAMMA-1, RAMPUR JAGIR GAUTAM BUDDHA NAGAR, UTTAR PRADESH-201306, have changed the name of my minor son ABHINANDAN MATHUR aged 9 years and he shall hereafter be known as ARNAV MATHUR.

### NAME CHANGE
I, Jitender Pal Badpaga S/O Desraj Bagga R/O B-58, Second Floor, Back Side, Near Kali Mata Mandir, Mansa Ram Park, Uttam Nagar, PO: D.K. Mohan Garden, DIST: West Delhi, Delhi -110059, have changed my name and shall hereafter be known as Jitender Pal Bagga

### उत्तर रेलवे
**ई–निविदा सूचना**

निविदा संख्याः 11-क.वि.-नई दिल्ली-2025-26 दिनांक : 02.06.2025

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली डिवीजन में संपर्क तार का प्रतिस्थापन। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 11,40,24,093.36/- |
| 3 | बयाना राशि | रु. 7,20,100/- |
| 4 | प्री–बिड कॉन्फ्रेंस की तारीख और समय | 10.06.2025 (11:30 बजे) |
| 5 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 12.06.2025 (10:30 बजे) से 26.06.2025 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 26.06.2025 (15:00 बजे) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

1640/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **समीर** पुत्र ताहिर निवासी मकान नं. आर.सी.–517, प्रथम तल, गली नं. 01, नवनीत विहार, खोड़ा कॉलोनी, गाजियाबाद (उ.प्र.), नूरानी मज्जिद के पास, संडे मार्केट ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 601/2024 धारा 310(2)/311/ 351(3)/61(2)/3(5) बी.एन.एस., के अन्तर्गत थाना कृष्णा नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **समीर** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **समीर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 BNSS की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 601/2024 धारा 310(2)/311/351(3)/61(2)/3(5) बी.एन.एस., के अन्तर्गत थाना कृष्णा नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **समीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **15.07.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः श्री पी. भार्गव राव,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05, (पूर्व),**
**कोर्ट संख्या 03,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/7030/SHD/2025

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **किशन**, **पुत्रः** श्री खजान सिंह, **पताः** साई एन्क्लेव, बेहटा हाज़ीपुर, लोनी, गाज़ियाबाद, उ.प्र. ने मुकदमा **FIR No. 165/2018 U/s 420 IPC, थानाः ज्योति नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **किशन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **किशन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 165/2018 U/s 420 IPC, थानाः ज्योति नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **किशन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री राहुल सैनी**
**न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–08**
**कमरा नं. जी–6, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/6874/NE/2025
(Court Matter)

### सार्वजनिक सूचना
यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री अमित दीवान, पुत्र श्री के.एस. दीवान, एक आवासीय फ्लैट के विधिक स्वामी हैं, जिसका विवरण निम्नलिखित हैः निर्मित फ्लैट संख्या G–3, ग्राउंड फ्लोर (रूफ राइट्स के बिना), क्षेत्रफल 750 वर्ग फुट, जो प्लॉट संख्या 828 पर निर्मित है, स्थित है शालीमार गार्डन एक्सटेंशन–I, ग्राम पसोंडा, साहिबाबाद, परगना लोनी, तहसील एवं जिला गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश। उक्त संपत्ति श्री अमित दीवान ने श्री विपिन कुमार जैन, पुत्र श्री सुमत प्रसाद जैन से दो रजिस्टर्ड बिक्री विलेखों के माध्यम से दिनांक 30.08.2024 को खरीदी थी, जिनका पंजीकरण संख्या 11097 है। संपत्ति के स्वामित्व की श्रृंखला में मूल बिक्री विलेख दिनांक 27.02.2004 को दर्ज है, जिसका पंजीकरण संख्या 1624, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 2291, पृष्ठ संख्या 479ङ्क488 है, जो उप–पंजीयक, गाज़ियाबाद कार्यालय में दर्ज है। कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त दस्तावेज़ खो चुके हैं। इन दस्तावेज़ों की गुमशुदगी के संबंध में दिनांक 02.06.2025 को थाना शालीमार गार्डन में एफआईआर दर्ज कराई गई है। श्री अमित दीवान उक्त संपत्ति के पूर्ण एवं वैध स्वामी हैं, जो किसी भी प्रकार के विवाद, ऋण, भार, बंधक अथवा दावे से मुक्त है। कृपया यह भी ध्यान दें कि यह संपत्ति वर्तमान में कैन फिन होम्स लिमिटेड, शाखाः नेहरू प्लेस, नई दिल्ली के पास गिरवी रखी गई है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई–मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।
**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

### PUBLIC NOTICE
BE IT KNOW TO ALL CONCERNED THAT MY CLIENT MRS. SANYOGITA DEVI W/O LATE SH. RAMESH KUMAR R/O A-9D, BLOCK-A, NEW FOUR STOREY, NEAR HOLY CHILD SCHOOL, TAGORE GARDEN, WEST DELHI, DELHI-110027 HEREBY DECLARE THAT SHE HAVE EXPELLED, DISOWNED AND DIS-INHERITED HER DAUGHTER L.E. SUMAN SHARMA W/O MR. DEEPAK KUMAR SHARMA & HER SON-IN-LAW LE. DEEPAK KUMAR SHARMA & HER GRANDSONS LE. (1) MADHAV SHARMA & (2) CHIRAG SHARMA BOTH S/O SUMAN SHARMA AND DEEPAK KUMAR SHARMA DUE TO MISBEHAVIOUR OF HER ABOVE MENTIONED DAUGHTER, SON-IN-LAW & GRANDSONS FROM HER ALL MOVABLE, IMMOVABLE PROPERTIES WHATSOEVER/WHEREEVER SITUATED & BANK DEPOSITS ETC. SHE HAVE ALSO RELEASED ALL HER RELATIONS WITH HER ABOVE MENTIONED DAUGHTER, SON-IN-LAW & GRANDSONS FOR ALL INTENTS AND PURPOSES, AND MY CLIENT HEREBY DECLARE THAT SHE SHALL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY OF ACTS AND OMISSIONS OF HER ABOVE MENTIONED DAUGHTER, SON-IN-LAW & GRANDSONS FROM HERETO. ANYBODY DEALING WITH HER ABOVE MENTIONED DAUGHTER, SON-IN-LAW & GRANDSONS, SHALL DO SO AT HIS/HER/ THEIR OWN PERIL
**GULSHAN CHANANA ADVOCATE**
Shop No-1, Flat No-773, Four Storey, Opp. P.S. Rajouri Garden, New Delhi-110027

### PUBLIC NOTICE
GENERAL PUBLIC IS HEREBY INFORMED, MY CLIENT MRS. POONAM DEVI W/O MR. CHANDERKANT R/O 269, BLOCK-G, JJ COLONY, SAWDA, SAODA, NORTH WEST DELHI-110081 IS SOLE AND LEGAL OWNER OF RESIDENTIAL PLOT NO. 132, AREA MEASURING 50 SQ. YARDS., I.E., 41.80 SQ. METERS., PART OF KHASRA NO. 670, SITUATED AT RESIDENTIAL COLONY SHIV VIHAR-II, IN THE VILLAGE PAVISADAKPUR PARGANA AND TEHSIL LONI DISTRICT GHAZIABAD, U.P BASIS THE SALE DEED DATED 25.08.2021 EXECUTED BY 1). MR. RAJ KISHOR VERMA S/O LATE MR. RAM NARAYAN 2) MRS. SHAKUNTALA DEVI W/O LATE MR. PRADEEP 3) MR. KAMAL KUMAR S/O LATE MR. PRADEEP IN FAVOUR OF MRS. POONAM DEVI W/O MR. CHANDRAKANT IN RESPECT OF THE SAID PROPERTY, I.E., RESIDENTIAL PLOT NO. 132, AREA MEASURING 50 SQ. YARDS., I.E., 41.80 SQ. METERS., PART OF KHASRA NO. 670., VIDE DULY REGD. AS DOC. NO. 10386, IN BOOK NO. 1, VOL. NO. 2794, ON PAGES 59-88 ON DT. 25.08.2021 IN THE OFFICE OF SRO-LONI GHAZIABAD SAID PROPERTY COMES UNDER INHERITENCE IN FAVOUR OF 1). MR. RAJ KISHOR VERMA S/O LATE MR. RAM NARAYAN 2) MRS. SHAKUNTALA DEVI W/O LATE MR. PRADEEP 3) MR. KAMAL KUMAR S/O LATE MR. PRADEEP AFTER THE DEATH OF MRS. LEELAWATI WHO DIED ON 13.09.2011 AND HER HUSBAND NAMELY RAM NARAYAN HAD ALREADY DIED IN THE YEAR OF 2009 AND HER ONE OF SON NAMELY MR. PRADEEP HAD ALSO DIED AND DEATH CERTIFICATE OF LT. MRS. LEELAWATI WIFE OF MR. RAM NARAYAN WHO DIED ON 13.09.2011 ISSUED BY CONCERNED AUTHORITY, DEATH CERTIFICATE OF LT. MR. RAM NARAYAN ISSUED BY CONCERNED AUTHORITY, LEGAL HEIRS CERTIFICATE OF LT. MRS. LEELAWATI ISSUED BY CONCERNED SDM SHOWING FOLLOWING LEGAL HEIRS NAMELY MR. RAJ KISHOR VERMA (HIS SON), DEATH CERTIFICATE OF LT. MR. PRADEEP SON OF LT. MR. RAM NARAYAN ISSUED BY CONCERNED AUTHORITY & LEGAL HEIRS CERTIFICATE OF LT. MR. PRADEEP ISSUED BY CONCERNED SDM SHOWING FOLLOWING LEGAL HEIRS NAMELY MRS. SHAKUNTALA DEVI (HIS WIFE) AND MR. KAMAL KUMAR (HIS SON) ARE NOT AVAILABLE. NOW THE SAID OWNER IS GOING TO MORTGAGE THE SAID PROPERTY WITH PNB HOME FINANCE LIMITED AS SECURITY AGAINST LOAN. PLEASE CONTACT WITH WRITTEN OBJECTION LETTER AND RELEVANT DOCUMENTS TO UNDERSIGNED IF ANYONE HAS AN OBJECTION IN RESPECT OF SAID PROPERTY/DOCUMENTS WITHIN 10 DAYS OF THIS PUBLICATION.
**ADITYA VERMA, ADVOCATE**
E-16, 1ST & 2ND FLOOR, E-BLOCK, MANSAROVAR PARK, SHAHDARA, DELHI-110032.
MOBILE NO. 9999042521 / 9958996685.

### NAME CHANGE
I, JC-388498K Rank-SUB Name-NISHANT HINDWAN residing at VILL-SINOLA, PO-SINOLA, DISTT-DEHRADUN, UTTARAKHAND-248003, have changed my father's name from D K SHARMA to DHIRENDRA KUMAR for all future purposes and in my service records my father's date of birth wrongly mentioned as 01/07/1955 instead of his correct date of birth as 28/06/1948 vide Affidavit dated 03/06/2025 before Notary Public, Delhi.

### NAME CHANGE
I, RITU TIWARI Wife of JC-388498K, Rank-SUB Name-NISHANT HINDWAN residing at VILL-SINOLA, PO-SINOLA, DISTT-DEHRADUN, UTTARAKHAND-248003, have changed my name from RITU TIWARI to RITU HINDWAN for all future purposes vide Affidavit dated 03/06/2025 before Notary Public, Delhi.

### NAME CHANGE
I, MOHDMMAD IDRISH S/O ISMAIL, R/O BEHAT ROAD, RERHI MOHIUDDINPUR, TAJPURA, SAHARANPUR, UTTAR PRADESH-247120 have changed my name to MOHDMMAD IDRIS for all future purpose.

### NAME CHANGE
I, No. 15332698A Rank-HAV Name-LANDGE PRASHANT HANAMANT residing at VPO-LHASURNE, TALUK-KOREGAON, DISTT-SATARA, MAHARASHTRA-415501, have changed my father's name from HANAMANT to HANMANT RAGHUNATH LANDGE for all future purposes and in my service records my father's date of birth wrongly mentioned as 01/07/1956 instead of his correct date of birth as 01/06/1956 vide Affidavit dated 03/06/2025 before Notary Public, Delhi.

### NAME CHANGE
I hitherto known as MANBHARI W/O BHOOP SINGH R/O H NO-125-126, NANGAL THAKRAN, DELHI-110039 have changed my name and shall hereafter be known as MANU BHAI.

### NAME CHANGE
I, ABDUL HAMEED S/O ABDUL AZIZ R/O NEAR MASJID VILLAGE, RAIPUR, MEWAT, HARYANA-122508 have changed my name to ABDUL HAMID for all future purpose

### NAME CHANGE
I,Shehnaz w/o Shakeel Ahmed R/O H.No. J-17/8, Street No.-13-A, Vijay Mohalla, Mouj Pur, Delhi-110053, have change my name to Shahnaz permanently

### NAME CHANGE
I hitherto known as Bably Bahukhandi alias Deveshwari alias Deveshwri Devi W/O Sushil Chandra Bahukhandi, R/O FLAT NO 7,POCKET-9., NAS IR PUR, South West Delhi , Delhi-110045, have changed my name and shall hereafter be known as DEVESHWARI.

### NAME CHANGE
I hitherto known as KM SAVITRI GAUTAM alias SONIYA GAUTAM D/O RAM SINGH W/O DHARMENDER GAUTAM R/O A-397, GALI NO-1, AMBEDKAR BASTI GARHI MENDU, PO: BHAJAN PURA DISTRICT NORTH EAST DELHI, DELHI-110053, have changed my name and shall hereafter be known as SONIYA GAUTAM.

### NAME CHANGE
I, ANJALI W/O AJAY SINGH PANWAR R/O 146, Chobla, Nek, Meerut Uttar Pradesh - 250501 have changed the name of my minor daughter PURVANSHI alias ANSHIKA PANWAR aged 12 years and she shall hereafter be known as ANSHIKA PANWAR

# हरियाणा में 99 हजार लोगों का किया निश्शुल्क डायलिसिस

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य के 22 जिलों में संचालित हीमोडायलिसिस सेवाओं के तहत 18 अक्टबर, 2024 से 30 अप्रैल, 2025 तक कुल 99,309 निःशुल्क डायलिसिस सत्र सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं। जारी जानकारी में उन्होंने बताया कि अब डायलिसिस की सेवा हरियाणा के सभी नागरिकों को पूरी तरह से निःशुल्क प्रदान की जा रही है। वर्तमान में यह सुविधा राज्य के 20 जिला नागरिक अस्पतालों तथा दो मेडिकल कॉलेजों करनाल व नूंह में उपलब्ध है। इसके अलावा, आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीकृत अस्पतालों में भी पात्र लाभार्थियों को यह सेवा निःशुल्क प्रदान की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी नागरिक आर्थिक कारणों से आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि इन सेवाओं के बेहतर प्रबंधन के लिए अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनें, प्रशिक्षित तकनीशियन और अनुभवी चिकित्सा कर्मियों की तैनाती की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड, टेलीमेडिसिन और स्वास्थ्य शिविर जैसी सुविधाओं पर भी तेजी से काम कर रही है।

# पहले परीक्षा दे चुके अभ्यर्थियों को देना होगा ब्यौरा

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित की जा रही सीईटी की परीक्षा को लेकर आवेदन करने वाले युवा आए दिन नई-नई गलतियां कर रहे हैं। कर्मचारी चयन आयोग द्वारा स्थापित किए गए हेल्प डेस्क के सामने आ रही इन खामियों को दूर किया जा रहा है। हरियाणा में इससे पहले वर्ष 2022 में सीईटी का आयोजन किया गया था। बहुत से युवा ऐसे हैं जिन्होंने उस समय पंजीकरण करवाया था। सरकार द्वारा चलाई गई योजना के तहत प्रदेश में इस तरह की परीक्षाओं के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन ही मान्य है। इसके बावजूद बहुत से युवा गलतियां कर रहे हैं। आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने जारी जानकारी में बताया कि आयोग के संज्ञान में आया है कि सीईटी 2022 के कुछ अभ्यर्थी सीईटी 2025 के लिए नए रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। वे सभी अभ्यर्थी जिन्होंने वर्ष 2022 के सीईटी परीक्षा में भाग लिया था, वे सभी अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन करते समय 2022 सीईटी डिटेल पूछे जाने पर अवश्य भरें। पुरानी परीक्षा के संबंध में ब्यौरा नहीं देने वाले अभ्यर्थियों के रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिए जाएंगे।

# केन्द्र व प्रदेश सरकार की नीतियों से हर वर्ग खुश, राजनीति में कार्यकर्ता सबसे अहमः कुलदीप बिश्नोई

**रोहतक।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं हिसार के पूर्व लोकसभा सांसद कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ने अनेक जनहित में योजनाएं लागू की है और आज हर वर्ग सरकार से पूरी तरह से खुश है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विश्व गुरू बनने की और अग्रसर है। भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई गढ़ी सांपला किलोई हल्के के गांव चमारियां में संदीप हुड्डा के आवास पर पहुंचे और पुराने कार्यकर्ताओं का कुशलक्षेम जाना। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों की भी समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्त्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते है और राजनीति में असल नई ऊर्जा का मुख्य स्त्रोत भी कार्यकर्ता ही होते है। उन्होंने कहा कि रोहतक जिले के साथ उनका पुराना लगाव है और वह हमेशा कार्यकर्त्ताओं के साथ है। साथ ही कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौधरी भजनलाल ने हरियाणा को विकास की नई ऊचांईयों पर ले जाने का काम किया है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। आज भी प्रदेश की जनता चौधरी भजनालाल द्वारा किए गए विकास कार्यो को याद करती है, जोकि अपने आप में एक मिशाल है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्त्ताओं द्वारा कुलदीप बिश्नोई का जोरदार स्वागत भी किया गया।

# रेवाड़ी में झुग्गियों पर चला पीला पंजा

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी के सेक्टर तीन में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकारण (एचएसवीपी) की टीम ने अवैध कब्जों को लेकर बुलडोजर चलाया। बुलडोजर ने वहां पर बनाई गई अवैध झुग्गियों को तोड़कर हटा दिया। जिस कारण वहां रहने वाले लोगों में भगदड़ मच गई। झुग्गी वालों का आरोप है कि उन्हें सामान हटाने के लिए उचित समय नहीं दिया गया। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकारण (एचएसवीपी) की टीम जैसे ही सैक्टर तीन स्थित झुग्गियों को तोड़ने पहुंची वहां पर रहने वाले लोगों में भगदड़ मच गई। लोगों ने भाग-भाग कर अपना सामान निकाला। कुछ ही समय बाद सामान को हटाते हुए जमीन को खाली करवा दिया गया। झुग्गी में रहने वाली महिला ने बताया कि केवल एक दिन के नोटिस पर अफसरों ने सामान तोड़ दिया। उन्होंने दो-तीन दिन का समय उनसे मांगा था लेकिन टीम अचानक से पहुंच गई और सारा घरेलू सामान तोड़ दिया। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकारण (एचएसवीपी) के एसडीओ ने बताया कि झुग्गी वालों को अवैध कब्जा हटाने को लेकर कई बार समझाया जा चुका है लेकिन वे नहीं माने तो मजबूरन कार्रवाई करनी पड़ी है।



# मुख्यमंत्री सैनी की अध्यक्षता में एचपीपीसी की बैठक

## 1640 करोड़ से अधिक के कॉन्ट्रैक्ट और खरीद को मिली मंजूर

- शिक्षा और विकास के कई बड़े प्रोजेक्टों को मिली मंजूरी
- शहरों में सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं का विकास

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज आयोजित उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी), विभागीय उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (डीएचपीपीसी) और हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में लगभग 1640 करोड़ रुपये से अधिक के कॉन्ट्रैक्ट और विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई। विभिन्न बोलीदाताओं से बातचीत के बाद लगभग 61 करोड़ रुपये की बचत भी की गई। बैठक में कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, राव नरबीर सिंह, डॉ. अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, श्रुति चौधरी, राज्य मंत्री राजेश नागर समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। सरकार ने गांवों में स्वच्छता व्यवस्था को




मजबूत करने के लिए महाग्रामों तथा 7500 से अधिक जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों को 298 हॉपर टिपर डंपर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है, जिसकी लागत लगभग 19 करोड़ रुपये है। पंचायतें इससे कचरा प्रबंधन बेहतर तरीके से कर सकेंगी। ग्रामीण युवाओं के लिए पुस्तकों की खरीद को भी मंजूरी दी गई है, जिसमें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए टॉप प्रकाशकों की किताबें शामिल हैं। साथ ही, ई-लाइब्रेरी के लिए कंप्यूटर, वाईफाई, सीसीटीवी और ग्राम सचिवों के लिए 4500 लैपटॉप भी खरीदे जाएंगे, जिन पर लगभग 31.50 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मंडी डबवाली में लगभग 11 करोड़ की लागत से नया राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनाया जाएगा। क्लस्टर स्कूलों के लिए 1415 कंप्यूटर खरीदने को 6.79 करोड़ रुपये की मंजूरी मिली है। गुरुग्राम में जिला परिषद विकास भवन के निर्माण के लिए भी लगभग 61 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए। दादरी-बौंद, दादरी-चिड़या और असंध सिरसल सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए 78 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने गुणवत्ता और समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। अंबाला कैंट के सिविल अस्पताल का निर्माण कार्य भी जारी रहेगा। मृदा जांच प्रयोगशालाओं के लिए 8 करोड़ रुपए की जांच किट और शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज के लिए 12 करोड़ रुपए की विशेष मरम्मत भी मंजूर हुई। गुरुग्राम और फरीदाबाद में सीसीटीवी आधारित सार्वजनिक सुरक्षा और यातायात प्रबंधन प्रणाली के चरण-2 को 110 करोड़ रुपये की लागत से लागू किया जाएगा। इसके तहत 2700 कैमरे लगाए जाएंगे। गुरुग्राम में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और सबस्टेशन के निर्माण को भी मंजूरी मिली है। पलवल, रेवाड़ी सहित कई जगहों पर जलापूर्ति, सीवरेज, सड़क निर्माण और वर्षा जल निकासी कार्य भी स्वीकृत किए गए हैं।

# गुरुग्राम विधानसभा की समस्याओं पर विधायक व निगम आयुक्त ने की बैठक



एजेंसी

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र में सीवरेज, ड्रेनेज, सड़कों की स्थिति, सफाई, सौंदर्यकरण और जलभराव जैसी जन-सरोकार से जुड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर निगम कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा और नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त प्रदीप दहिया मौजूद रहे। इस बैठक का उद्देश्य शहर की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ और नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा। बैठक में विधायक ने वार्ड अनुसार समस्याएं रखीं, जिनके त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को मौके पर ही निगमायुक्त द्वारा दिशा-निर्देश दिए गए। इनमें मुख्य रूप से द्वारका एक्सप्रेस-वे क्षेत्र के आसपास बसी रिहायशी सोसायटियों द्वारा एमसीजी की सीवर लाईन में अवैध कनेक्शन जोड़ने के मामले पर कार्रवाई करने, दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में अलग सीवरेज लाइन बिछाने की योजना पर काम करने, ड्रेनेज व सीवरेज कार्यों के दौरान सड़कों की मरम्मत की जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की तय करने, गुरुग्राम की सभी प्रवेश सडक़ों को दुरुस्त करने और सुंदर प्रवेश द्वार बनाने की दिशा में काम करने, चौक-चौराहों का सौंदर्यकरण, सीआरपीएफ चौक से कामधेनु गौशाला तक नई सडक़ के निर्माण, ताकि शीतला माता रोड़ व पालम विहार रोड पर यातायात जाम की समस्या का समाधान करने के लिए कदम उठाने पर जोर दिया गया।

# राज्यपाल ने तेलंगाना स्थापना दिवस पर राज्य के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने तेलंगाना स्थापना दिवस के अवसर पर हैदराबाद में तेलंगाना विधानसभा के सामने गन पार्क स्थित अमरवीरुला स्तूपम (शहीद स्मारक) पर तेलंगाना के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने राज्य के लोगों को तेलंगाना स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल ने तेलंगाना विधानसभा के सामने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को याद किया। उन्होंने तेलंगाना के गठन के लिए संघर्ष करने वाले वीरों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि इन शहीदों की कुर्बानी ने राज्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने राष्ट्र को एकजुट करने में राष्ट्रीय नेताओं के योगदान की भी सराहना की। दत्तात्रेय ने अपने संदेश में कहा, तेलंगाना की प्रगति यहाँ के लोगों की मेहनत, लगन और दृढ़



संकल्प का परिणाम है। मैं उन सभी वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ जिन्होंने इस राज्य के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने ईश्वर से तेलंगाना के लोगों के लिए सुख, समृद्धि, खुशहाल जीवन और राज्य की दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की की कामना की।

# गन्नौर बनेगा विकास का मॉडल, जनता की सेवा प्राथमिकता

एजेंसी

**सोनीपत।** गन्नौर हलके के विधायक देवेंद्र कादियान जनसेवा और क्षेत्रीय विकास के लिए प्रतिबद्ध नजर आ रहे हैं। उन्होंने कैंप कार्यालय में जनता दरबार लगाकर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। यह संवाद और समाधान का सिलसिला पांच घंटे तक चला। विधायक के समक्ष जल संकट, मार्ग सुधार, बिजली आपूर्ति, प्रधानमंत्रीआवास योजना से जुड़ी परेशानियां तथा अन्य स्थानीय मुद्दे उठाए गए। विशेष रूप से गांव बेगा के नागरिकों ने बैलों की संख्या अधिक होने से हो रही समस्याओं को लेकर लिखित शिकायत सौंपी। कई शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जिससे लोगों में संतोष की भावना देखने को मिली। विधायक कादियान ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र में निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ विकास कार्य किए जाएंगे और जनता की हर समस्या को प्राथमिकता दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का निराकरण और सर्व समाज की



सेवा ही मेरी राजनीति की दिशा है। गन्नौर को विकास के मामले में प्रदेश का अग्रणी हलका बनाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु अनेक योजनाएं बनाई जा रही हैं, जिनका असर जल्द धरातल पर नजर आएगा। इस अवसर पर नेत्रपाल रापड़िया, जगबीर, मेहर सिंह, प्रदीप, भाना, बबलू पांची और संदीप पहल समेत अनेक स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# मोदी सरकार के 11 साल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं : मोहन लाल बड़ौली

- कांग्रेस का संगठन कैसा है सभी को मालूम है। कांग्रेस परिवारवादी पार्टी है, कांग्रेस के लिए देश नहीं, बल्कि परिवार पहले है।

एजेंसी

**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा मोदी सरकार के 11 साल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। 11 सालों में देश ने विकास की नई उंचाईयों को छूआ है। भाजपा ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की रूपरेखा तैयार कर ली है। बड़ौली ने कहा कि भाजपा अभियान चलाकर जन सेवा के कार्यो के साथ-साथ लोगों को मोदी सरकार के ऐतिहासिक निर्णयों से भी अवगत कराएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए ये बातें कही।



उन्होंने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया और राहुल गांधी की सभी यात्राओं को फेल बताया।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि चार और पांच जून को हरियाणा की पांच-पांच लोकसभाओं में प्रशिक्षण के कार्यक्रम होंगे। ''मोदी सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक'' के कार्यक्रमों को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 8 जून को प्रेसवार्ता करेंगे और बदले हुए भारत के बारे में बताएंगे। उन्होंने कहा कि पूरे माह समाज सेवा के कार्यक्रम होंगे जिसके तहत लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। कांग्रेस को घेरते हुए मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस ने संविधान का गला घोटने का काम किया। आपातकाल लगाकर कांग्रेस ने लोगों के अधिकारों को छीना। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल के विरोध में अभियान की शुरुआत की जाएगी। डिजिटल, सेमिनार, मीडिया संवाद के जरिए आपातकाल के अनुभवों को लोगों के साथ साझा किया जाएगा। एक सवाल पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस का संगठन कैसा है सभी को मालूम है। कांग्रेस परिवारवादी पार्टी है, कांग्रेस के लिए देश नहीं, बल्कि परिवार पहले है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय आतंकवाद चरम पर था और कांग्रेस की सरकार मूक दर्शक बनी रहती थी। बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत मजबूत और सशक्त हुआ है। अब भारत आतंकियों को गोली का जवाब गोले से देता है।

# कांग्रेस पर अनिल विज का तंजः 'अपनी ही पार्टी में नेता प्रतिपक्ष तय नहीं कर पाए'

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरे देश के मुद्दों पर अपनी राय रखती है और बड़ी-बड़ी समस्याओं पर बात करती है, लेकिन ये अपनी ही पार्टी के एक यूनिट में एक ही प्रदेश में अब तक नेता प्रतिपक्ष तय नहीं कर पाए, जोकि बहुत ही निराशाजनक बात है। विज चंडीगढ़ में मीडियाकर्मियों द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के चंडीगढ़ दौरे और हरियाणा कांग्रेस की बैठक लेने के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आठ महीने से अधिक हो गए हैं और कांग्रेस अभी तक अपना नेता प्रतिपक्ष तय नहीं कर पाई है, जबकि इस संबंध में कई बैठकें हो चुकी हैं और पार्टी आलाकमान को अवगत भी कराया जाता होगा। उन्होंने तंज कसते



हुए कहा कि शायद राहुल गांधी हरियाणा की इसी बैठक के लिए आ रहे होंगे। हरियाणा कांग्रेस में चल रही गुटबाजी के बारे में पूछे जाने पर विज ने चुटकी लेते हुए कहा, राजनीति बड़ी अजीब चीज है। वहीं लड़ाते हैं और वहीं समझौते करवाते हैं।

# हरियाणा सीएमओ में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, राज नेहरू को मिली ये बड़ी जिम्मेदारी

- साल 2016 में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में नियुक्त हुए थे।

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के प्रशासनिक ढांचे में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी की अगुवाई में मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) में अहम प्रशासनिक पुनर्गठन किया गया। इस बदलाव का सबसे प्रमुख चेहरा राज नेहरू बनकर उभरे, जिन्हें मुख्यमंत्री कार्यालय में नए विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) नियुक्त किया गया है।

अब मुख्यमंत्री कार्यालय में दो ओएसडी कार्यरत होंगे। राज नेहरू को फ्यूचर डिपार्टमेंट, हायर एजुकेशन और यूथ इम्पावरमेंट तथा आंत्रप्रन्योरशिप जैसे तीन अत्यंत महत्वपूर्ण विभागों का प्रभार सौंपा गया है। राज नेहरू कोई नया नाम नहीं हैं। वह प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बेहद करीबी माने जाते हैं। साल 2016 में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के




कुलपति के रूप में नियुक्त हुए थे। कौशल विकास के क्षेत्र में उनका व्यापक अनुभव रहा है। इस पुनर्गठन में एक और अहम बदलाव हुआ है। चीफ प्रिंसिपल सेक्रेटरी राजेश खुल्लर, जो वर्षों से मुख्यमंत्री कार्यालय में सबसे ताकतवर नौकरशाह माने जाते रहे हैं, उनके अधीन विभागों की संख्या में कटौती की गई है। अब उनके पास पहले के 21 की जगह 16 विभाग ही रहेंगे। खुल्लर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समय से इस पद पर बने हुए हैं और नायब सैनी के मुख्यमंत्री बनने के बाद भी उन्होंने अपना स्थान बरकरार रखा है। एचसीएस अधिकारी विवेक कालिया को जनसंवाद और सीएम विंडो जैसे जनसंपर्क और शिकायत निवारण से जुड़े अहम दायित्व सौंपे गए हैं। इसके अलावा, आईएएस अधिकारी अरुण कुमार गुप्ता को 11 विभाग मिले हैं, जिनमें सिविल एविएशन, जेल, ट्रांसपोर्ट, पर्यावरण और मुख्यमंत्री घोषणाओं की क्रियान्वयन इकाई शामिल है। आईएएस साकेत कुमार को नौ विभागों की जिम्मेदारी दी गई है, जिनमें कृषि, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास जैसे विभाग शामिल हैं। आईएएस यशपाल को आठ विभाग सौंपे गए हैं, जिनमें स्कूल शिक्षा, खेल और पर्यटन शामिल हैं। सुधांशु गौतम को छह विभाग मिले हैं, जबकि राकेश संधु को सीएम विंडो और शिकायत निवारण जैसे जिम्मेदारी वाले कार्य दिए गए हैं।

# ईआरवी कार्यप्रणाली में सुधार, नशा मुक्ति और शराब ठेकों की नीलामी पर विशेष फोकस- कपूर

## शत्रुजीत कपूर ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें उन्होंने हरियाणा पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से ईआरवी (इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्हीकल) की कार्य क्षमता में सुधार, शराब ठेकों की नीलामी प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, और नशा मुक्ति मॉडल को सभी जिलों में लागू करने पर जोर दिया। डीजीपी कपूर ने कहा कि ईआरवी हरियाणा पुलिस का ÷चेहरा÷ है, और इसका प्राथमिक दायित्व किसी भी घटना पर समय पर पहुंचकर प्रभावी कार्रवाई करना है। उन्होंने पुलिस अधीक्षकों को ईआरवी का कार्य-ऑडिट सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि सिस्टम में मौजूदा कमियों को दूर किया जा सके और संबंधित पुलिसकर्मी की जवाबदेही तय हो सके। उन्होंने सी-डैक (ष्ट-ष्ठ्रष्ट) की तकनीकी टीम की सहायता



से ईआरवी के कार्यों का तकनीकी ऑडिट कराने का भी सुझाव दिया। अधिकारियों को समय-समय पर ईआरवी का निरीक्षण कर प्रतिक्रिया समय और की गई कार्रवाई की समीक्षा करने को कहा गया। डीजीपी ने यह भी निर्देश दिया कि कंट्रोल रूम पर सूचना मिलते ही तत्काल सीलिंग प्लान बनाया जाए और उसे संबंधित थानों व इंटर-स्टेट चेकपोस्ट्स के साथ साझा किया जाए, ताकि अपराधियों को भागने से रोका जा सके। कपूर ने बताया कि हरियाणा पुलिस ने प्रदेश में सक्रिय लगभग 4900 दबंगों की सूची तैयार की है। उन्होंने ऐसे अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए, जो आम जनता का शोषण, धमकी या अवैध वसूली कर रहे हैं। बैठक में आबकारी एवं कराधान विभाग की आयुक्त एवं सचिव आशिमा बराड़ भी मौजूद थीं। उन्होंने बताया कि आगामी एक महीने में शराब के ठेकों की नीलामी प्रक्रिया जारी रहेगी, जिसमें भिवानी, हिसार, रोहतक और यमुनानगर जैसे चार जिलों में विशेष सतर्कता की आवश्यकता है। डीजीपी कपूर ने सभी पुलिस अधीक्षकों को ठेकेदारों के बीच विश्वास की भावना पैदा करने, नियमित नाकाबंदी और सघन निगरानी अभियान चलाने, तथा आबकारी विभाग के साथ समन्वय बनाकर शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। डीजीपी ने हिसार रेंज में नशा मुक्ति अभियान के लिए अपनाए गए मॉडल की सराहना करते हुए कहा कि इसी प्रकार का मॉडल अन्य जिलों में भी लागू किया जाए।

# रेवाड़ी में डीएलएसए ने किया गया 'साथी अभियान' का शुभारंभ

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी में हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 'साथी अभियान' की शुरुआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद और उपेक्षित निराश्रित बच्चों तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना है। अभियान के अंतर्गत एक जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है, जो बच्चों की पहचान, आधार कार्ड पंजीकरण, प्रशिक्षण और अन्य सहायता सेवाओं के समन्वय का कार्य करेगी। सीजेएम अमित वर्मा ने बताया कि साथी अभियान का मुख्य उद्देश्य रेवाड़ी जिले के कमजोर और उपेक्षित निराश्रित बच्चों की कानूनी पहचान स्थापित करना है, ताकि वे अपने मौलिक अधिकारों और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। इसके अंतर्गत बच्चों के आधार कार्ड बनाए जाएंगे, उन्हें मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी तथा उन्हें विभिन्न सरकारी सेवाओं से जोड़ा जाएगा।

# मुख्यमंत्री छह जून को पलवल में करेंगे रैली को संबोधित,तैयारियों में जुटे खेल मंत्री

एजेंसी

**पलवल।** पलवल अनाज मंडी में छह जून को प्रस्तावित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विशाल जनसभा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने अनाज मंडी पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खेल मंत्री गौरव गौतम के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला, एसडीएम ज्योति, डीएमसी मनीषा शर्मा, जिला परिषद के सीईओ जितेंद्र कुमार, नगराधीश अप्रतिम सिंह सहित अन्य प्रशासनिक व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। गौरव गौतम ने मंच निर्माण, हेलीपैड की व्यवस्था, बेरिकेडिंग, साफ-सफाई, सुरक्षा और ट्रैफिक नियंत्रण



जैसी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को अपनी-अपनी जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी और कर्मचारी सौंपे गए दायित्व को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से निभाएं, ताकि जनसभा का आयोजन सफल और भव्य हो। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री की इस जनसभा को लेकर आमजन में जबरदस्त उत्साह और उम्मीद का माहौल है। जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पलवल जिले के विकास को लेकर कई बड़ी घोषणाएं करने जा रहे हैं, जिससे जिले की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और विकास के नए द्वार खुलेंगे। खेल मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पलवल को एक साफ, सुंदर और विकसित जिला बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकारी अमला जनसभा को सफल बनाने में पूरी तरह जुटा हुआ है और जनसभा के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा पलवल के लिए की जाने वाली घोषणाओं से जिले के विकास को एक नई दिशा मिलने की उम्मीद की जा रही है।

## केंद्र ने इलेक्ट्रिक यात्री वाहन विनिर्माण योजना के लिए दिशा-निर्देश जारी किए

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारत में इलेक्ट्रिक यात्री कारों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना के लिए दिशा-निर्देश अधिसूचित किए हैं। यह योजना ईवी यात्री कार क्षेत्र में वैश्विक निर्माताओं से नए निवेश को सक्षम करेगी और भारत को ई-वाहनों के लिए वैश्विक विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने में मदद करेगी। भारी उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) पर विशेष ध्यान देते हुए यात्री कारों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक दूरदर्शी योजना को मंजूरी दी है। ये ऐतिहासिक पहल 2070 तक नेट जीरो हासिल करने, टिकाऊ गतिशीलता को बढ़ावा देने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के भारत के राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप है। मंत्रालय के मुताबिक इस योजना के तहत आवेदन आमंत्रित करने के लिए नोटिस जल्द ही जारी किया जाना प्रस्तावित है, जिसके तहत संभावित आवेदक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकेंगे। यह योजना वैश्विक ईवी निर्माताओं से निवेश आकर्षित करने और भारत को ई-वाहनों के विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने में मदद करेगी। यह योजना भारत को ईवी के विनिर्माण के लिए वैश्विक मानचित्र पर लाने, रोजगार पैदा करने और 'मेक इन इंडिया' के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी मदद करेगी।

## दो हजार रुपये के 6,181 करोड़ रुपये के नोट अभी भी जनता के पास : आरबीआई

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने कहा कि 2000 रुपये के नोट बंद करने के दो साल बाद भी 6,181 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी जनता के पास यानी प्रचलन में हैं। रिजर्व बैंक ने 19 मई 2023 को दो हजार रुपये के बैंक नोट को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी। ये 2000 रुपये के नोट अब भी वैध मुद्रा हैं। आरबीआई ने जारी एक बयान में कहा कि 19 मई, 2023 को 2000 रुपये के नोट का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था, जो 31 मई, 2025 को कारोबार बंद होने पर घटकर 6,181 करोड़ रुपये रह गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा, ''इस प्रकार 19 मई, 2023 तक प्रचलन में रहे 2000 रुपये के 98.26 फीसदी नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं।'' रिजर्व बैंक ने कहा कि 2000 रुपये के बैंक नोट कानूनी मुद्रा बने रहेंगे। रिजर्व बैंक के मुताबिक 2000 रुपये के इन बैंक नोट को जमा करने या बदलने की सुविधा 7 अक्टूबर, 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। ये सुविधा अब केवल रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। आरबीआई के निर्गम कार्यालय 9 अक्टूबर, 2023 से लोगों तथा संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपये के बैंक नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा देश के किसी भी डाकघर से भारतीय डाक के जरिए 2000 रुपये के नोट को लोग अपने बैंक खातों में जमा कराने के लिए किसी भी आरबीआई कार्यालय में भेज सकते हैं।

## भारत-ओमान व्यापार समझौते पर जल्द ही अच्छी खबर आएगीः पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** फ्रांस की यात्रा पर गए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पेरिस में टोटल एनर्जीज के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पैट्रिक पॉयने से यहां मुलाकात की। इस दौरान पैट्रिक पॉयने ने भारत के लिए कंपनी की निवेश योजनाओं और अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में गहन सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत और ओमान के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत आगे बढ़ रही है। इस पर कुछ अच्छी खबर 'बहुत जल्द' आ सकती है। केंद्रीय वाणिज्?य मंत्री ने सीईओ पैट्रिक पॉयने से मुलाकात के दौरान भारत के लिए कंपनी की निवेश योजनाओं और अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में गहन सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। वह 3 जून को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की एक लघु-मंत्रिस्तरीय बैठक में भी भाग लेंगे।इसके बाद गोयल ने पत्रकारों से कहा, ''मुझे लगता है कि ओमान एफटीए पर आपको बहुत जल्द ही अच्छी खबर सुनने को मिलेगी। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए फ्रांसी नेताओं और कारोबारियों से बातचीत करने के लिए आधिकारिक यात्रा पर यहां आए हैं। इस साल जनवरी में गोयल की मस्कट यात्रा के बाद वार्ता को बहुत ज़रूरी प्रोत्साहन मिला। उन्होंने कहा कि ओमान भारत के लिए खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों में तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। भारत का पहले से ही एक अन्य जीसीसी सदस्य यूएई के साथ ऐसा ही समझौता है।

## सर्राफा बाजार में तेजी से उछला सोना, चांदी भी एक लाख के स्तर पर पहुंची

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का माहौल बना हुआ है। सोना आज 290 रुपये से लेकर 320 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। भाव में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 97,640 रुपये से लेकर 97,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,500 रुपये से लेकर 89,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज तेजी आई है। इस तेजी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज एक बार फिर एक लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 97,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# टेस्ला की भारत में मैन्युफैक्चरिंग के लिए पीएम मोदी और मस्क मिलकर करेंगे काम - एरोल मस्क

**एजेंसी**
**वाशिंगटन।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क के पिता एरोल मस्क ने कहा कि उन्हें इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत में टेस्ला का मैन्युफैक्चरिंग प्लांट होगा। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि पीएम मोदी और मस्क कुछ ऐसा करेंगे, जो दोनों के लिए फायदेमंद होगा। राष्ट्रीय राजधानी में से बात करते हुए एरोल मस्क ने कहा कि टेस्ला को देश में लाने को लेकर प्रधानमंत्री मोदी को भारत के हितों को देखना होगा। 79 वर्षीय दक्षिण अफ्रीकी व्यवसायी ने जोर देते हुए कहा, एलन को एक कंपनी के रूप में टेस्ला के हितों को देखना होगा। दोनों मिलकर कुछ ऐसा करेंगे, जो टेस्ला के साथ ही भारत के लिए भी सबसे अधिक लाभकारी हो। हालांकि, मैं यह एक निजी व्यक्ति के रूप में कह रहा हूं क्योंकि टेस्ला एक सार्वजनिक कंपनी है। एरोल मस्क ने आगे कहा कि मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत में टेस्ला का मैन्युफैक्चरिंग प्लांट होगा। उन्होंने आईएएनएस से



कहा, भारत में टेस्ला प्लांट होना ही चाहिए। भारत दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण स्थानों में से एक है। सर्वोटेक रिन्यूएबल पावर सिस्टम लिमिटेड के वैश्विक सलाहकार एरोल मस्क की भारत यात्रा, सस्टेनेबल डेवलपमेंट की दिशा में देश की तेजी से बढ़ती प्रगति और ग्रीन एंड इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजी में अग्रणी बनने की महत्वाकांक्षा को रेखांकित करती है।भारत ने ईवी अपनाने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। देश का लक्ष्य 2030 तक पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में 30 प्रतिशत, संयुक्त दोपहिया और तिपहिया सेगमेंट में 80 प्रतिशत और कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में 70 प्रतिशत ईवी पेनेट्रेशन हासिल करना है। इस साल अप्रैल में, एलन मस्क और पीएम मोदी ने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, ÷पीएम मोदी से बात करना सम्मान की बात थी। मैं इस साल के अंत में भारत आने का इंतजार कर रहा हूं। पीएम मोदी ने टेस्ला के सीईओ के साथ कई विषयों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा, एलन मस्क से बातचीत और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें इस साल की शुरुआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान शामिल किए गए विषय भी शामिल हैं। हमने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की।

## कमजोर लिस्टिंग के बाद संभले एजिस वोपैक के शेयर, पहले दिन निवेशकों को 2.98 प्रतिशत का फायदा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस के लिए स्टोरेज टर्मिनल को ऑपरेट करने वाली कंपनी एजिस वोपैक टर्मिनल्स लिमिटेड के शेयरों की आज शेयर बाजार में काफी निराशाजनक एंट्री हुई। लिस्टिंग के बाद खरीदारों ने इस शेयर को हाथों-हाथ लिया, जिसके कारण कुछ ही देर में ये शेयर उछल कर इश्यू प्राइस से ऊपर चला गया। आईपीओ के तहत कंपनी ने 235 रुपये के भाव पर शेयर जारी किए थे। आज बीएसई और एनएसई पर कंपनी के शेयर 6.38 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 220 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए।स्टॉक मार्केट में बड़ी गिरावट के साथ लिस्ट होने के बाद खरीदारों ने कंपनी के शेयरों की लिवाली शुरू कर दी, जिसके कारण इस शेयर की चाल में भी तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के बीच में यदा-कदा मुनाफा वसूली के चक्कर में बिकवाली भी होती रही। इसके बावजूद ये शेयर लगातार ऊपर चढ़ता गया। बाजार में हो रही खरीदारी के सपोर्ट से पूरे दिन के कारोबार के बाद एजिस वोपैक टर्मिनल्स लिमिटेड के शेयर 7 रुपये की बढ़त के साथ 242 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को आज पहले दिन के कारोबार से ही 2.98 प्रतिशत का फायदा हो गया। एजिस वोपैक टर्मिनल्स लिमिटेड का 2,800 करोड़ रुपये का आईपीओ 26 मई को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने के बाद 28 मई को बंद हुआ था। ये आईपीओ 2.20 गुना सब्सक्राइब हुआ था। आईपीओ लॉन्च करने के पहले कंपनी ने एंकर इन्वेस्टर से भी 1,260 करोड़ रुपये जुटाए थे। आईपीओ के तहत 11.91 करोड़ नए शेयर जारी किए गए हैं।

## जेएनएआरडीडीसी ने हैदराबाद में गैर-लौह पुनर्चक्रण हितधारकों के साथ विशेष संवादात्मक बैठक की मेजबानी की

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** देश के पुनर्चक्रण प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जवाहरलाल नेहरू एल्युमीनियम अनुसंधान विकास एवं डिजाइन केंद्र (जेएनएआरडीडीसी) के पुनर्चक्रण संवर्धन प्रभाग ने हैदराबाद में अलौह पुनर्चक्रण हितधारकों और व्यापारियों के साथ एक केंद्रित संवादात्मक बैठक की। खान मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि इस कार्यशाला में तेलंगाना एल्युमीनियम यूटेंसिल्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (टीएयूएमए), एल्युमीनियम एक्सट्रूडर एंड मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलईएमएआई) और मैटेरियल रिसाइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमआरएआई) सहित प्रमुख उद्योग निकायों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। जेएनएआरडीडीसी ने घरेलू जरूरतों के लिए तैयार एल्युमीनियम रिसाइक्लिंग प्रौद्योगिकियों और मिश्र धातु विकास में अपने हालिया शोध का प्रदर्शन किया गया। इस ओपन सत्र में रीसाइकिलर्स को अपनी तकनीकी, प्रशासनिक और विनियामक चुनौतियों पर खुलकर चर्चा करने का मंच प्रदान किया गया।




भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के एक प्रतिनिधि ने भी उपस्थित लोगों को इस क्षेत्र को प्रभावित करने वाले प्रासंगिक गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों (क्यूसीओ) के बारे में जानकारी दी। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी के मार्गदर्शन में इस सहयोगात्मक दृष्टिकोण से भारत के धातु रीसाइक्लिंग उद्योग की दीर्घकालिक मजबूती, स्थिरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित होने की उम्मीद है। इस कार्यशाला का उद्देश्य पुनर्चक्रण से जुड़ी जमीनी चुनौतियों को समझने और पुनर्चक्रण क्षेत्र को आधुनिक तथा सशक्त बनाने में व्यावहारिक सहायता प्रदान करने के लिए पुनर्चक्रण करने वालों, व्यापारियों, सेवा प्रदाताओं सहित अलौह रीसाइक्लिंग हितधारकों के साथ सीधे जुड़ना था। इस सत्र का एक मुख्य आकर्षण पुनर्चक्रण उद्योग की परिवर्तनकारी क्षमता थी, जो प्राथमिक अयस्क क्रम उत्पादन के लिए आवश्यक ऊर्जा का केवल एक अंश ही खपत करता है।

# देश का कोयला उत्पादन मई माह में 86.24 मीट्रिक टन


**एजेंसी**
**नई दिल्ली।**भारत के कोयला उत्पादन और प्रेषण में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगातार वृद्धि देखी गई है। देश में मई, 2025 के दौरान कुल कोयला का उत्पादन 86.24 मीट्रिक टन (अनंतिम) तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में उत्पादित 83.96 मीट्रिक टन कोयला से अधिक है। कोयला मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि मई 2025 के दौरान देश में कुल कोयला उत्पादन 86.24 मीट्रिक टन (अनंतिम) तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में उत्पादित 83.96 मीट्रिक टन से अधिक है। मंत्रालय के मुताबिक मई महीने के दौरान कैप्टिव/वाणिज्यिक खदानों से उत्पादन 16.93 मीट्रिक टन (अनंतिम) रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान दर्ज 13.83 मीट्रिक टन से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। मंत्रालय के मुताबिक 31 मई, 2025 तक कोयला कंपनियों के



मौजूदा कोयला भंडार में 29.18 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 94.98 मीट्रिक टन की तुलना में 122.69 मीट्रिक टन तक पहुंच गई। यह वृद्धि देशभर में कोयला उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि का प्रमाण है। कोयला के उत?पादन में यह वृद्धि देश के कुल कोयला उत्पादन में कैप्टिव/कमर्शियल खनन के बढ़ते योगदान को दर्शाती है। कोयला मंत्रालय ने कहा कि यह मंत्रालय द्वारा इस क्षेत्र में निरंतर आपूर्ति और परिचालन स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों को दर्शाता है। कोयला मंत्रालय सतत विकास, कोयले की उपलब्धता में सुधार लाने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। कोयला क्षेत्र सकारात्मक गति के साथ देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# 2030 तक हर वर्ष 500 मिलियन यात्री भरेंगे उड़ान, देश स्पेस एविएशन कन्वर्जेंस में एक ग्लोबल लीडर : पीएम मोदी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल एविएशन इकोसिस्टम में एक विशाल बाजार के रूप में भारत की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि देश स्पेस एविएशन कन्वर्जेंस में एक ग्लोबल लीडर के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) की 81वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) और विश्व वायु परिवहन शिखर सम्मेलन (डब्ल्यूएटीएस) में पीएम मोदी ने विश्व स्तरीय हवाई अवसंरचना विकसित करने और कनेक्टिविटी बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया।उन्होंने चार दशक बाद भारत में आयोजित इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। पीएम मोदी ने इस



अवधि के दौरान भारत में हुए परिवर्तनकारी बदलावों पर जोर देते हुए कहा कि आज का भारत पहले से कहीं अधिक आत्मविश्वास से भरा हुआ है। उन्होंने ग्लोबल एविएशन इकोसिस्टम में भारत की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा, देश न केवल एक विशाल बाजार के रूप में, बल्कि नीतिगत नेतृत्व, इनोवेशन और समावेशी विकास के प्रतीक के रूप में अहम भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले कुछ वर्षों में नागरिक उड्डयन में भारत के उल्लेखनीय परिवर्तन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन गया है। उन्होंने उड़ान योजना की सफलता पर जोर देते हुए इसे भारतीय नागरिक उड्डयन इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय बताया। उन्होंने कहा, उड़ान योजना से 15 मिलियन से अधिक यात्रियों को सस्ती हवाई यात्रा का लाभ मिला है, जिससे कई नागरिक पहली बार हवाई यात्रा करने में सक्षम हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत की एयरलाइंस लगातार दोहरे अंकों की वृद्धि हासिल कर रही है, जिसमें 240 मिलियन यात्री सालाना उड़ान भर रहे हैं, जो दुनिया भर के अधिकांश देशों की कुल आबादी से अधिक है। उन्होंने अनुमान लगाया कि 2030 तक यह संख्या 500 मिलियन यात्रियों तक पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत में सालाना 3.5 मिलियन मीट्रिक टन माल हवाई मार्ग से ले जाया जाता है और इस दशक के अंत तक यह मात्रा बढ़कर 10 मिलियन मीट्रिक टन हो जाएगी।

## रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा बैठक 4 जून से, रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती संभव

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।**रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) महंगाई दर के चार फीसदी के औसत लक्ष्य से नीचे बने रहने के कारण लगातार तीसरी बार नीतिगत ब्याज दर में 0.25 फीसदी की और कटौती कर सकता है, ताकि अमेरिकी टैरिफ से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितता के बीच विकास को बढ़ावा दिया जा सके। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक 4 जून, रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में होगी। इस बैठक के फैसलों का ऐलान 6 जून, आरबीआई गवर्नर करेंगे। जानकारों का कहना है कि आरबीआई इस बार भी नीतिगत दर रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती कर सकता है। आर्थिक मामलों के जानकारों को मानना है कि मौजूदा समय में महंगाई दर संतुलित स्थिति में है। रिजर्व बैंक ने तरलता की स्थिति को कई उपायों के माध्यम से काफी सहज बना दिया है। ऐसे में उम्मीद है कि आरबीआई 4-6 जून तक चलने वाली एमपीसी की बैठक में रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती का निर्णय ले सकती है। इसके अलावा इस बैठक में आरबीआई अपनी विकास दर और महंगाई दर के अनुमान को भी संशोधित कर सकता है। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली और बीते वित्त वर्ष 2024-25 की अंतिम एमपीसी बैठक यानी इस साल फरवरी और अप्रैल में लगातार दो बार प्रमुख नीति गत ब्याज दर (रेपो रेट) में 0.25-0.25 फीसदी की कटौती की, जिससे यह 6.50 फीसदी से घटकर 6 फीसदी पर आ गई है।

# टेस्ला को भारत में इलेक्ट्रिक कार बनाने में कोई दिलचस्पी नहींः कुमारस्वामी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने कहा कि वैश्विक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) दिग्गज टेस्ला भारत में कारों के निर्माण में दिलचस्पी नहीं रखती है, लेकिन देश में शोरूम स्थापित करने की इच्छुक है। उन्होंने कहा कि मर्सिडीज बेंज, फॉक्सवैगन-स्कोडा, हुंडई की भारत में इलेक्ट्रिक वाहन बनाने में रूचि है। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री ने यहां भारत में इलेक्ट्रिक कारों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना के लिए दिशा-निर्देशों के अनावरण की घोषणा करने के लिए आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। कुमारस्वामी ने कहा कि मर्सिडीज बेंज, स्कोडा-फॉक्सवैगन, हुंडई और किआ सहित वैश्विक वाहन निर्माता कंपनियों ने भारत में इलेक्ट्रिक कारों के विनिर्माण में रुचि दिखाई है। टेस्ला केवल




शोरूम शुरू करने में अधिक (रुचि रखते हैं)। वे भारत में विनिर्माण (शुरू) करने में रुचि नहीं रखते हैं। यह योजना ईवी यात्री कार सेगमेंट में वैश्विक निर्माताओं से नए निवेश को सक्षम करेगी और भारत को इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए वैश्विक विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देगी। एच. डी. कुमारस्वामी ने कहा कि इन कंपनियों ने 'भारत में इलेक्ट्रिक यात्री कारों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना' के संबंध में सरकार और उद्योग के बीच बातचीत के दौरान रुचि जताई है। योजना के बारे में जारी विस्तृत दिशा-निर्देश के बारे में उन्?होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमने भारत को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के लिए वैश्विक केंद्र बनाने के लिए एक ऐतिहासिक ईवी विनिर्माण योजना शुरू की है। कुमारस्?वामी ने बताया कि 4,150 करोड़ रुपये के निवेश अधिदेश के साथ यह मेक इन इंडिया की दिशा में एक कदम एक स्वच्छ, मजबूत भविष्य के लिए है। इस अवसर पर भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव कामरान रिजवी और मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव डॉ. हनीफी कुरैशी भी मौजूद थे।

## श्लॉस बैंगलोर की निराशाजनक लिस्टिंग, निवेशकों को हुआ मामूली मुनाफा

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** लीला ग्रुप के तहत लग्जरी होटल और रिसॉर्ट चेन चलाने वाली कंपनी श्लॉस बैंगलोर के शेयरों की कमजोर लिस्टिंग के कारण आज कंपनी के आईपीओ निवेशकों को काफी निराशा का सामना करना पड़ा। लिस्टिंग के बाद खरीदारों ने लिवाली करके निवेशकों के नुकसान की भरपाई भी कर दी। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 435 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर इनकी एंट्री 6.55 प्रतिशत के डिस्काउंट के साथ 406.50 रुपये के स्तर पर हुई। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर 6.67 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 406 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए। टॉक मार्केट में बड़ी गिरावट के साथ कारोबार की शुरुआत करने वाले श्लॉस बैंगलोर के शेयर लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में गिरकर 405 रुपये के स्तर तक पहुंच गए। इस गिरावट के बाद इन शेयरों की लिवाली शुरू हो गई, जिसके कारण




इसकी चाल में तेजी आ गई। बीच-बीच में बिकवाली होने के बावजूद ये शेयर लगातार ऊपर चढ़ता गया। खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर 438.90 रुपये के स्तर तक पहुंचा। हालांकि, ये शेयर इस तेजी को कायम नहीं रख सका। आखिरी वक्त में हुई बिकवाली के कारण ये शेयर सिर्फ 55 पैसे की बढ़त के साथ 435.55 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। इस तरह आईपीओ निवेशकों को पहले दिन के कारोबार से सिर्फ 0.13 प्रतिशत का ही फायदा हो सका। श्लॉस बैंगलोर का 3,500 करोड़ रुपये का आईपीओ 26 में से 28 में तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। ये आईपीओ 4.72 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

आईपीओ खुलने के पहले 23 मई को कंपनी ने एंकर बुक के जरिए भी 1,575 करोड़ रुपये जुटाने में सफलता हासिल की थी। आईपीओ के जरिए 5.75 करोड़ नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके साथ ही प्रमोटर्स की ओर से 2.30 करोड़ शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के तहत बेचे गए हैं।

# रुपया 16 पैसे मजबूत

**एजेंसी**
**मुंबई ।** अमेरिका और चीन के बीच व्यापार तनाव बढ़ने से दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर पड़ने से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 16 पैसे मजबूत होकर 85.40 रुपये प्रति



डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 85.56 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। कारोबार की शुरुआत में रुपया एक पैसे बढ़कर 85.55 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान यही इसका दिवस का निचला स्तर रहा। वहीं, आयातकों एवं बैंकरों की बिकवाली से यह 85.31 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले दिवस के 85.56 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में 16 पैसे मजबूत होकर 85.40 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया।

## तार-चढ़ाव के बाद मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स व निफ्टी ने निचले स्तर से की रिकवरी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार दिनभर उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत कमजोर रही थी। बाजार खुलते ही बिकवाली का जोरदार दबाव बन जाने के कारण पहले आधे घंटे में ही शेयर बाजार बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाया, जिसके कारण आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले शेयर बाजार कुछ देर के लिए हरे निशान में भी पहुंचा। हालांकि आखिरी वक्त में एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण शेयर बाजार दोबारा लाल निशान में गिर गया। दिनभर हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 0.09 प्रतिशत और निफ्टी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज के दिन कारोबार के दौरान रियल्टी, एफएमसीजी और पीएसयू बैंक सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। इसी तरह ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, हेल्थ केयर और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर आईटी, मेटल और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में पूरे दिन बिकवाली का दबाव बना रहा। इसी तरह कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.58 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.36 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज हुई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 445.24 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 444.19 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.05 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,287 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,130 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,991 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 166 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,640 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,386 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,254 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 12 शेयर बढ़त के साथ और 18 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 20 शेयर हरे निशान में और 30 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 236.59 अंक की कमजोरी के साथ 81,214.42 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण पहले 20 मिनट में ही ये सूचकांक 796.75 अंक टूट कर 80,654.26 अंक तक गिर गया। इस बड़ी गिरावट के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाना शुरू कर दिया, जिसके कारण धीरे-धीरे इस सूचकांक की स्थिति में सुधार होने लगा। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से आज का कारोबार खत्म होने के आधा घंटा पहले ये सूचकांक निचले स्तर से 800 अंक से अधिक की रिकवरी करके 23.25 अंक की मजबूती के साथ 81,474.26 अंक तक पहुंचने में सफल हुआ। हालांकि इसके बाद एक बार फिर बाजार में दबाव बन जाने के कारण सेंसेक्स 77.26 अंक की कमजोरी के साथ 81,373.75 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# खाने में ही नहीं इन 6 तरीकों से यूज करें नमक, घर के काम हो जाएंगे झटपट



**नमक न सिर्फ खाने के स्वाद को बैलेंस रखने के लिए जरूरी है बल्कि ये आपके कई और काम भी बना सकता है. इस आर्टिकल में जानेंगे नमक से जुड़े कुछ ऐसे हैक्स के बारे में जो घर के कामों को आसान बनाने में आपके लिए यूजफुल रहेंगे.**

नमक का इस्तेमाल हर घर में किया जाता है, क्योंकि ये खाने का सबसे बेसिक इनग्रेडिएंट है, जिसके बिना हर बेहतरीन से बेहतरीन मसालेदार डिश भी बेकार लगती है. खाने में सबसे जरूरी चीज के तौर पर तो नमक जरूरी होता ही है, इसके अलावा आपके शरीर को सेहतमंद रहने के लिए भी एक सीमित मात्रा में नमक की जरूरत होती है. अगर नमक बिल्कुल बंद कर दिया जाए तो इससे भी हेल्थ से जुड़ी दिक्कतें होने लगती हैं. फिलहाल नमक खाने में डालने के अलावा भी कई और चीजों में इस्तेमाल किया जा सकता है. सभी घरों में आसानी से मिल जाने वाला नमक आपके कई झंझट भरे कामों को आसान बना सकता है.नमक का इस्तेमाल आप डेली रूटीन के कई कामों में कर सकते हैं जैसे घर की सफाई, जूतों की बदबू हटाना हो या फिर घर में आ रही गंध को खत्म करना हो, पीतल के बर्तनों पर जमा कालापन हटाने के लिए भी नमक आपके काम आएगा. चलिए जान लेते हैं इसका इस्तेमाल आप किस तरह से इन कामों में कर सकते हैं.

साफ-सफाई में ऐसे यूज करें नमक

नमक नेचुरल क्लीनर की तरह यूज किया जा सकता है. इसके लिए नींबू का रस या फिर सिरका लें और नमक के साथ मिलाकर पेस्ट जैसा तैयार कर लें. इससे आप सिंक साफ कर सकते हैं. कटिंग बोर्ड क्लीन हो सकता है साथ ही काउंटर टॉप्स और मार्बल फर्श पर पड़े दागों को हटाने में भी ये काम आता है. जले हुए बर्तन या फिर जिद्दी चिकनाई साफ करनी है तो भी नमक के इस मिश्रण का यूज करने से आपका काम आसान हो जाएगा.

पीतल के बर्तन होंगे चुटकियों में साफ

घर में रखे-रखे पीतल के बर्तनों पर कालापन आ जाता है, जिस वजह से वो काफी पुराने लगने लगते हैं. इसे साफ करने के लिए आप नमक और नींबू का यूज कर सकते हैं या फिर नमक और बेकिंग सोडा मिलाकर इससे बर्तनों को साफ करें. तांबे के बर्तन भी इससे आसानी से साफ हो जाते हैं.

रफ्रिजरेटर की गंध होगी दूर कई बार फ्रिज में अजीब सी महक आने लगती है और इसपर ध्यान न दिया जाए तो फ्रिज में रखा सामान भी खराब हो सकता है. इसके लिए नींबू और नमक के मिश्रण को एक कटोरी में करके फ्रिज में रख दें. आप नमक को कटोरी में करके घर के कोनों और अलमारी आदि में भी रख सकते हैं.

ूतों की बदबू से छुटकारा

कुछ लोग जूतों से आने वाली बदबू की वजह से काफी परेशान रहते हैं. इस वजह से शर्मिंदा भी होना पड़ सकता है. इससे छुटकारा पाना है तो भी नमक आपके काफी काम आएगा. नमक को जूतों के अंदर डाल दें और सुबह क्लीन कर लें. इससे आपके जूतों की बदबू कम करने में मदद मिलेगी.

बंद पाइप खोलने के लिए नमक

सिंक के पाइप चोक होने की समस्या ज्यादातर घरों में हो जाती है. इसके लिए कुछ चम्मच नमक और बेकिंग सोडा मिलाकर पाइप में डालें और फिर उसमें उबला हुआ पानी डाल दें. इससे कुछ देर में पाइप में जमा गंदगी हटने लगेगी और पानी की निकासी आसानी से होने लगेगी.

सब्जी धोने के लिए नमक

मार्केट से लाई गई सब्जियों पर जमा गंदगी और बैक्टीरिया हटाने के लिए नमक वाले पानी में कुछ देर डुबोकर रखना चाहिए.

# प्रधानमंत्री भाजपा के लाभ के लिए कर रहे हैं ऑपरेशन सिंदूर का इस्तेमाल



विपक्षी नेताओं को अब तक यह समझ आ गया होगा कि प्रधानमंत्री यह कहकर अपना राजनीतिक खेल खेल रहे हैं कि ऑपरेशन सिंदूर रुका हुआ है और कभी भी यह फिर से शुरू हो सकता है। यह एक सैन्य रणनीति है और इसका ऐलान सार्वजनिक रैलियों में नहीं किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री चाहते हैं कि देश में यह युद्धोन्माद जारी रहे ताकि बिहार में होने वाले आगामी चुनावों और उसके बाद बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में होने वाले चुनावों में भाजपा को राजनीतिक लाभ मिल सके।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री द्वारा उनके और उनकी सरकार के खिलाफ किये गये क्रूर हमलों का जवाब देते हुए सही कहा कि नरेंद्र मोदी 2026 की शुरुआत में राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा के लिए सस्ते राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह 10 मई को भारत-पाकिस्तान के बीच हुए युद्धविराम समझौते के बाद प्रधानमंत्री की पक्षपातपूर्ण राजनीति के खिलाफ पहला ऐसा स्पष्ट हमला था, जिसके तहत वह अपने चुनाव उन्मुख भाषणों के माध्यम से पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की सफलता को भाजपा के लिए राजनीतिक लाभ में बदलने की कोशिश कर रहे हैं।पिछले बीस दिनों में, यानी 10 मई से, विपक्षी दलों ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को अपना पूरा सहयोग दिया और यहां तक कि प्रधानमंत्री द्वारा भारत की स्थिति को समझाने के लिए विदेशों में भेजे गये बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडलों में भी भाग लिया। प्रधानमंत्री ने उस समय राष्ट्रीय एकता की आवश्यकता की बात की थी और भारत की हर राजनीतिक पार्टी ने इस पर अनुकूल प्रतिक्रिया दी थी। परन्तु विपक्षी राजनीति पार्टियों के उस प्रशंसनीय सहयोग के बदले, भारत के 142 करोड़ लोगों के नेता प्रधानमंत्री ने पिछले दो हफ्तों में अपनी सार्वजनिक बैठकों का इस्तेमाल विपक्ष को बदनाम करने और ऑपरेशन सिंदूर को भाजपा के अन्य ऑपरेशन जैसे ऑपरेशन बंगाल के साथ जोड़ने के लिए किया।जरा सोचिए, गुरुवार दोपहर पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में आयोजित जनसभा में, राज्य भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने प्रधानमंत्री की मौजूदगी में रैली में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की तरह ही टीएमसी सरकार को उखाड़कर बंगाल की खाड़ी में फेंकने के लिए ऑपरेशन बंगाल का आयोजन किया जायेगा। भाजपा प्रमुख को राजनीतिक रैली में टीएमसी सरकार को उखाड़ फेंकने की बात करने का पूरा अधिकार है, लेकिन वे ऑपरेशन सिंदूर को अखंड भारत के कार्यक्रम के साथ बंगाल में भाजपा के पक्षपातपूर्ण उद्देश्य के साथ मिला रहे थे। वह भी राष्ट्रीय एकता के तथाकथित प्रतीक नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में।विपक्षी नेताओं को अब तक यह समझ आ गया होगा कि प्रधानमंत्री यह कहकर अपना राजनीतिक खेल खेल रहे हैं कि ऑपरेशन सिंदूर रुका हुआ है और कभी भी यह फिर से शुरू हो सकता है। यह एक सैन्य रणनीति है और इसका ऐलान सार्वजनिक रैलियों में नहीं किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री चाहते हैं कि देश में यह युद्धोन्माद जारी रहे ताकि बिहार में होने वाले आगामी चुनावों और उसके बाद बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में होने वाले चुनावों में भाजपा को राजनीतिक लाभ मिल सके। हाल के दिनों में बिहार और गुजरात में जिस तरह से उनके रोड शो आयोजित किये गये हैं, उससे यह बात बिल्कुल साफ है।ममता ने गुरुवार को प्रधानमंत्री की जनसभा के दो घंटे बाद उन्हें जवाब देते हुए सही कहा, %मोदीजी ने आज जो कहा, उससे हम न केवल स्तब्ध हैं, बल्कि प्रधानमंत्री की आवाज सुनकर बहुत दुखी भी हैं, जब सभी विपक्षी नेता दुनिया के सामने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, वे देश के हित, राष्ट्रीय हित की रक्षा के लिए साहसिक निर्णय ले रहे हैं। हम देश की रक्षा करेंगे, क्योंकि यह हमारी मातृभूमि है। लेकिन क्या यह समय है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मौजूदगी में उनके मंत्री कहें कि वे ऑपरेशन सिंदूर की तरह ऑपरेशन बंगाल भी करेंगे? मैं उन्हें चुनौती देती हूं। अगर उनमें हिम्मत है, तो कल चुनाव में उतरें, हम तैयार हैं और बंगाल आपकी चुनौती स्वीकार करने के लिए तैयार है।वरिष्ठ विपक्षी नेता द्वारा प्रधानमंत्री को इस तरह का जवाब देना जरूरी था, क्योंकि नरेंद्र मोदी भारत-पाक तनाव के मौजूदा दौर में इंडिया ब्लॉक के घटकों की विनम्रता का फायदा उठाते हुए विपक्ष के खिलाफ पूरी ताकत से काम कर रहे हैं। विपक्ष ने प्रधानमंत्री को काफी छूट दी है, लेकिन उन्होंने उसका सम्मान नहीं किया है। अब समय आ गया है कि विपक्ष सामान्य रूप से काम करना शुरू करे और संसद का विशेष सत्र बुलाकर स्थिति पर चर्चा करे तथा कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर स्पष्टीकरण मांगे, जिनका अभी तक उत्तर नहीं मिला है।जैसे ममता ने प्रधानमंत्री से सवाल किया कि- 22 अप्रैल को पहलगाम में नरसंहार करने वाले आतंकवादियों को अभी तक क्यों नहीं पकड़ा गया है? या प्रधानमंत्री ट्रंप और अन्य अमेरिकी अधिकारियों के लगातार इस दावे पर चुप क्यों हैं कि ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान को व्यापार की धमकी देकर युद्ध विराम पर सहमति ली है। यह भारत के लिए अधिक था, क्योंकि 10 मई की सुबह भारत जीत रहा था। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वांस ने 9 मई को प्रधानमंत्री से क्या कहा? क्या उन्होंने ट्रंप द्वारा दी गयी धमकी को व्यक्त किया? अमेरिकी व्यापार विभाग ने भी अदालत में यही बात कही है। उनके पास अवश्य ही इसका रिकॉर्ड होगा। प्रधानमंत्री को अपना बयान जारी करके इसका स्पष्ट खंडन करना चाहिए। वे चुप क्यों हैं और दूसरों को बोलने क्यों दे रहे हैं? ये मुद्दे अब सरकार के सामने रखे जाने चाहिए। चूंकि प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों सहित राष्ट्रीय एकता को बनाये रखने की लक्ष्मणरेखा पार कर ली है, इसलिए अब इंडिया ब्लॉक की कोई नैतिक जिम्मेदारी नहीं है कि वह प्रधानमंत्री द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार चले। उन्हें ममता का अनुसरण करना चाहिए।ममता ने एजेंडा तय कर दिया है। अब समय आ गया है कि इंडिया ब्लॉक की पार्टियां चर्चा करें और असली विपक्ष की तरह व्यवहार करना शुरू करें। बस बहुत हो गया।

संपादकीय

# भाजपा और मीडिया का असली नारी विरोधी चेहरा

शनिवार को इंडिया टुडे समूह के आज तक चैनल पर एक बहस में भाजपा प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने कांग्रेस प्रवक्ता सुरेन्द्र राजपूत की दिवंगत मां के लिए अपशब्द कहे और एंकर द्वारा टोके जाने के बावजूद अपशब्दों का सिलसिला जारी रखा।दरअसल ऑपरेशन सिंदूर के जुड़े सवालों और कुछ विवादित मुद्दों को लेकर चैनल पर बहस चल रही थी, जिसमें श्री राजपूत अपनी बात रख रहे थे, इसी दौरान भाजपा प्रवक्ता ने पहले तो उनके पिता के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और उसके बाद उनकी मां को ऐसे अपशब्द कहे, जिन्हें यहां लिखा नहीं जा सकता। हालांकि बहस संचालित कर रहे एंकर ने भाजपा प्रवक्ता की इस हरकत पर फौरन ऐतराज जताया और अपशब्दों के लिए माफी भी मांग ली, लेकिन उसके बाद एंकर ने कहा कि प्रेम शुक्ला और सुरेन्द्र राजपूत जी आप लोग क्या कर रहे हैं। जबकि सुरेन्द्र राजपूत केवल अपना पक्ष रख रहे थे और उनकी भाषा भले तल्ख हो, लेकिन उनमें किसी के निजी जीवन पर टिप्पणी या माता-पिता के लिए अपशब्द नहीं थे। फिर भी आज तक के एंकर ने दोनों प्रवक्ताओं को एक पलड़े पर रख दिया। एंकर की यह दखलंदाजी किसी नजरिए से मासूम नहीं कही जा सकती। यहां गलत को गलत और सही को सही कहे जाने की जरूरत थी, लेकिन अब मीडिया के ऐसे धड़े में इस नैतिकता के लिए कोई जगह ही नहीं बची है।देश के समाचार चैनलों पर बहस का स्तर इतना गिर चुका है कि अब शायद पूरे परिवार के साथ खबरें नहीं देखी जा सकती, विमर्श नहीं सुने जा सकते। फिल्मों, धारावाहिकों, वेब सीरिज आदि में पहले से भाषा, दृश्यों आदि को लेकर अस्वीकरण दिया जाता है। अब क्या यही सिलसिला समाचार चैनलों पर भी शुरु हो जाएगा, यह चैनल मालिकान को सोचना होगा। दरअसल पहली बार नहीं है कि जब समाचार चैनल पर किसी ने अपशब्द का इस्तेमाल किया, कुछेक प्रकरण अतीत में भी हुए हैं। लेकिन तब विरोध की दो-चार आवाज़ों के अलावा कोई सख्त कार्रवाई न होने के कारण अपनी जुबान पर नियंत्रण न रखने वालों को और शह मिल गई। भाजपा के लिए ऐसे प्रवक्ता अक्सर फायदेमंद साबित होते हैं क्योंकि बदनामी में भी उसे नाम दिखाई देता है। वहीं चैनल मालिकान के लिए टीआरपी और मुनाफा ही पत्रकारिता का अंतिम सत्य बन चुका है।लिहाजा वे भी बहस के नाम पर निम्न स्तरीय विमर्शों को बढ़ावा देते हैं। इन चैनलों के एंकर जिन्होंने कभी किसी मकसद से पत्रकारिता की डिग्री ली होगी, वे भी शायद पूरी तरह पथभ्रष्ट हो चुके हैं।

अब वही एंकर सबसे सफल माना जाता है, जिसके कार्यक्रम में सबसे अधिक झगड़ा हो और मारपीट तक नौबत आ जाए, तो बात ही क्या है। हाल ही में एक एंकर ने तो खुद अपनी कुर्सी से उठकर कांग्रेस नेता को धमकाया था कि वह अपनी बात वापस ले। तुम बदतमीज हो, अपनी हद में रहो, अरे जाओ हमें मत सिखाओ, ऐसी शब्दावली तो अब इतनी आम हो चुकी है कि दर्शकों को शायद इसमें कुछ गलत ही नहीं दिखता।लेकिन अब दर्शकों को भी सोचना होगा कि आखिर जिस कार्यक्रम को वे ज्वलंत मुद्दों को समझने या अपनी राय विकसित करने के लिए देख रहे हैं, उनसे उन्हें क्या हासिल हो रहा है। कांग्रेस या भाजपा विरोधी खेमे के बाकी दलों को भी सोचना होगा कि वे समाचार चैनलों पर आखिर अपना पक्ष रखने जा ही क्यों रहे हैं, जबकि वहां उन्हें अकेले घेरकर प्रायोजित तरीके से अपमानित किया जाता है। विपक्ष को अपनी बात रखनी है तो सीधे जनता के बीच जाए और सोशल मीडिया के मंच का इस्तेमाल करे।

जिस दिन जहर फैलाने वाले तमाम चैनलों का सामूहिक बहिष्कार हो जाएगा, उस दिन से इनकी मुनाफाखोरी भी रुकेगी और तब शायद पत्रकारिता के लिए कोई जगह बन पाएगी।इस घटना से स्वाभाविक तौर से आहत सुरेन्द्र राजपूत ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट लिखा कि-मां तो मां है सबकी एक जैसी है वो चाहे कांग्रेस वालों की हो भाजपा वालो की हो मेरी मां हो या प्रेम शुक्ला की मां हो या फिर भारत मां हो।मेरी मरी हुई मां को गाली देकर भाजपा ने अपनी वैचारिक दरिद्रता दिखा दी है।

# सेना जीती विदेश नीति हारी!

भारत का राजनीतिक नेतृत्व हमेशा ऐसा ही कमजोर नहीं रहेगा। आतंकवाद को खतम करके ही पाकिस्तान अपना भविष्य सुरक्षित रख सकता है। देश में इस समय हर जगह सवाल हैं। मोदी समर्थकों में भी। लोग यह समझने लगे हैं कि मोदी के लिए सबसे बड़ी चीज वोट है। बाकी सब उनके लिए सेकेन्डरी (वोट के बाद आने वाली) चीजें हैं। यह आम जनता, जिनमें 11 साल से लगातार मोदी का अंध समर्थन करने वाले लोग भी शामिल हैं कहने लगे हैं कि पाकिस्तान के साथ ठीक तरीके से निपटा नहीं गया।ाकिस्तान के लिए यह आखिरी मौका है। अपने आतंकवादी प्रशिक्षण केन्द्रों को बंद कर दे। इन्हें प्रोत्साहित करने वाली धार्मिक शक्तियों को नियंत्रित करे। और अपनी जनता की वास्तविक समस्याओं मार्डन एजुकेशन, रोजगार और आर्थिक विकास पर ध्यान दे।

अगर वह यह सोचता है कि इस बार उसे पहले के मुकाबले ज्यादा अन्तरराष्ट्रीय समर्थन मिल गया तो यह उसकी बड़ी भूल है। खुशफहमी है। हमारी विदेश नीति की कुछ बड़ी गलतियों की वजह से हम वह समर्थन नहीं जुटा पाए जो 75 साल से हमें मिलता रहा था। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वह हमें फिर हासिल नहीं होगा।भारत अपनी गलतियों से बहुत जल्दी सबक सीखने वाला देश है। अभी सबने देखा कि हमारे चीफ आफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने माना कि हमसे गलती हुई और हमने उससे तत्काल सबक सीखा और अंदर तक जाकर पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों को नष्ट किया। यह दूसरी बार है जब सेना ने यह कहा है हमने सीखा। इससे पहले 7 मई की रात को पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर देने के बाद सेना ने यह वाक्य पहली बार बोला था।मुद्दा वास्तव में यह नहीं है कि हमारे कितने जहाजों को नुकसान हुआ। सेना के जनरल बिल्कुल सही कह रहे हैं कि मुद्दा यह है कि क्यों हुआ? और हमने इससे क्या सीखा? ओवर ऑल हम हावी रहे। हम मतलब हमारी सेना। पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानों को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया और क्लीयर मैसेज दिया कि पूर्ण युद्ध चाहती नहीं थी नहीं तो और ज्यादा नुकसान भी पहुंचा सकती थी।पाकिस्तान यह बात जानता है। वहां की सेना भी जानती है। वह अलग बात है कि अपने यहां की जनता को बेवकूफ बनाने के लिए वहां के शासक अपनी सैन्य शक्ति को बढ़ा-चढ़ा कर पेश करते हैं। सेना भी जानती है कि उसकी वास्तविक क्षमता कितनी है। मगर वह पाकिस्तान के शासकों में अपना महत्व बनाए रखने के लिए जबर्दस्ती बांहें चढ़ाती रहती है।भारत की विशाल, मजबूत, प्रोफेशनल सेना का मुकाबला करना उसके लिए संभव नहीं है। इस बार



चीन ने उसकी खुलकर मदद की। यही वह पेंच है जिसे समझना सबसे ज्यादा जरूरी है।चीन ने सैनिक मामले में जो उसकी मदद की जिसकी वजह से हमें कुछ नुकसान भी हुआ। उसी को लेकर सवाल पूछे जा रहे हैं कि कितने जहाज गिरे। तो वह मामला तो सेना ने संभाल लिया। मगर चीन जैसे कई देशों ने जो अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के खिलाफ माहौल बनाया वह सबसे खतरनाक है। कभी दुनिया के 120 से ज्यादा देशों का नेतृत्व हम करते थे। मगर उस नेहरू जिसने इन देशों का संगठन बनाया था कि आलोचना में ही हमारे प्रधानमंत्री ने 11 साल निकाल दिए। दुनिया में सबसे ज्यादा देशो का संगठन संयुक्त राष्ट्र। उसके बाद सबसे सबसे ज्यादा देश किस संगठन के सदस्य थे? गुटनिरपेक्ष आन्दोलन। 120 सदस्य देश। और आज स्थिति क्या हुई। एक देश हमारे साथ नहीं। वह रूस जो हमारा सबसे विश्वसनीय दोस्त था वह भी हमारे साथ नहीं। पूछिए क्यों?अभी जब रूस-युक्रेन युद्ध शुरू हुआ तो हमारे मीडिया को कहां भेजा गया था? हर न्यूज चैनल की टीम। बड़े-बड़े एंकर। हेलमेट लगाकर सड़क पर नाटक कर रहे थे यह बम यहां गिरा? यह राकेट मेरे बगल से निकला! किसके बम थे वह? किसके राकेटो के खिलाफ बोल रहे थे? उसी रूस के जिसने उसका बदला अब लिया।किस देश में गए थे युद्ध देखने? युक्रेन में। कौन ले गया था? युक्रेन। किसकी मर्जी से मोदी सरकार की मर्जी से। अब परिणाम आप देख ही रहे हैं। भारत की विदेश सेवा में एक से एक अन्तरराष्ट्रीय समझ वाले अफसर हैं। मगर जब सेना तक को बता दिया जाता है कि कब कैसे स्ट्राइक करने जाना है। बादल हों तो निकल जाना है। आसमान खुला हो तो रूक जाना है रडार पकड़ लेगा। तो विदेश सेवा में तो कोई भारत के पारंपरिक हितों के नजरिए से प्रोफेशनल ढंग से सोच ही नहीं सकता। उससे तो अपनी घरेलू राजनीति के हिसाब से हर चीज करवाई जा रही थी। विदेशों में भारतीयों को जोड़ना और उनसे मोदी मोदी के नारे लगवाना।आपको मालूम है विदेशों में रह रहे प्रवासी भारतीयों के बीच कभी विभाजन नहीं था। सब भारतीय एक। और अब मालूम है जैसे देश को विभाजित कर दिया वैसे ही विदेशों में रह रहे भारतीयों को। एक तरफ नए मोदी भक्त दूसरी तरफ देश समर्थक भारत प्रेमी।बहरहाल बात हो रही थी रूस की। तो जब मोदी सरकार हमारे मीडिया को युक्रेन का समर्थन करने के लिए वहां भेजती है तो कैसे समझ लेती है कि भारत-पाक के बीच संघर्ष में उसे रूस का समर्थन मिल जाएगा?दरअसल सच्चाई यह है कि इस युद्ध समान स्थिति में किसी ने पाकिस्तान का समर्थन नहीं किया। हुआ यह कि भारत का जो साथ देते थे उसके पुराने दोस्त थे वह पीछे हट गए। यही पाकिस्तान का फायदा हुआ। मोदी अमेरिका को सब कुछ मान कर बैठे थे। और अमेरिका में भी ट्रंप को। कभी विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी ही लिखेंगे कि मोदी का वहां अबकी बार ट्रंप सरकार का नारा लगवाना कितनी बड़ी हिमालयन भूल थी।प्रसिडेन्ट ट्रंप हमको बहुत छोटा करके देखने लगे। और चुप रहकर हम उनको और बढ़ावा दिए जा रहे हैं। क्या भारत डर गया? भारत कभी किसी से नहीं डरता। 1971 में इन्दिरा गांधी ने और उससे पहले 1965 में लाल बहादुर शास्त्री ने यह बता दिया था। अमेरिका, पाकिस्तान सबको। मगर अब ट्रंप कितनी बार बोल चुके है कि मैंने युद्ध विराम करवाया यह भी लोगों ने गिनना बंद कर दिया। 10-11-12 गिनती बढ़ती जा रही है। और हमारे प्रधानमंत्री का मौन! देखिए समय का न्याय। मनमोहन सिंह को मौन कहते थे आज सबने देख लिया कि मौन कौन है।

आमसभाओं में शब्दों के गोले बरसाने से कुछ नहीं होता। नेतृत्व की क्षमता मालूम पड़ती है ताकतवर के सामने डट कर खड़े हो जाने से। पाकिस्तान को तो तालिबान भी धमका लेता है। यह मौका था चीन और अमेरिका को अपना मेटल दिखाने का।राहुल ने दो साल पहले कह दिया था। मोदी सरकार की विदेश नीति की सबसे बड़ी गलती। लोकसभा में। कहा था कि भारत की सफल विदेश नीति ने कभी चीन और पाकिस्तान को एक नहीं होने दिया। उन दोनों का एक हो जाना भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा है और वही हुआ। लेकिन अगर विदेश नीति सही हाथों में होती तो चीन के पाकिस्तान के साथ खुलकर जाने पर भारत अमेरिका का साथ ले लेता।मगर अमेरिका तो हमें टेकन फार ग्रांटेड ( कुछ भी नहीं, जो हम चाहेंगे वही करेगा) समझे हुए है और हुआ भी यही। ट्रंप ने कहा 5 बजे युद्ध विराम! हमने कर दिया। पाकिस्तान को इसकी जरूरत थी। मगर फिर भी अपना स्वतंत्र अस्तित्व दिखाने के लिए उसने पांच बजे नहीं किया। ड्रोन भेजता रहा। हमले करता रहा। मगर जैसा कि हमने शुरूआत में लिखा पाकिस्तान के लिए आखिरी मौका!भारत का राजनीतिक नेतृत्व हमेशा ऐसा ही कमजोर नहीं रहेगा। आतंकवाद को खतम करके ही पाकिस्तान अपना भविष्य सुरक्षित रख सकता है। देश में इस समय हर जगह सवाल हैं। मोदी समर्थकों में भी। लोग यह समझने लगे हैं कि मोदी के लिए सबसे बड़ी चीज वोट है। बाकी सब उनके लिए सेकेन्डरी (वोट के बाद आने वाली) चीजें हैं। यह आम जनता, जिनमें 11 साल से लगातार मोदी का अंध समर्थन करने वाले लोग भी शामिल हैं कहने लगे हैं कि पाकिस्तान के साथ ठीक तरीके से निपटा नहीं गया। अमेरिका के सामने चुप हैं। लेकिन वोट के लिए लगातार बोलते जा रहे हैं। शायद सेचुरेशन पाइंट आ गया है। इतिहास के शब्दों में वाटर लू!

## खास बातें ऑयली त्वचा के लिए

गर्मियों का प्रकोप शुरू हो चुका है। तन को सहलाती धूप अब पीड़ा देने लगी है। ये तपती धूप कहीं आपकी खूबसूरती को नुकसान न पहुंचा दे। क्योंकि गर्मियों में तैलीय ग्रंथियां अधिक सक्रिय होने व पसीना आने की समस्या बढ़ जाती है। तेल और पसीना त्वचा पर जमा होकर इसे बहुत तैलीय बना देते हैं। तैलीय त्वचा पर धूल-मिट्टी के कण जमा होने के कारण त्वचा संबंधी समस्या शुरू हो जाती है। इस मौसम में तैलीय त्वचा सबसे अधिक प्रभावित होती है। अगर आपकी त्वचा ऐसी ही है तो आप उसकी देखभाल कैसे करे, बता रही है सौंदर्य ।

1. त्वचा ऑयलफ्री रहे। इसके लिए कुदरती गुणों से युक्त ऑयलफ्री फेसवॉश से नियमित सफाई करे। कभी भी ग्लिसरीन युक्त सोप का प्रयोग न करें।
2. ऑयली त्वचा की क्लींजिंग अहम होती है। क्लींजिंग से त्वचा पर जमी धूल-मिट्टी, मेकअप, मृतकोष हट जाते हैं और त्वचा के छिद्र साफ हो जाते है। इस तरह आप ब्लैक



हेड्स जैसी समस्या से बची रह सकती है। हफ्ते में एक बार लाइट स्क्रब का इस्तेमाल करें।

3. चावल के आटे में पुदीने का अर्क तथा गुलाबजल मिलाकर चेहरे पर 10 मिनट तक लगाएं। इसे हलके हाथों से गोलाई में घुमाते हुए चेहरे पर लगाएं। फिर धो लें।
5. अपने पर्स में गुलाब व लैवेंडर बेस वाला स्किन टॉनिक रखें। इसके अलावा वेट टिश्यू भी रखें। ताकि चेहरे पर जमा धूल-मिट्टी को हटा सकें।
6. रात को सोने से पहले त्वचा साफ करना न भूलें। इससे त्वचा पर मुंहासे व ब्लैक हेड्स नहीं बनेंगे।
7. ऑयली त्वचा पर एक्ने हों तो टी ट्री एंटी पिंपल जेल और जेल मॉयस्चराइजर का प्रयोग करें जो त्वचा में तेल ग्रंथियों के अतिरिक्त सिक्रीशन को कम करता है।
8. ऐसी त्वचा वालों को तनावमुक्त रहना चाहिए। क्योंकि तनाव ऑयली त्वचा को प्रभावित करता है। तनावमुक्त रहने के लिए आप योग तथा मेडिटेशन का सहारा ले सकती है।
9. त्वचा के सीबम ऑयल को नियंत्रित करने के लिए अधिक तेल-मसालेदार भोजन का त्याग करना जरूरी है।
10. तैलीय ग्रंथियों को संतुलित करने के लिए फाइबर युक्त भोजन लें। सुबह शाम एक-एक बोल सैलेड जरूर खाएं।
11. भोजन में विटामिन सी की मात्रा बढ़ाएं जैसे नीबू, संतरा और आंवला आदि का सेवन करें।
12. चाय-कॉफी का सेवन न करे। क्योंकि ये चीजें सेंट्रल नर्वस सिस्टम को भी प्रभावित करती हैं।

# गर्मियों को कहें बाय..



क्या झुलसा देने वाली गर्मी में भी सुंदर दिखना आसान है? क्या संभव है सूरज की तपिश में भी त्वचा को खूबसूरत और चमकदार बनाए रखना? क्या बचा जा सकता है सूरज से निकलने वाली तेज किरणों से होने वाली टैनिंग, रैशेज और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं से? इन सभी सवालों का जवाब है हां! इस मौसम आपकी त्वचा को दागदार न होने देंगी ये टिप्स..

### गुलाब जल

गुलाब जल सूरज की किरणों से त्वचा को सुरक्षित रखने में मदद करता है, इसलिए अपनी मेकअप किट में इसे जरूर शामिल करें। रैशेज को दूरकर त्वचा को चमकदार बनाने के लिए गुलाब जल में बेबी पाउडर मिलाकर नियमित अंतराल में इसका प्रयोग त्वचा पर करती रहें। यह उन बैक्टीरिया को भी पनपने से रोकता है, जो चेहरे पर मुंहासे और ब्लैकहेड्स को जन्म देते हैं। यदि फेसपैक तैयार कर रही हैं तो पानी के बजाय गुलाब जल का प्रयोग करें। चंदन पाउडर और मुल्तानी मिट्टी को गुलाब जल के साथ मिलाकर चेहरे पर लगाने से एक सप्ताह में चेहरे की चमक को निखारा जा सकता है।

गर्मियों में टैनिंग की समस्या आम बात है, लेकिन बाहर जाकर होने वाले कामों को तो नहीं रोका जा सकता। इसलिए धूप से वापस घर पहुंचने पर चेहरे पर खट्टा दही लगाएं। सूखने पर ठंडे पानी से साफ करें। नींबू और खीरे के रस को बराबर मात्रा में मिलाकर चेहरे पर पंद्रह मिनट तक लगाने के बाद ठंडे पानी से धोएं। दही के साथ एक चुटकी हल्दी मिलाकर चेहरे के अलावा दूसरे खुले अंगों पर लगाने के बाद गुनगुने पानी से धोएं। गर्मी में हाथों और पैरों का भी खास ख्याल रखने की जरूरत है। ऑलिव ऑयल, नींबू का रस और शक्कर को मिलाकर पेस्ट बनाने के बाद उसे हाथों पर लगाएं। पैरों के लिए गर्म पानी में नींबू का रस मिलाने के बाद उन्हें उसमें थोड़ी देर भीगने दें।

### एक्सफॉलिएट

पसीना और धूल मिट्टी चेहरे की त्वचा को बदरंग कर उसमें संक्रमण पैदा कर सकता है, इसलिए एक्सफॉलिएशन बहुत जरूरी है। इसके लिए हरे चने का पाउडर, हल्दी और दूध को मिलाकर पेस्ट बना लें। ठंडे पानी से शॉवर लेने के पहले इसका इस्तेमाल स्क्रब के रूप में करें। अंतिम शॉवर के बाद गुलाब जल लगाएं।

### पसीना

कोशिश करें कि त्वचा हमेशा सूखी रहे। गंदगी चेहरे पर ही पसीने के साथ न सूखे, इसलिए नियमित अंतराल पर चेहरा पोछती रहें। नींबू और खीरे के रस को मिलाकर फ्रिज में जमा लें और फिर इन क्यूब्स को चेहरे पर मलें।

### हेयर केयर

पसीना और सूरज की तपिश बालों को रूखा और बेजान बना देती है। इससे बचने के लिए जितना हो सके बालों को धोती रहें। माइल्ड शैंपू और अच्छे कंडीशनर का इस्तेमाल करें। चाहें तो इस घरेलू उपाय पर भी अमल कर सकती हैं। एक कप पानी में चाय की पत्तियां उबाल लें और ठंडा होने पर उसमें आधे नींबू का रस मिलाएं। शैंपू के बाद इस मिश्रण को बालों पर लगाएं। ठंडे पानी से साफ करें। यह बालों में चमक और उछाल पैदा करता है। इस मौसम में बालों को ड्रायर की मदद से सुखाने की कोशिश न करें।

### फाउंडेशन

गर्मी के मौसम में जितना कम मेकअप किया जाए उतना ही फायदेमंद रहता है। यदि मेकअप कर ही रही हैं तो फाउंडेशन का इस्तेमाल सावधानीपूर्वक करें, क्योंकि यह चेहरे के रोमछिद्र बंद कर देता है, जिससे मुंहासों की समस्या हो सकती है। आंतरिक खूबसूरती को निखारने के लिए जितना हो सके फलों और सलाद का सेवन करें।

### पानी

गर्मियों के मौसम में जितना पानी पिएं उतना ही बेहतर है। इस मौसम में पानी ही त्वचा को हाइड्रेट करने के साथ चमकदार और कोमल बनाए रखता है। फलों के रस या दूसरे आर्टीफिशियल ड्रिंक्स इसकी भरपाई नहीं कर सकते।

### स्वीमिंग

यदि स्वीमिंग करने का मन बना रही हैं तो पूल में उतरने से पहले पानी में मौजूद क्लोरीन से त्वचा को सुरक्षित रखने के लिए लैवेंडर ऑयल और वैसलीन का मिश्रण बनाकर पूरे शरीर में लगाएं।



## छुटकारा चिपचिपे बालों से

बदलते मौसम का सबसे जल्दी असर बालों पर ही पड़ता है। इस मौसम में बालों में चिपचिपापन और तैलीयता ज्यादा नजर आती है। इसके लिए अपनाएं हेयर एक्सपर्ट जावेद हबीब के बताए इन आसान उपायों को।


1. रुई के टुकड़े या कॉटन बोल को गुलाबजल में भिगोकर बालों की जड़ों में लगाएं। इससे उनकी चिकनाई कम होगी। इसके बाद शैंपू कर लें।
2. हार्ड पर्मिंग और हानिकारक केमिकल के प्रयोग से बालों को दूर रखें। यह सीजन किसी भी प्रकार के प्रयोग का नहीं है। इसलिए अपने बालों की घरेलू देखभाल करें। उनकी सफाई सही तरीके से करें।



3. मुलतानी मिट्टी में हलका गर्म पानी डाल कर पेस्ट बनाएं। फिर थोड़ा सा नीबू का रस मिलाकर बालों में लगाएं। आधे घंटे बाद बाल धो लें।
4. 2 बड़े चम्मच दही, एक छोटा चम्मच शहद और एक चम्मच ग्लिसरीन मिलाकर बालों में लगाएं। इससे बालों में नई जान आ जाएगी और वे मजबूत भी बनेंगे। इसके बाद नीबू के गुणों से युक्त शैंपू करें।
5. बालों को स्वस्थ और मजबूत बनाने के लिए प्रोटीन से भरपूर डाइट लें। प्रोटीन की कमी से बालों की रंगत फीकी पड़ने लगती है। वे बेजान और चमक रहित हो जाते है। इसलिए अपने आहार में मछली, अंडा, सोयाबीन, दालें और हरी सब्जियां पर्याप्त मात्रा में शामिल करें।



## ऐसे निखारे अपना रंग रूप





कुछ आसान से टिप्स जिन पर अमल करके आप अपने सौंदर्य को गर्मियों के दिनों में भी बरकरार रख सकती हैं

- गर्मियों के मौसम में आपका मेकअप देर तक टिका रहे, इसके लिए मेकअप करने से पहले चेहरे पर आइस क्यूब्स रगड़ें।
- आजकल के मौसम में दिन में बहुत हल्का मेकअप करें। मेकअप से पहले एसपीएफ युक्त टिंटेड मॉइश्चराइजर जरूर लगाएं।
- चेहरा साफ करने के लिए हमेशा ठंडे पानी का इस्तेमाल करें। इससे मुरझाई त्वचा में भी जान आ जाती है।
- सप्ताह में एक बार खासकर गर्मियों के दिनों में मक्के के आटे में दही मिलाकर उबटन की तरह इस्तेमाल करें।
- त्वचा की सफाई करने के तुरंत बाद अगर आपको बाहर जाना है तो अल्ट्रावॉयलेट किरणों से बचने के लिए किसी अच्छी कंपनी का सनब्लॉक जरूर लगाएं।
- घर से बाहर निकलने से पहले अच्छी क्वालिटी का मॉइश्चराइजर और सनब्लॉक अवश्य लगाएं। खीरे का रस भी अपने आपमें बहुत अच्छा मॉइश्चराइजर है। गर्मियों में प्रतिदिन खीरे का रस लगाने से चेहरे में चमक बनी रहती है।
- त्वचा में रौनक लाने के लिए दूध में आटे का चोकर मिलाकर कुछ देर तक हल्के हाथ से मसाज करें। हल्का सूखने पर साफ पानी से धो लें। फिर मॉइश्चराइजर लगा लें।
- महीने में एक बार फेशियल जरूर करवाएं। इससे रक्तसंचार सही होता है, जो त्वचा के कसाव को बनाए रखता है।
- चेहरे की सफाई के लिए साबुन के स्थान पर फेसवाश का प्रयोग करें।
- होंठों का रंग निखारने के लिए होंठों पर चुकंदर का रस लगाएं और करीब दस मिनट धो डालें।
- अगर आपके बाल बेजान और रूखे हैं तो सिर की अच्छी तरह ऑयल मसाज करने से फॉलिकल्स का रक्त संचार बढ़ता है।
- अगर आप स्वीमिंग की शौकीन हैं तो स्विमिंग करने से पहले शावर कैप जरूर लगाएं। कारण, स्विमिंग पूल के पानी में मौजूद क्लोरीन बालों के लिए नुकसानदेह होता है। बालों को सुरक्षित रखने के लिए थोड़े से जैतून के तेल में कुछ बूंद नींबू का रस मिलाकर बालों में लगाएं।

## शिखंडी — जग्गी वासुदेव

द्रोणाचार्य अपने बचपन के मित्र महाराज द्रुपद के पास उनके राज्य का हिस्सा मांगने गए, पर द्रुपद ने उन्हें अपमानित किया था। द्रोण ने इसका बदला द्रुपद को कैदी बनाकर लिया, और तब द्रुपद ने इसका जवाब देने के लिए भगवान शिव से वरदान मांगा। उसे वरदान में एक पुत्री शिखंडी के प्राप्ति हुई। द्रोण ने कसम खाई कि वे द्रुपद के हाथों मिले अपमान का बदला जरूर लेंगे। उन्होंने परशुराम से अस्त्र प्राप्त किए और हस्तिनापुर आ कर, कौरवों और पांडवों को युद्ध कला सिखाने लगे। वे लोग अपनी शिक्षा-दीक्षा पूरी करने के बाद गुरु दक्षिणा देने के लिए उत्सुक थे। द्रोण ने उन्हें सबसे पहले यही कहा कि वे द्रुपद को उनके सामने ला कर खड़ा करें। कौरव और पांडव



राजकुमारों ने बस इसी कारण पांचाल देश की राजधानी कांपिल्य पर हमला कर दिया। हमले के लिए पहले कौरव राजकुमार गए और पांडव पीछे रुक कर देखते रहे। द्रुपद की सेना बिल्कुल तैयार नहीं थी। सभी इस हमले से चौंक गए, क्योंकि इस हमले का कोई स्पष्ट कारण वे समझ नहीं पा रहे थे। लेकिन जैसे ही उन्हें हमले का अहसास हुआ आम नागरिक भी अपने घरों से मिलने वाले चाकू, कड़छीए लाठियां और जो कुछ भी हाथ आया, उसी के साथ लड़ने आ गए। उन्होंने कौरवों से लड़ाई की और उन्हें पीट कर वापस भेज दिया। आम लोगों के हाथों परास्त कौरव अपमानित हो कर लौट गए। तब द्रोण ने अर्जुन से कहा, ''यह गुरु दक्षिणा तुम्हें देनी होगी। जाओ, जा कर द्रुपद को ले कर आओ।' भीम और अर्जुन चुपचाप शहर में प्रवेश कर गए, उन्होंने द्रुपद को पकड़ कर बांधा और उन्हें ले जाकर द्रोण के चरणों में डाल दिया। जैसे ही द्रुपद ने द्रोण को देखा तो वे जान गए कि वे युवक द्रोण के कहने से ही उन्हें बांध कर लाए हैं। एक महान योद्धा द्रोण के चरणों में कैदी बना पड़ा था। तब द्रोण ने कहा, ''अब हम आपस में कुछ बांटने की बात नहीं कर सकते क्योंकि हमारे स्तर समान नहीं रहे। तुम मेरे आगे गुलाम की तरह पड़े हो। तुम मुझे गुरु दक्षिणा के उपहार के तौर पर मिले हो। मैं तुम्हारे साथ जो जी चाहे कर सकता हूं। लेकिन मैं तुम्हारा मित्र रहा हूं इसलिए मैं तुम्हारे प्राण नहीं लूंगा।' गुस्से, जलन और लज्जा से सुलग रहे द्रुपद अपने आधे राज्य में चले गए।वे गुस्से में सुलग रहे थे। उन्होंने शिव को प्रार्थना करते हुए कहा, ''मैं एक संतान चाहता हूं जो मेरा बदला ले।' परंतु उनके यहां जिस संतान का जन्म हुआ, वह एक कन्या थी।

## खबरें जरा हटके

# दूसरी बार प्रेग्नेंट हुआ यह आदमी, देने वाला है बच्चे को जन्म



**नई दिल्ली।** प्राकृति का नियम है कि महिलाएं ही गर्भधारण करने के लिए शारीरिक रूप से सक्षम होती हैं, लेकिन यह पुरुष दूसरी बार गर्भवती है। आप सोच रहे होंगे कि पुरुष गर्भवती कैसे हो सकता है, लेकिन विज्ञान की मदद से यह संभव है। मामला अमरीका के ऑरिगन का है, जहां एक शख्स प्रेग्नेंट है और वह भी दूसरी बार।

ट्रिस्टन रीस और बिफ चाप्लॉ नाम के गे पिताओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। दरअसल इस कपल में से ट्रिस्टन दूसरी बार प्रेग्नेंट हैं। वह अपने गे पति बिफ चाप्लॉ के बच्चे को जन्म देने वाले हैं। इससे पहले 2016 में उसका गर्भपात हो गया था। वर्ष 2016 में छह सप्ताह की प्रेग्नेंसी के बाद ट्रिस्टन का गर्भपात हो गया था। इसके बाद इस कपल ने अपने जैविक बच्चे की उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन अब उनकी उम्मीद फिर से जाग गई है।

ट्रिस्टन बच्चे को जन्म देने वाला है। आपको बता दें कि इस गे कपल ने 2 बच्चों को गोद भी लिया हुआ है। दरअसल साल 2011 में बिफ की बहन और उसके बॉयफ्रेंड के बीच विवाद के बाद इस गे कपल ने उनके बच्चों को गोद ले लिया था। अब ये गे कपल अपने जैविक कपल का इंतजार कर रहा है।

दोनों ही नए मेहमान के आने की खुशखबरी से बेहद खुश है और बच्चे का इंतजार कर रहे हैं। हलांकि इसके लिए उन्हें काफी सावधानी बरतनी पड़ रही है। डॉक्टरों की निगरानी में ट्रिस्टन की देखभाल की जा रही है, ताकि इस बार किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी न हो। उन्होंने अपनी फोटो भी शेयर की है।

# कैमरा देखते ही खिलखिलाकर पोज करने लगा ये जेब्रा



**नई दिल्ली।** कैमरा देखते ही बच्चे से लेकर बूढ़े तक हर कोई स्माइल करते हुए पोज देने लगता है, लेकिन क्या हो अगर जानवर भी कुछ ऐसा ही करने लगें। दरअसल ऐसा सच में हुआ है। यह घटना अफ्रीका में हुई। यहां एक अमरीकी टूरिस्ट केन्या के सफारी पार्क में छुट्टियां बिताने गया था। वो सफारी के दौरान जानवरों की तस्वीरें खींच रहा था, तभी उसे चार जेब्रा साथ में खड़े दिखाई दिए।

टूरिस्ट कैमरा लेकर जेब्रा के पास जाता है और जैसे ही जेब्रा से कहता है चीज तो जेब्रा भी अपने सारे दांत दिखाते हुए हंस देता है। इस तस्वीर को देखकर आप भी मुस्कुराए बिना नहीं रह पाएंगे और कहेंगे कि सचमुच फोटोग्राफर के चीज कहने पर इस जेब्रा ने हंसना शुरू कर दिया। जेब्रा की ये हंसते हुए फोटो ली है पेंसिलवेनिया में रहने वाले 46 साल के लिंक्लन हैरिस ने जो बीते दिनो छुट्टियां बिताने के लिए अफ्रीका के जंगलो में गए थे। हैरिस ने बताया कि जब मैं वहां पहुंचा तो वो सब एक लाइन में खड़े हुए थे। अचानक ही उसमें से जो सबसे किनारे खड़ा था उसने अपने दांत दिखाना शुरु कर दिया। जैसे ही ही वो हसा मैने उसकी फोटो क्लिक कर ली। हैरिस के लिए ये एक अनोखा अनुभव था। जब उन्होंने किसी जानवर की फोटो खींची हो और वो मुस्कुरा दिया हो।

## सेहत

# मुंह के छालों व इन रोगों के लिए रामबाण है बील, ऐसे करें इस्तेमाल

गर्मी ने बेहाल कर रखा है। ऐसे में पेट के साथ दिमाग के लिए भी ठंडक बेहद जरूरी है। इस मौसम में बील या बेल ऐसा फल है जो अपने विशेष गुणों से गर्मी में राहत देता है। जानते हैं इसके गुण-

गर्मियों में लू लगने पर इसका शर्बत पीने से आराम मिलता है। पीलिया में बील की कोपलों का 50 ग्राम रस में एक ग्राम पिसी काली मिर्च मिलाकर सुबह-शाम पिएं, इससे लाभ मिलता है। सौ ग्राम पानी में इसका थोड़ा गूदा उबालें, ठंडा होने पर कुल्ला करने से मुंह के छाले ठीक होते हैं।

सिरदर्द में बील पत्र के रस से भीगी पट्टी माथे पर रखें। पुराना सिरदर्द होने पर कुछ पत्तों का रस निकाल कर पिएं। गर्मियों में इसमें थोड़ा पानी मिला लें। मोच या अंदरुनी चोट में बील के पत्तों को पीसकर थोड़े गुड़ में पकाएं। इसे पीड़ित अंग पर बांध दें। दिन में तीन-चार बार इसे बदलें, लाभ मिलता है।

पके बील में चिपचिपापन होता है इसलिए यह डायरिया रोग में काफी लाभप्रद है और शरीर में पानी की कमी को दूर करता है। पका बील खाने से वात और कफ रोग दूर होते हैं।



# टाइम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-4-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। शुभांक-5-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-5

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रख। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-8-9

## लॉफिंग ज़ोन

चिंटू- यार कल कोई मेरी बीवी से जबरदस्ती कर गया और 15,000 रूपए भी ले गया।

पिंटू- झूठे 10,000 रूपए थे।

चिंटू- पैसे को छोड कौन था ये पता कर।

चिंटू- क्या तुम किसी से प्यार करते हो ?

पिंटू- हाँ यार।

चिंटू- तो उसने क्या कहा ?

पिंटू- वो बोलती है, आई लव यू टू .... पता नही ये दूसरा कौन है।

चिंटू- क्या तुम किसी से प्यार करते हो ?

पिंटू- हाँ यार।

चिंटू- तो उसने क्या कहा ?


पिंटू- वो बोलती है, आई लव यू टू .... पता नही ये दूसरा कौन है।

मूसलाधार बारिश हो रही थी। बिजली चमक रही थी।

तभी एक व्यक्ति भीगता हुआ आया और दुकानदार से बोला, भाई साहब एक डबलरोटी दे दीजिए।


दुकानदार ने पुछा, क्या आप शादीशुदा है। वह बोला, ओर आप क्या समझते है कि ऐसे मौसम में मेरी मां मुझे बाहर भेजेगी।

## काकुरो पहेली - 4074




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**




6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

**काकुरो -4073 का हल**



## फिल्म वर्ग पहेली- 4074



**बायें से दायें:-**

१. 'ये जीवन है इस जीवन का यही है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. राकेश रोशन, शत्रुघ्न सिन्हा, रीनाराय, रंजीता की फिल्म-४
६. फिल्म 'साया' में जॉन अब्राहम के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'ऐसा कोई जिंदगी में' गीत वाली फिल्म-२
८. राजकिरण, जावेद खान की फिल्म-३
१०. 'है ना बोलो' गीत वाली फिल्म-३
१२. सुनीलदत्त, निम्मी की फिल्म-३
१४. 'देख सकता हूँ मैं कुछ' गीत वाली फिल्म-४
१७. अष्मित पटेल, मीरा की फिल्म-३
१९. 'आई जो तेरी याद' गीत वाली फिल्म-२
२०. फिल्म 'तक्षक' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-२
२१. शाहरूख, प्रियंका की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीतवाली फिल्म-२
२२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, जैकी, शत्रुघ्न, रवीना, लारा की फिल्म-२
२३. धर्मेन्द्र, जीतेंद्र, हेमा की फिल्म-३
२५. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म-२
२६. फिरोज, संजय, मुमताज की 'गोरी के हाथ में' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'झोंपडी में चारपाई' गीत वाली जीतेंद्र, श्रीदेवी की फिल्म-३
२९. राजकपूर (डबल रोल), नर्गिस की 'आ जाने बहार' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'फूल मांगूं ना बहार मांगूं' गीत वाली फिल्म-२
३१. कमल हासन, सनी, डिम्पल की फिल्म-३
३२. फिल्म 'तपस्या' की नायिका ?-२
३३. अभिनेत्री 'मनीषा कोइराला' किस देश की रहने वाली है-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नदिया किनारे आओ' गीत वाली संजय दत्त, आफताभ, नंदिता दास की फिल्म-२
२. अमिताभ, अमजद, नीतूसिंह की 'सारा जमाना हसीनों का' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दो दिवाने शहर में' गीत वाली अमोल पालेकर, जरीना वहाब की फिल्म-३
४. नसीरूद्दीनशाह, जैकी श्रॉफ, नगमा की 'मैं प्यासी नदिया' गीत वाली फिल्म-२
५. 'लिखे जो खत तुझे वो तेरी' गीत वाली शशिकपूर, आशा पारेख की फिल्म-४
७. मनोजकुमार, आशा पारेख की 'लो आ गई उन की याद' गीत वाली फिल्म-१,३
९. 'दो नैनों में आँसू भरे हैं' गीत वाली जीतेंद्र, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
११. जॉय मुखर्जी, माला, शर्मिलाकी 'वो हसीन दर्द देदो' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'इस सो पहले कि याद तू आए' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-४
१५. 'परिचय' में जीतेंद्र की नायिका ?-२
१६. करण दीवान, स्वर्णलता की 'जब तुम ही चले परदेस' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तन मन धन सब है' गीत वाली संजीवकुमार, लीना की फिल्म-४
२२. गुरूदत्त, शकीला, श्यामा की 'बाबू जी धीरे चलना' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. रेखा, दिलीपकुमार, ममता की फिल्म-२
२४. शाहरूख, विवेक मुशरान, जूही की 'अपुन की लाइफ' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'तेरे प्यार का' गीत वाली आफताब शिवदासनी, युक्ता मुखी की फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 4073**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त्रि | शु | ल | | ग | दा | र | | धा | |
| दे | | गा | य | ब | | ह | म | रा | ज |
| व | च | न | | न | ग | मा | | वी | रू |
| | र | | घ | | ज | न | म | | र |
| ती | स | री | मं | जि | ल | | दा | व | त |
| स | | | डी | | | नू | री | | |
| रा | जा | जी | | अ | मृ | त | | प | |
| कौ | न | | | प | | न | व | रं | ग |
| न | | अ | नु | रा | ग | | | प | |
| | जु | म्मा | | ध | | अ | प | रा | ध |

## सूडोकु -4074


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु 4073 हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

## शब्द पहेली -4074



**बाएँ से दाएँ**

1.मरघट,कब्रिस्तान-4
3.पागल,बुद्धिहीन-4
8.भगवान,ईश्वर,खुदा-7
10.डांटना,दुत्कार-3
11.तरुण,किशोर-3
13.ओट,घूँघट-3
15.तपस्या-2
17.पराया,अजनबी-2
18.आनंद,मौज-2
19.सूर्य,भास्कर-2
21.चिंतन,सोच विचार-3
25.वेणी,फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26.वैद्य-3
27.आभास करना-4,3
30.शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31.युद्धघोष,आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**

2.कवि,गजलकार-3
4.भारत का झंडा-3
5.ईश्वर,भगवान-4
6.गुरुवार-4
7.दुर्ज,पापी,भूत-3
8.शरण,आश्रय-3
9.चांदी-3
12.उत्तराधिकारी-3
13.उत्कृष्ट,प्रधान-3
14.आंचल-3
16.कमल-3
20.रुकना,अंत, ठहराव-3
22.उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23.बर्दाश्त करना, निभाना-3
24.आय, कमाई-4
25.उष्ण-3
28.पराजित करना-3
29.उपपत्नी,दूसरी पत्नी-3

**शब्द पहेली 4073 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | ऊ | ल | के | ला | | | क | स | क | |
| ह | र्जा | | श | | श | त्रु | ता | | न्या | य |
| गु | | | ही | र | क | | र | | | म |
| ज | ला | व | न | | | गं | | अ | नु | ज |
| र | | च | | बे | ल | गा | म | | की | |
| | शा | न | | क | | ज | | ब | ला | |
| | य | | श | रा | र | ल | | न्द | | त |
| म | द | द | | र | | | अ | र | मा | न |
| श | | | स | | शा | य | र | | | ब |
| क | म | | न | र | म | | मा | | मा | द |
| | जा | न | म | | | म | न | मो | ह | न |

## सावरकर मानहानि मामले में पुणे कोर्ट ने राहुल गांधी को नहीं दी पेशी से छूट

**एजेंसी**

**मुंबई।** स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर मानहानि मामले में पुणे कोर्ट ने लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की कोर्ट में व्यक्तिगत पेशी से छूट मिलने की याचिका को खाारिज कर दिया है। न्यायालय ने कहा कि कोर्ट में पेशी से छूट मिलने का कोई पर्याप्त कारण नहीं है। इससे पहले पुणे कोर्ट ने इस मामले में शिकायतकर्ता सात्यकी सावरकर के उस आवेदन को खारिज कर दिया था, जिसमें विनायक सावरकर मानहानि मामले में राहुल गांधी की जमानत जब्त करने और उन्हें शारीरिक रूप से पेश होने के लिए मजबूर करने के लिए बलपूर्वक उपाय शुरू करने की मांग की गई थी। इस मामले की सुनवाई आज पुणे कोर्ट में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अमोल श्रीराम शिंदे के समक्ष हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि पेशी से छूट मिलने का कोई पर्याप्त कारण नहीं है।

## मेघालय के शिलॉन्ग से लापता हुए इंदौर के नवदंपति में से युवक का शव मिला, पत्नी की तलाश जारी

**भोपाल।** मेघालय के शिलॉन्ग में 11 दिन से लापता मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी नवदंपति में से पति राजा रघुवंशी का शव एक खाई में मिल गया है, जबकि उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी की तलाश अभी जारी है। यह नवदंपति हनीमून मनाने के लिए मेघालय के शिलॉन्ग गए थे। यहां वे दोनों ओसरा हिल्स से 23 मई की शाम के बाद से लापता हो गए थे। तब से पुलिस की अलग-अलग टीमें उनकी सर्चिंग में जुटी हैं। राजा के भाई सचिन रघुवंशी ने उसका शव मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हाथ पर राजा नाम लिखा है। दूसरे भाई विपिन ने कहा कि जहां स्कूटर मिला था, वहीं से करीब 20 से 25 किलोमीटर दूर शव मिला है। राजा की मौत कैसे हुई और वह यहां तक कैसे पहुंचा, इसकी जांच की जा रही है। राजा के भाई विपिन और सोनम के भाई गोविंद सर्चिंग टीम के साथ ही मौजूद हैं। गौरतलब है कि राजा और सोनम रघुवंशी की शादी 11 मई को इंदौर में हुई थी। वे 20 मई को हनीमून के लिए रवाना हुए थे। राजा इंदौर में ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय करते हैं। नवदंपति इंदौर से बेंगलुरु होते हुए गुवाहाटी पहुंचे, जहां मां कामाख्या के दर्शन करने के बाद वे 23 मई को मेघालय के शिलॉन्ग रवाना हुए। शुरुआत में परिवार की दोनों से बात होती रही, फिर संपर्क टूट गया। राजा के बड़े भाई सचिन रघुवंशी को पहले लगा कि नेटवर्क का इश्यू होगा, लेकिन 24 मई से दोनों के मोबाइल बंद हो गए तो चिंता होने लगी।

## काजीरंगा में जोड़े गये छठे क्षेत्र का 40 प्रतिशत हिस्सा बाढ़ में डूबा

**शोणितपुर (असम)।** राष्ट्रीय उद्यान काजीरंगा में शामिल किये गये छठे क्षेत्र में फिर से बाढ़ का कहर बरपरा है। ब्रह्मपुत्र नद के उत्तरी किनारे पर स्थित जामुगुरीहाट के दक्षिण क्षेत्र में स्थित काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के छठे संयोजन क्षेत्र का 40 प्रतिशत क्षेत्र बाढ़ के पानी में डूब गया है। महाबाहु ब्रह्मपुत्र और घिलाधारी नदी के बाढ़ के कारण राष्ट्रीय उद्यान में शामिल किये गये छठा क्षेत्र जलमग्न हो गया है। दूसरी ओर बाढ़ के समय उद्यान में शामिल किय गये छठे क्षेत्र में रहने वाले वन्यजीवों को किसी भी प्रकार की क्षति न पहुंचे, इस पर वनकर्मियों की पैनी नज़र है। उद्यान में वन्य जीवों के निवास स्थान के साथ-साथ खाद्य की तलाश में ऊंचे स्थान पर जाने के दौरान वन्यजीवों को किसी अवैध शिकारी के हमले का शिकार न होना पड़े, इसके लिए वनकर्मी दिन-रात सतर्क रहते हुए निगरानी अभियान चला रहे हैं।



## उत्तरी सिक्किम में खोज एवं बचाव कार्यों के लिए एनडीआरएफ तैनात

**गंगटोक।** उत्तरी सिक्किम में प्राकृतिक आपदा के बाद खोज एवं बचाव कार्यों के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) को तैनात किया गया है। एनडीआरएफ कर्मियों की टीम को लेकर दो वी-5 हेलीकॉप्टर सुबह पाकिम के ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे पर उतरे। एनडीआरएफ इकाइयां सैटेलाइट फोन और आवश्यक आपातकालीन उपकरणों से सुसज्जित हैं। जानकारी के अनुसार आवश्यक आपूर्ति के साथ एनडीआरएफ के 23 जवान आज सुबह पाकिम ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे से उत्तरी सिक्किम के छत्तेन के लिए रवाना हुए। इस तैनाती का उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों में जमीनी प्रयासों को मजबूत करना है, जहां हाल की प्राकृतिक आपदाओं के कारण पहुंच गंभीर रूप से बाधित हुई है। ये टीमें प्रभावित क्षेत्रों में निकासी, बचाव और अस्थायी संचार लाइनों की स्थापना में सहायता करेंगी। प्राधिकारियों ने वैकल्पिक पैदल मार्ग खोजने तथा वर्तमान मौसम की स्थिति के आधार पर हेलीपैड संचालन की व्यवहार्यता का आकलन करने के निर्देश जारी किए हैं।

# मणिपुर में बाढ़ से करीब 20 हजार लोग एवं 3,365 घर प्रभावित, 47 जगहों पर भूस्खलन

**एजेंसी**

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले पांच दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण आई बाढ़ (नदियों में उफान और बांधों में दरार) से करीब 20 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। बाढ़ में 3,365 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि बाढ़ में अब तक 19,811 लोग और 3,365 घर प्रभावित हुए हैं। इंफाल पूर्वी जिले में 31 राहत शिविर खोले गए हैं। इन शिविरों में रहने वाले अधिकांश लोग अपने घरों और इलाकों से बाहर निकल चुके हैं। सेनापति जिले के अलावा इंफाल पूर्वी जिले के हेइगांग, ओयांगखेई और खुराई विधानसभा क्षेत्र इस बार बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। पिछले चार दिनों में राज्य के अलग-अलग इलाकों में 47 भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य की



राजधानी इंफाल और इंफाल पूर्वी जिलों के कई इलाकों में नदी का जलस्तर बढ़ने और खुराई, हेइगांग और चेकोन इलाकों में बांध टूटने के बाद बाढ़ आ गई है। आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि चेकोन क्षेत्र में इंफाल नदी का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे ऑल इंडिया रेडियो इंफाल परिसर और सरकारी जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान सहित कई कार्यालय, स्वास्थ्य सेवा केंद्र और संस्थान पानी में डूब गए हैं। इंफाल पूर्वी जिले के परमपते स्थित जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान में उपचार करा रहे कई मरीजों को रविवार शाम अन्य अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया, क्योंकि स्वास्थ्य केंद्र में पानी घुस गया था। अधिकारी ने बताया कि जब बाढ़ का पानी ग्राउंड फ्लोर पर स्थित महिलाओं के ऑर्थोपेडिक और सर्जरी वार्ड में घुस गया, तो स्थानीय क्लब, स्वयंसेवक, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के सदस्यों ने मरीजों को शिफ्ट करने के लिए हाथ मिलाया। इसके अलावा, सेना और असम राइफल्स के जवानों ने सबसे ज्यादा प्रभावित इंफाल ईस्ट जिले में बाढ़ वाले इलाकों से करीब 800 लोगों को बचाया। उन्होंने बताया कि इंफाल ईस्ट जिले में इरिल नदी का जलस्तर रविवार को खतरे के निशान को पार कर गया, लेकिन बांध अभी तक नहीं टूटा है।

## अम्बुबाची मेला 22 जून से, वीआईपी कल्चर नहीं होगा : पर्यटन मंत्री

**एजेंसी**

**गुवाहाटी।** महामाया मां कामाख्या का महापर्व अम्बुबाची मेला 22 जून से शुरू हो रहा है। देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु, साधु-संत एक बार फिर नीलाचल पहाड़ की ओर रुख करेंगे। अम्बुबाची को लेकर असम पर्यटन विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। गुवाहाटी के पल्टन बाजार स्थित पर्यटन कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पर्यटन मंत्री रंजीत कुमार दास ने अम्बुबाची मेला 2025 की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार अम्बुबाची की प्रवृत्ति 22 जून को दोपहर 2 बजकर 56 मिनट पर और निवृत्ति 26 जून को रात 3 बजे होगी।मंत्री दास ने साफ किया कि इस बार मेले में कोई वीआईपी या वीवीआईपी सुविधा नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मेले को पूरी तरह आध्यात्मिक और सादा माहौल में संपन्न किया जाएगा। सरकार की ओर से मेले के लिए इस बार 4 करोड़ 55 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

मंत्री दास ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अम्बुबाची के दौरान कामाख्या मंदिर परिसर में जूते-चप्पल पहनकर न आएं। इसकी जगह मोजे पहनकर आने की सलाह दी गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर के मुख्य द्वार से रास्ते में कार्पेट बिछाए जाएंगे और जगह-जगह पीने के पानी की व्यवस्था की जाएगी। मंत्री ने बताया कि अब तक 4 शिविर बनाए जा चुके हैं, जो विशेष रूप से बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हैं। यदि भीड़ अपेक्षा से अधिक होती है तो शिविरों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बद्रीनाथ धाम में किए भगवान बद्री विशाल के दर्शन

**एजेंसी**

**बद्रीनाथ ।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने परिवार के साथ बद्रीनाथ धाम में भगवान बद्री विशाल के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना की और देश-दुनिया की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने यात्रियों से मुलाकात भी की और बद्रीनाथ धाम की आध्यात्मिक शांति और सुंदरता की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां दर्शन करने से उन्हें अपार सुख और शांति की अनुभूति हुई। रेखा गुप्ता ने कहा, आज बाबा बद्री विशाल के दर्शन कर मुझे बहुत सुख और शांति मिली है। मैं दिल्लीवासियों की ओर से बाबा के चरणों में प्रणाम करती हूं। मेरी प्रार्थना है कि बाबा का आशीर्वाद दिल्ली, पूरे देश और विश्व पर बना रहे। मैं चाहती हूं कि विकसित भारत के लक्ष्य के साथ दिल्ली भी प्रगति करे। मुझे ऐसी शक्ति मिले कि मैं अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से कर सकूं और दिल्लीवासियों की सुख-सुविधाओं का ध्यान रख सकूं।÷

मुख्यमंत्री ने बद्रीनाथ धाम की अपनी यात्रा को आध्यात्मिक और प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि यह पवित्र स्थल न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि यहां की शांति और प्राकृतिक सुंदरता मन को सुकून



देती है। उन्होंने यात्रियों से बातचीत के दौरान उनकी समस्याएं सुनीं और बद्रीनाथ धाम में तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।रेखा गुप्ता ने विकसित भारत और विकसित दिल्ली के अपने विजन को दोहराया। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की प्राथमिकता राजधानी को विकास के पथ पर आगे ले जाना है, जिसमें नागरिकों की सुख-सुविधाओं और बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने भगवान बद्री विशाल से प्रार्थना की कि उन्हें इस लक्ष्य को प्राप्त करने की शक्ति मिले।रेखा गुप्ता ने अपनी यात्रा के अंत में जय बद्री विशाल का उद्घोष किया और सभी से इस पवित्र स्थल की यात्रा करने का आग्रह किया। बद्रीनाथ धाम, उत्तराखंड में स्थित चार धामों में से एक है। हर साल लाखों श्रद्धालु यहां आते हैं। यहां की आध्यात्मिक और प्राकृतिक सुंदरता इसे तीर्थयात्रियों के लिए विशेष बनाती है।

## देश में सबसे ज्यादा धर्मांतरण का खतरा बस्तर में है : पंडित धीरेंद्र शास्त्री

**एजेंसी**

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री का आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में सबसे ज्यादा धर्मांतरण का खतरा बस्तर में है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में वे जशपुर में कथा करेंगे। वे एशिया के दूसरे सबसे बड़े चर्च के ठीक सामने कथा करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत हिन्दू राष्ट्र बनकर रहेगा।

हमने प्लान बना दिया है। उन्होंने कहा,नक्सलियों को मुख्य धारा में शामिल हो जाना चाहिए और भारत को भारत रहने देना चाहिए। एक दिवसीय प्रवास पर बिलासपुर पहुंचे बागेश्वर सरकार धीरेन्द्र शास्त्री ने छत्तीसगढ़ सहित देश के गंभीर मुद्दों पर पत्रकारों के सामने अपनी बात मुखरता से रखी है। उन्होंने नक्सलवाद से लेकर धर्मांतरण जैसे मुद्दों पर अपनी राय व्यक्त की। मीडिया से मुखातिब होते हुए धीरेंद्र शास्त्री ने नक्सलियों से अपील की कि वे भारत की एकता बनाए रखें और मूलधारा में आकर देश की परंपराओं के साथ कदम मिलाएं ताकि विदेशी ताकतों के खिलाफ हम एकजुट होकर लड़ सकें। वहीं धर्मांतरण जैसे मुद्दे पर उन्होंने कहा कि भारत में इसको लेकर सबसे



ज्यादा खतरा बस्तर क्षेत्र में है। आने वाले समय में वे जशपुर में एशिया की दूसरी सबसे बड़ी चर्च के ठीक सामने कथा करेंगे। भारत हिंदू राष्ट्र बनकर रहेगा। हमने प्लान बना दिया है। संतों का कमंडल और बागेश्वर धाम का मंडल हिंदू राष्ट्र है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूमि अद्भुत है। यह प्रभु श्रीराम का ननिहाल है, यहां आकर प्रसन्नता हुई। हम आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में पदयात्रा करेंगे। लेकिन पहले 7 नवंबर से दिल्ली से वृंदावन तक पदयात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ बस्तर क्षेत्र में जो अभियान चला, उसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा और केंद्रीय गृहमंत्री को साधुवाद। नक्सलियों से आग्रह है कि भारत को भारत रहने दें, मूलधारा में आकर भारत की परंपरा के साथ कदम मिलाकर चलें, ताकि हम विदेशी ताकतों से लड़ सकें और भारत को अखंड बनाया जा सके।

## 'नमो भारत' से आसान हुई 'छोटा हरिद्वार' की यात्रा

**एजेंसी**

**गाजियाबाद।** देश की पहली नमो भारत ट्रेन ने दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ व आसपास के लोगों के लिए यात्रा को काफी आसान, सुगम और सुविधाजनक बना दिया है। दिल्ली-एनसीआर से 'छोटा हरिद्वार' की यात्रा करना अब पहले से कहीं अधिक तीव्र और आसान हो गया है। सेमी हाई-स्पीड ट्रेन नमो भारत फिलहाल दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ के बीच 55 किलोमीटर के सेक्शन में दौड़ रही है। इसी रूट पर- मुरादनगर नमो भारत स्टेशन है जहां से महज कुछ कदम की दूरी पर 'छोटा हरिद्वार' है। मुरादनगर स्थित 'छोटा हरिद्वार' दिल्ली के आनंद विहार से करीब 35 किलोमीटर की दूरी पर है। इसके लिए नमो भारत से केवल 22-23 मिनट का समय लगता है। आनंद विहार से मुरादनगर स्टेशन तक स्टैंडर्ड कोच में सफर करने के लिए केवल 80 रुपये किराया लगता है,



जबकि प्रीमियम में यह 95 रुपये होता है। वहीं, गाजियाबाद से इसकी दूरी लगभग 18 किलोमीटर है जिसके लिए स्टैंडर्ड में केवल 40 रुपये देने होते हैं और सफर महज 12 मिनट का होता है। मेरठ साउथ स्टेशन (भूडबराल) से छोटा हरिद्वार करीब 23 किलोमीटर दूर है और ये दूरी 13 से 14 मिनट में पूरी हो जाती है, जिसके लिए नमो भारत में केवल 60 रुपये किराया लगता है। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि मुरादनगर स्टेशन से पैदल चलकर कुछ ही मिनटों में लोग छोटा हरिद्वार पहुंच जाते हैं। गंगनहर के किनारे स्थित यह एक धार्मिक स्थल है, जहां हरिद्वार जैसा ही माहौल देखने को मिलता है। यहां श्रद्धालु गंगाजल भरने, पवित्र स्नान करने और धार्मिक अनुष्ठान करने के लिए बड़ी संख्या में आते हैं। जो लोग समय की कमी या संसाधनों के कारण हरिद्वार नहीं जा पाते, उनके लिए यह स्थान एक बेहतर विकल्प बन गया है।अब गंगा दशहरा भी आने वाला है, जो ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। इस पावन पर्व पर शुभ मुहूर्त में लोग गंगा स्नान-दान व पूजन करते हैं। नमो भारत में यात्रा करना न केवल तीव्र है, बल्कि यह सफर पूरी तरह सुरक्षित, आरामदायक और आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। इसमें वातानुकूलित कोच, बेहतरीन कुशन-सीटें, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, स्वच्छता और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था है, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए भी ये यात्रा बेहद सहज हो जाती है इस ट्रेन से मुरादनगर और आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक यात्रा और पर्यटन को नया आयाम दिया है।

## पुंछ के अग्रिम गांवों में 67 बिना फटे गोले किए गए नष्ट

**एजेंसी**

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम गांवों में 60 से अधिक बिना फटे गोले सफलतापूर्वक पाए गए और उन्हें निष्क्रिय कर दिया गया है। सीमावर्ती क्षेत्रों में जान-माल की रक्षा के लिए चल रहे प्रयास के तहत चजला, झूलास, मेंढर, मनकोट और लोअर कृष्णा घाटी गांवों में गोले निष्क्रिय किए गए हैं। रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि सेना 7 से 10 मई के बीच सीमा पार से की गई गोलाबारी के बाद बिना फटे गोलों को व्यवस्थित तरीके से नष्ट कर रही है। प्रवक्ता ने कहा कि अब तक कुल 67 बिना फटे गोलों को सफलतापूर्वक निष्क्रिय किया जा चुका है। सेना का ये अभियान आबादी वाले और कृषि क्षेत्रों से खतरनाक गोला-बारूद को हटाने की व्यापक पहल का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों को पहले घेर लिया जाता है और नियंत्रित विस्फोटों के दौरान कोई नुकसान न हो, इसके लिए नागरिकों को अस्थायी रूप से स्थानांतरित कर दिया जाता है। सेना ने कहा कि स्थानीय निवासियों ने सेना के प्रयासों के लिए राहत और आभार व्यक्त किया है, क्योंकि ये गोले संभावित रूप से खतरनाक हैं। उन्होंने सीमावर्ती समुदायों की सुरक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रवक्ता ने कहा कि सेना उन सभी जगहों पर सफाई और निपटान अभियान जारी रखे हुए है, जहां सीमा पार से गोलाबारी हुई थी।

## डीआरआई ने त्रिपुरा में 7 करोड़ रुपये मूल्य की मेथमफेटामाइन गोलियां जब्त कीं, दो लोग गिरफ्तार

**एजेंसी**

**त्रिपुरा।** पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी पर अंकुश लगाने के अपने अथक प्रयास में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने त्रिपुरा में मेथमफेटामाइन गोलियों की एक बड़ी खेप की तस्करी को विफल कर दिया। डीआरआई ने त्रिपुरा में 7 करोड़ रुपये मूल्य की 7 किलोग्राम मेथमफेटामाइन गोलियां जब्त करके दो लोगों को गिरफ्तार किया है। वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि अगरतला क्षेत्रीय इकाई के डीआरआई अधिकारियों ने 28 बटालियन असम राइफल्स की सहायता से 31 मई की देर रात को एक मारुति वैगन-आर कार को



रोका, जिसमें भारी मात्रा में मेथामफेटामाइन की गोलियां होने का संदेह था। अधिकारियों ने कार को तेलियामुरा के बाहरी इलाके में रोका, जब वह उत्तरी त्रिपुरा के धर्मनगर इलाके से आ रही थी और अगरतला, पश्चिमी त्रिपुरा की ओर जा रही थी।

इस वाहन की तलाशी लेने पर बोनट के नीचे काउल-कवर के नीचे छिपाए गए ईंट के आकार के सात पैकेट बरामद किए गए। इस पैकेट में 7 किलोग्राम वजनी मेथामफेटामाइन की गोलियां थीं, जिनकी कीमत अंतरराष्ट्रीय ग्रे ड्रग मार्केट में 7 करोड़ रुपये है। प्रतिबंधित दवा के परिवहन में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि गोलियां और वाहन को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्स्टेंस एक्ट, 1985 के तहत जब्त कर लिया गया है।

## महाराष्ट्र में कोरोना के 59 नए मामले दर्ज, सक्रिय मरीजों की संख्या 494

**एजेंसी**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में कोविड के 59 नए मामले सामने आए। मुंबई में सबसे अधिक 20 नए मामले दर्ज किए गए, जबकि पुणे में 18, ठाणे में 4, पिंपरी-चिंचवड़, सातारा और कोल्हापुर में 2-2 और सांगली में 1 मरीज की पुष्टि हुई है। इसके अलावा, कुल 369 मरीज स्वस्थ होकर घर लौटे। लेकिन, सक्रिय मामलों की संख्या अब बढ़कर 494 हो गई है। प्रदेश में जनवरी से अब तक कुल 12,011 सैंपलों की जांच की गई है, जिनमें से 873 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई। इनमें से अकेले मुंबई में 483 मामले दर्ज किए गए। जनवरी से अब तक महाराष्ट्र में कोविड के चलते कुल 10 मरीजों की मृत्यु हो चुकी है। इन सभी मृतकों को पहले से गंभीर बीमारियां थीं। मृतकों में एक मरीज को हाइपोकैल्सेमिक दौरे और नेफ्रोटिक सिंड्रोम था, दूसरे को



कैंसर, तीसरे को सेरेब्रोवैस्कुलर डिजीज (स्ट्रोक) और दौरे आते थे। चौथे मरीज को डायबेटिक कीटोएसिडोसिस (डीकेए) के साथ लोअर रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन था। पांचवें को इंटरस्टिशियल लंग डिजीज (आईएलडी), छठे को डायबिटीज थी और वह 2014 से लकवाग्रस्त था। सातवें मरीज को गंभीर एआरडीएस और डाइलेटेड एऑर्टिक रिगर्जिटेशन था। आठवें और नौवें मरीज को डायबिटीज थी, जिसमें से एक को हाई ब्लड प्रेशर भी था। दसवीं मृतक एक 47 वर्षीय महिला थीं, जिन्हें बुखार और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत थी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, राज्य में कोविड मामलों की संख्या में समय-समय पर वृद्धि देखी जा रही है, जो केवल महाराष्ट्र तक सीमित नहीं है, बल्कि अन्य राज्यों और कुछ देशों में भी इसी तरह की स्थिति देखी जा रही है। सरकार और स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से सतर्क रहने, मास्क पहनने, भीड़भाड़ वाले इलाकों से बचने और स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

## उत्तरी सिक्किम में लगातार बारिश से हुई क्षति को 'आपदा' घोषित किया गया

**एजेंसी**

**गंगटोक।** सिक्किम सरकार ने उत्तरी सिक्किम अंतर्गत मंगन जिले में लगातार बारिश से हुई क्षति को आधिकारिक तौर पर 'आपदा' घोषित कर दिया है। सिक्किम सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर लगातार बारिश से हुए नुकसान को आपदा घोषित किया है। अधिसूचना में कहा गया है कि सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष की मंजूरी और राज्य कार्यकारी समिति की सिफारिश से 28 मई से मंगन जिले में लगातार बारिश से हुई क्षति को आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 22(2)(बी) के तहत आधिकारिक तौर पर आपदा घोषित किया गया है। लगातार बारिश के कारण उत्तरी सिक्किम में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उत्तरी सिक्किम को जोड़ने वाली मुख्य सड़क सहित छोटी सड़कें भूस्खलन से प्रभावित हुई हैं। 29 मई की रात को वाहन दुर्घटना में लापता हुए पर्यटकों की खोज एवं बचाव अभियान भी प्रतिकूल मौसम के कारण प्रभावित हुआ है। इसी तरह एक जून की रात मंगन जिले के छातेन स्थित सेना के शिविर पर भी बिजली गिरी। भूस्खलन में भारतीय सेना के तीन जवान मारे बलिदान हो हैं, जबकि छह अन्य लापता हैं।



## जेईई-एडवांस्ड परीक्षा में कोटा के रजित गुप्ता ऑल इंडिया टॉपर

**एजेंसी**

**कोटा।** आईआईटी कानपुर ने जेईई-एडवांस्ड 2025 का रिजल्ट घोषित कर दिया। इस वर्ष कोटा के छात्र रजित गुप्ता 360 में से 332 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया टॉपर बने। कोटा से ही सक्षम जिंदल एआईआर-2 पर सफल रहे। अक्षत कुमार चौरसिया एआईआर- 06 एवं देवेश पंकज भैया एआईआर- 08 पर चयनित हुये। रैंक-13 पर वेदांश गर्ग, रैंक-14 पर रित्विक खंडेलवाल के अतिरिक्त ऑनलाइन टेस्ट सीरीज स्टूडेंट देवदत्ता माझी ऑल इंडिया गर्ल्स टॉपर रैंक-16 पर सफल रही। आगम जिग्नेश शाह ने रैंक-17 प्राप्त की।एलन के निदेशक डॉ. गोविन्द माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, डॉ.नवीन माहेश्वरी व डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने टॉपर्स व उनके अभिभावकों को बधाई दी। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि एलन कोटा के विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया टॉपर सहित टॉप-10 में 4 रैंक पर कब्जा किया है। उन्होने बताया कि संस्थान से टॉप-100 में सर्वाधिक 46 स्टूडेंट्स चयनित हुये हैं। एलन ने आईआईटी जेईई में अब



तक 6 बार आल इंडिया टॉपर्स दिए हैं। एआईआर-1 पर चयनित रजित गुप्ता के पापा दीपक गुप्ता बीएसएनएल कोटा में उप मंडल अभियंता व मां डॉ. श्रुति अग्रवाल जेडीबी कॉलेज, कोटा में प्रोफेसर हैं। रजित ने कहा कि मैनें पढ़ाई के लिए कभी सख्त शेड्यूल नहीं बनाया। जितने समय पढ़ता था, मन लगाकर पढ़ाई की। एलन में पढ़ाई के दौरान गलतियों का दोहराव नहीं किया। जिससे सब्जेक्ट पर पकड़ मजबूत हुई। जब भी मौका मिला कॉलोनी के बच्चों के साथ खेलता हूं। अपनी तैयारी को लेकर पूरा आत्मविश्वास रखा। एआईआर-2 पर चयनित सक्षम जिंदल के पापा डॉ. उमेश जिंदल पैथोलॉजिस्ट व मां डॉ. अनीता जिंदल फिजियोथैरेपिस्ट हैं। सक्षम ने कहा कि परीक्षा में समर्पण, स्पष्ट उद्देश्य और सही मार्गदर्शन हो, तो कोई लक्ष्य असंभव नहीं रहता। हरियाणा के हिसार से दो साल कोटा रहकर एलन से कोचिंग लेने से बहुत सुधार किया। सक्षम क्रिकेट में अंडर 14 जिला स्तर पर खेल चुका है। क्रिकेट में कॅरियर बनाने के सवाल पर सक्षम ने बताया कि मैं इस फील्ड में जाना चाहता था लेकिन, कोविड के दौरान प्रेक्टिस बंद हो गई थी फिर मेरा फोकस पूरी तरह से पढ़ाई पर हो गया था।

कहानी

# बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद

**अनंत** भाई क्या आज कुछ सनाएँगे? बहुत दिनों से कुछ सुनाया नहीं। वैसे इस महीने आपकी जो कविता झरोखा पत्रिका में छपी है, वह बहुत अच्छी है। आप चाहें तो वही सुना दीजिए। अनंत नारायण बच्चों के कवि हैं अर्थात बाल साहित्यकार हैं। बच्चों के लिए लिखी गई उनकी कविताएं मुझे बहुत पंसद हैं। वे अपनी कविताएं तो सुनाते ही हैं, दूसरों की बाल कविताएं भी सुनाते हैं। उनकी स्मरणशक्ति बहुत अच्छी है। मेरे साथ राजमणि भैया भी थे। ये मेरे बड़े भाई हैं। मेरे और राजमणि के कहने पर अनंत नारायण ने यह कविता सुनाई-

चुहिया लाई चावल चीनी बिल्ली लाई आटा
हरी सब्जियाँ ताता लाया धोकर उनको काटा
मुर्गी पूरा मटका भरकर दूध कहीं से लाई
आग जलाकर मीठी मीठी उसने खीर पकाई
पूड़ी बनी, बनी तरकारी सबने मिल जुलकर खाया
कामचोर कौवे का मन भी देख देख ललचाया

वाह वाह खूब कविता सुनाई। पर यह कविता मेरी नहीं है। अनंतनारायण बोला। यह एक अन्य बाल साहित्यकार की कविता है। मैं राजमणि भैया अनंत नारायण बड़ी देर तक बातें करते रहे। छुट्टी का दिन था। गंभीर बातें भी हुईं और हंसी मजाक वाली बातें भी। थोड़ी ही देर बाद अनंतनारायण की बेटी लतिका चाय लाई और अपने हाथ से बनाकर स्वादिष्ट पोहा। सबने चाय पी और पोहा खाया। अनंत नारायण ने कहा ललिता अपने चाचा लोगों को कोई गीत नहीं सुनाओगी? संगीत तो तुम्हारा सबसे प्यारा विषय है। लतिका सुनकर खुश हो गई। यह उसकी रूचि की बात थी। उसने कबीर का पद सुनाया

साधो यह तन ठाट तंबूरे का ऐंचत तार मरेरत खूंटी निकलराग हूजूरे का....

पद बड़ा था। पद सुनाते समय न केवल लतिका की आंखें बंद थीं, बल्कि हम लोग भी इतने मगन होकर सुन रहे थे कि हम लोगों की भी आंखें बंद ही थीं। हम लोगों की आंखें तब खुलीं जब गीत पूरा हुआ। लगा जैसे हम लोग संगीत की धारा में बह रहे थे। बातें समाप्त कर जब कर जब चलने लगे तो अनंतनारायण बोले भाई कल विश्वविद्यालय की ओर से नहीं जाना। क्यों? मुझे विश्वविद्यालय में काम है। क्या काम है? काम कुछ नहीं वहां जो बैंक है, उससे पैसे निकालने हैं, पैसे ज्यादा हैं, पूरे पचास हजार। जरूरत ही ऐसी आ गई है। समय खराब है। इतनी रकम बैंक से निकालकर अकेले घर लाने में डर लगता है। मँडुआडीह से आगे कुछ दूर तक एकांत हो जाता है। तुम साथ रहोगे तो अच्छा रहेगा। बात सही है। मैं तुम्हारे साथ चलूंगा और तुम्हारे साथ ही वापस आऊँगा। दूसरे दिन मैं और आनंत नारायण बैंक गये। भीड़ ज्यादा थी। अनंतनारायण ने रूपये लेकर बैग में रखे। भीड़ पूरी घट गई थी। क्लर्क कागज की पुड़िया मुंह में रखकर वह बगल के साथी से बातें करने लगा। अनंतनारायण ने अपनी पासबुक मांगी। उसने ऐसे पासबुक उछालकर दी जैसे फुटबाल हो। अनंतनारायण को बुरा लगा। पासबुक पटल पर रखे या हाथ में दें। उछालकर देना तो अनुचित है। उन्होंने विश्वविद्यालय में तीस वर्ष पढ़ाया है। प्रोफेसर के सम्मानित पद से रिटायर हुए हैं। उनके साथ एक क्लर्क ऐसा व्यवहार करें, यह दुखद है। पर उन्होंने कुछ कहा नहीं। लेकिन जब पासबुक देखी तो उसमें रूपये चढ़ाये नहीं गये थे। उन्होंने कहा साहब पासबुक में रूपये चढ़ा दीजिए। आपको रूपये मिल गये न? अब आप जाइए। पासबुक में रकम चढ़वानी है तो पासबुक छोड़ जाइए। कल आकर ले जाइएगा। रकम चढ़ जाएगी। एक बार यहां आने में सौ रूपये लगते हैं। कल फिर इतने ही रूपये लगेंगे। सिर्फ पासबुक के लिए ही कल मुझे आना पड़ेगा। मैंने जो कह दिया सो कह दिया। बहस मत करिये। मैं बोला ये इस विश्वविद्यालय के सम्मानित प्रोफेसर रहे हैं। ये बहुत विद्वान हैं। आप इन्हें नहीं जानते। होंगे प्रोफेसर। मैं इन्हें नहीं जानता। यहां तो सब अपने को प्रोफेसर ही कहते हैं।

यह बात मुझे बुरी लगी और अनंतनारायण को भी। हम दोनों मैनेजर के पास गये। मैंने अनंतनारायण का परिचय दिया और क्लर्क की शिकायत की। मैनेजर ने कहा, क्लर्क की शिकायतें औरों ने भी की हैं। पता नहीं यह कब सभ्य बनेगा। यह कहकर वे हम लोगों के साथ क्लर्क के पास आये, आप इस समय क्या कर रहे हैं? आराम फरमा रहे हैं। नहीं नहीं पान खाकर... थकान दूर कर रहे हैं। बैंक थकान दूर करने के लिए हैं या काम करने के लिए। इस समय आप कोई काम नहीं कर रहे हैं। फिर अनंतनारायण की ओर देखकर कहा आप पासबुक बिना रकम चढ़ाये वापस कर रहे हैं। सिर्फ पासबुक के लिए कल ये सौ रूपये फिर खर्च करेंगे। आप जानते हैं ये कौन हैं। ये विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित प्रोफेसर हैं और बहुत बड़े साहित्यकार हैं। आपके सामने इनका परिचय भी दिया गया। फिर भी कुछ समझ में नहीं आया। वे आगे बोले, अदरक बड़ी उपयोगी चीज होती हैं। भोजन में भी पड़ती है और दवा के काम भी आती है। पर बंदर को दे दी जाए तो वह दांत से कुतरकर फेंक देगा। वह अदरक का गुर जानेगा ही नहीं। इसी पर कहावत है बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद। यही हाल आपका है। आपके सामने एक महान व्यक्ति खड़े हैं। पर आपमें इतनी समझ नहीं है कि आप उन्हें सम्मान दें। मैं अभी पासबुक ठीक कर देता हूँ, कहकर एक मिनट में क्लर्क ने रकम चढ़ाकर पासबुक वापस कर दी। हम दोनों को मैनेजर साहब का व्यवहार तो अच्छा लगा ही, उनका हिंदी ज्ञान देखकर भी प्रसन्नता हुई। कहावत का उन्होंने बहुत सही प्रयोग किया था। पासबुक लेकर हम लोग साथ साथ वापस चले आये।

हम लोग भी इतने मगन होकर सुन रहे थे कि हम लोगों की भी आंखें बंद ही थीं। हम लोगों की आंखें तब खुलीं जब गीत पूरा हुआ। लगा जैसे हम लोग संगीत की धारा में बह रहे थे। बातें समाप्त कर जब कर जब चलने लगे तो अनंतनारायण बोले भाई कल विश्वविद्यालय की ओर से नहीं जाना। क्यों? मुझे विश्वविद्यालय में काम है। क्या काम है? काम कुछ नहीं वहां जो बैंक है, उससे पैसे निकालने हैं, पैसे ज्यादा है, पूरे पचास हजार। जरूरत ही ऐसी आ गई है। समय खराब है। इतनी रकम बैंक से निकालकर अकेले घर लाने में डर लगता है।



## हंसगुल्ले



टीचर ने बच्चों की कॉपी पर नोट लिखकर भेजा - कृपया बच्चों को नहला कर भेजा करें।
बच्चों की माँ ने नोट जवाब में लिखा - कृपया बच्चों को पढ़ाया करें, सूंघा न करें।

● ● ● ● ●

नया कर्मचारी, `तुम इस दफ्तर में कब से काम कर रहे हो?'
पुराना कर्मचारी, `जब से बॉस ने मुझे निकालने की धमकी दी है।'

● ● ● ● ●

दादी नाराज होकर पोते से बोली ज्यादा परेशान करोगे तो मैं भगवान के घर चली जाऊंगी।
पोता: दादी रिक्शा लेकर आऊं क्या ?

● ● ● ● ●

**एक चूहे ने हाथी से कहा,** `यार अपनी शर्ट दो दिनों के लिए देना।'
**हाथी हंसकर बोला,** `हा.हा.हा. पहनेगा क्या ?'
**चूहा,** `नहीं, घर में शादी है, तंबू लगवाना है।'

● ● ● ● ●

बैरा, इधर आओ! ग्राहक चिल्लाया। बैरा सहमता हुआ ग्राहक के पास आ खड़ा हुआ।
`देखो चाए के प्याले मे मक्खी पड़ी हुई है!' बैरे ने तर्जनी उंगली से मक्खी प्याले से निकाली और बहुत गौर से देखने लगा। फिर बडी गंभीरता से उत्तर दिया--
हमारे होटल की नही है।

● ● ● ● ●

मज़दूर (मालिक से ) : गधे की तरह काम कराया और मज़दूरी सिर्फ बीस रुपया ... कुछ तो न्याय कीजिए।
मालिक (मुनीम से) : ठीक है यह न्याय मांगता है तो इस के सामने घास डाल दो और रुपये ले लो।

● ● ● ● ●

एक व्यक्ति की अपने तोते से तबियत भर गई। उस ने उसे नीलाम किया। बोली 100 रुपये पर छूटी।
खरीददार मुस्कुराकर कहने लगा, खैर, ले लेता हूं लेकिन इतना बतादें कि यह बोलेगा भी? दुकानदार : अजी, यही तो आपके खिलाफ बोली बढ़ा रहा था!

● ● ● ● ●

नया सिपाही (इंस्पैक्टर से) : `सर ये बिलकुल गलत है कि मैं उस चोर से डर गया था।'
इंस्पैक्टर : `तो तुम उस गाड़ी के पीछे क्यों छिपे थे?'
नया सिपाही : `जी वह तो मैं कुत्ता देख कर छिपा था।'

जानिए

## 30 साल में बनती है एक डाली

सुगुआरो कैक्टस (कार्नेजिया जाइगैंटिया) दुनिया का सबसे धीमी गति से बढ़नेवाला पौधा है। उसकी एक डाली पूरे 30 साल में तैयार होती है। सगुआरो उत्तरी अमरीका (अरिजोना) में पाया जाता है। उसकी बढ़त धीमी होते हुए भी वह 18 मीटर की ऊंचाई प्राप्त कर सकता है। इतना बड़ा होते हुए भी, इसकी अधिकांश जड़ें जमीन में कुछ ही सेंटीमीटर की गहराई में फैली होती हैं। केवल एक मुख्य जड़ जमीन में लगभग दो फुट की गहराई तक उतरता है। इस कारण सगुआरो तूफानों में आसानी से उखड़ जाता है। स्थानीय निवासी सूखे सगुआरो तने से घरों की छतें, फर्नीचर, बाड़ आदि बनाते हैं। वह एक दीर्घजीवी पौधा है, जो 200 साल तक जीवित रह सकता है। इसके फूल रात को खिलते हैं। यह रेगिस्तानी पौधा अनेक पशु-पक्षियों को सहारा देता है। इनमें शामिल है गिला कठफोड़वा, बैंगनी मार्टिन, घरेलू फिंच, गिल्डेड फ्लिकर (एक प्रकार की चिड़िया), एल्फ आउल (बौना उल्लू), इत्यादि। ये इस पौधे के लंबे तने में छेद करके उनमें रहते हैं।



रंग भरो



## कविता

### अगर पेड़ भी चलते होते

अगर पेड भी चलते होते
कितने मजे हमारे होते
बांध तने में उसके रस्सी
चाहे जहाँ कहीं ले जाते।

जहाँ कहीं भी धूप सताती
उसके नीचे झट सुस्ताते
जहाँ कहीं वर्षा हो जाती
उसके नीचे हम छिप जाते।

लगती भूख यदि अचानक
तोड मधुर फल उसके खाते
आती कीचड-बाढ कहीं तो
झट उसके उपर चढ ज़ाते।

अगर पेड भी चलते होते
कितने मजे हमारे होते।



### एक कहानी में सारे

आसमान कितना ऊँचा है !
कितने ऊँचे हैं तारे !
पर आ जाते जाने कैसे !
एक कहानी में सारे!

%दोस्त अगर बन जाएं मेरे
आसमान के, माँ तारे ?
तो मैं तेरे जन्म दिवस पर
दूँगी सब को गुब्बारे


मजा आएगा तब तो कितना
जाएंगे जब घर तारे
आसमान में तारों के संग
होंगे कितने गुब्बारे !

मगर कँहा से लाओगी माँ
इतने सारे गुब्बारे ?
बतला दूंगी, बतला दूंगी
जब आएंगे घर तारे !




बिंदु मिलाओ

रास्ता खोजो



## पहेलियां

लाल डिबिया में हैं पीले खाने,
खानों में मोती के दाने?

❑ ❑ ❑ ❑

वह रहती नहीं बीमार, फिर भी खाती गोली,
बच्चे, बूढ़े डर जाते, सुनकर उसकी बोली।

❑ ❑ ❑ ❑

धनदौलत से बड़ी है यह,
सब चीजों से ऊपर है यह,
जो पाए पंडित बन जाए
बिन पाए मूर्ख रह जाए?

❑ ❑ ❑ ❑

जो करता है वायु शुद्ध,
फल देकर जो पेट भरे,
मानव बना है उसका दुश्मन,
फिर भी वह उपकार करे?

❑ ❑ ❑ ❑

गोल है पर गेंद नहीं,
पूँछ है पर पशु नहीं,
पूंछ पकड़कर खेलें बच्चे,
फिर भी मेरे आंसू न निकलते?

❑ ❑ ❑ ❑

उत्तर - अनार, बंदूक, विद्या, पेड़, गुब्बारा।

## डी. गुकेश ने नॉर्वे शतरंज के 7वें राउंड में अर्जुन एरिगैसी को हराकर दूसरी जीत दर्ज की

**एजेंसी**

**स्टावेंगर।** नॉर्वे शतरंज 2025 के सातवें राउंड में सभी बोर्ड्स पर रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस दौर की सबसे चर्चित भिड़ंत मौजूदा विश्व चैम्पियन डी गुकेश और भारत के ही ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी के बीच हुई।

दोनों खिलाड़ियों के बीच तेज़ मुकाबला हुआ, जहां गुकेश ने धैर्य बनाए रखते हुए कड़ी मेहनत के बाद इस टूर्नामेंट में दूसरी जीत हासिल की। इससे पहले छठे राउंड में डी गुकेश ने और वर्ल्ड नंबर 1 मैग्नस कार्लसन के बीच मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की थी। अर्जुन ने ओपनिंग में शानदार शुरुआत करते हुए तेज आक्रामक चालों से गुकेश पर दबाव बनाया, लेकिन गुकेश ने जबरदस्त डिफेंसिव कौशल दिखाते हुए खेल को जटिल एंडगेम तक पहुंचाया। समय की कमी में दोनों खिलाड़ियों के बीच तेज़ मुकाबला




हुआ, जहां गुकेश ने धैर्य बनाए रखते हुए कड़ी मेहनत के बाद जीत हासिल की। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फबियानो कारुआना ने चीनी ग्रैंडमास्टर और बर्थडे बॉय वे यी के खिलाफ शुरुआती बढ़त बनाई और लंबे एंडगेम में शानदार जीत दर्ज की।

दिन का आखिरी मुकाबला विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन और हिकारु नाकामुरा के बीच खेला गया, जो क्लासिकल गेम में जल्दी ड्रॉ हो गया। हालांकि, अर्मागेडन गेम में कार्लसन ने जीत दर्ज कर अतिरिक्त अंक हासिल किए।

**नॉर्वे विमेंस शतरंज: जु वेनजुन टॉप पर**

विश्व महिला शतरंज चैम्पियन जु वेनजुन ने सारा खादेम के खिलाफ क्लासिकल गेम में शानदार एंडगेम खेलते हुए जीत दर्ज की। दिन की दूसरी क्लासिकल जीत चीन की तिंगजी लेई को मिली, जिन्होंने वाइट पीसेज़ से भारत की वैशाली रमेशबाबू को मात दी। भारत की हम्पी कोनेरू और अन्ना मुझिचुक के बीच मुकाबला शांति से ड्रॉ रहा, जिसमें काफी पीस एक्सचेंज हुए। हालांकि, अर्मागेडन गेम में मुझिचुक ने बाज़ी मार ली और अतिरिक्त अंक अर्जित किए।

## दिल्ली में लॉन्च हुई 'लेजेनजी टी10' टेनिस बॉल क्रिकेट लीग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार को एक भव्य कार्यक्रम के तहत भारत की सबसे बड़ी टेनिस बॉल क्रिकेट लीग 'लेजेनजी टी10' का औपचारिक शुभारंभ हुआ। इस अनोखी पहल का उद्देश्य गली-मोहल्लों में छिपी क्रिकेट प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। कार्यक्रम की शोभा पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज और लीग अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद ने बढ़ाई। उनके साथ दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्टार बल्लेबाज हर्शल गिब्स, क्रिकेटर क्रिस्टोफर बॉबी मोफू, सह-संस्थापक मीनाक्षी अग्रवाल और लीग के संस्थापक एवं सीईओ चिरंजीव दुबे भी मंच पर उपस्थित रहे। इस मौके पर वेंकटेश प्रसाद ने कहा, 'हमने अक्सर गलियों में ऐसे युवाओं को खेलते देखा है, जिनमें असाधारण प्रतिभा होती है, लेकिन उन्हें सही मंच नहीं मिल पाता। लेजेनजी टी10 उनके लिए वही मंच है, जहां से वे अपने सपनों की उड़ान भर सकते हैं।' लीग के संस्थापक और सीईओ चिरंजीव दुबे ने कहा, 'हम चाहते हैं कि हर गली का खिलाड़ी स्टेडियम की रौशनी में, टीवी स्क्रीन पर दिखे। यही लेजेनजी टी10 का विज़न है।' लीग की सह-संस्थापक मीनाक्षी अग्रवाल ने कहा, यह केवल एक लीग नहीं बल्कि हजारों युवाओं के सपनों को साकार करने का माध्यम है। हमें गर्व है कि हम इस यात्रा का हिस्सा हैं।

## जी.एस. बाली मेमोरियल ऑल इंडिया टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप सम्पन्न

**धर्मशाला।** विकास पुरुष स्वर्गीय जी.एस. बाली मेमोरियल ऑल इंडिया टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप 2025 का समापन हो गया। तीन दिन तक चली इस चैंपियनशिप के सीनियर पुरुष वर्ग में महाराष्ट्र की टीम विजेता और यूपी की टीम उपविजेता रही। सीनियर महिला वर्ग में यूपी की टीम विजेता और हरियाणा की टीम उपविजेता रही। जूनियर बॉयज वर्ग में गोवा की टीम विजेता और दिल्ली की टीम उपविजेता रही। जूनियर गर्ल्स की टीम में गोवा की टीम विजेता और महाराष्ट्र की टीम उपविजेता रही। चैंपियनशिप के समापन समारोह पर एसडीएम नगरोटा बगवां मुनीश शर्मा मुख्य अतिथि और राजकीय विद्यालय बड़ोह के प्रधानाचार्य नीरज शर्मा विशेष अतिथि रहे। टेनिस बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के सदस्य ऋषि दिलवारिया भी इस विशेष मौके पर मौजूद रहे। मुख्य अतिथि एसडीएम नगरोटा बगवां मुनीश शर्मा ने सभी विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार दिए। प्रतियोगिता का आयोजन फेडरेशन ऑफ़ इंडिया और हिमाचल प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा नगरोटा बगवां के राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय में 31 मई से 2 जून तक किया गया। इस चैंपियनशिप का शुभारंभ 31 मई को पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने किया था। इस टूर्नामेंट में विभिन्न राज्यों से आई हुई 28 टीमों ने भाग लिया। जिसमें 20 टीमें पुरुष वर्ग और 8 टीमें महिला वर्ग की रहीं।

## हेनरिक क्लासेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास, इंस्टाग्राम पर दी जानकारी

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। क्लासेन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, यह मेरे लिए एक दुखद दिन है, क्योंकि मैं घोषणा कर रहा हूं कि मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से हटने का फैसला लिया है। यह फैसला लेना मेरे लिए आसान नहीं था, लेकिन मैंने अपने और अपने परिवार के भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा, अब मैं अपने परिवार के साथ ज्यादा समय बिता सकूंगा और यही मेरे इस फैसले का मुख्य कारण है। 33 वर्षीय क्लासेन ने पिछले साल जनवरी में टेस्ट क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले लिया था, ताकि वह सफेद गेंद क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित कर सकें। उन्होंने अपने करियर में दक्षिण अफ्रीका के लिए 60 वनडे, 58 टी20 और 4 टेस्ट मैच खेले। क्लासेन ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच इसी साल मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में खेला था, जिसमें वे 7 गेंदों में केवल 3 रन बनाकर आउट हो गए थे। उस मैच में दक्षिण अफ्रीका को 50 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

## आईपीएल 2025: स्लो ओवर रेट के चलते श्रेयस अय्यर और हार्दिक पंड्या पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के क्वालिफायर-2 मुकाबले में स्लो ओवर रेट के चलते पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर जुर्माना लगाया गया है। यह मैच नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में खेला गया था। आईपीएल की आचार संहिता के तहत निर्धारित ओवर गति बनाए रखने में विफल रहने पर यह कार्रवाई की गई है। पंजाब किंग्स के लिए यह सीजन का दूसरा अपराध था, जिस कारण कप्तान श्रेयस अय्यर पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं, प्लेइंग इलेवन के अन्य खिलाड़ियों और इम्पैक्ट प्लेयर पर या तो 6 लाख रुपये या उनके मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) का जुर्माना लगाया गया है। दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस के लिए यह तीसरी बार था, जब टीम निर्धारित समय में ओवर पूरे करने में असफल रही।

## काशी की बेटी सुमेधा पाठक ने साउथ कोरिया में शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप में लहराया देश का परचम, गोल्ड पर साधा निशाना

**एजेंसी**

**वाराणसी।** साउथ कोरिया में चल रहे वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप में वाराणसी की बेटी शूटर सुमेधा पाठक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का नाम रोशन किया है। सुमेधा ने 10 मीटर एयर पिस्टल की सिंगल और टीम स्पर्धा में गोल्ड मेडल पर कब्जा किया, जबकि एक दिन पहले मिक्स्ड डबल्स में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस जीत के साथ सुमेधा के कुल पदकों की संख्या 17 हो गई है। 10 मीटर एयर पिस्टल की सिंगल स्पर्धा में सुमेधा ने भारत की ही सृष्टि अरोड़ा को 0.3 पॉइंट से पछाड़ते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। सुमेधा ने कुल 235.2 अंक अर्जित किए, जबकि सृष्टि अरोड़ा ने 234.9 अंकों के साथ सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। इस स्पर्धा में हंगरी की क्रिस्टीना को 209.4 अंकों के साथ ब्रॉन्ज मेडल मिला।

सुमेधा पाठक, सृष्टि अरोड़ा और रुबीना फ्रांसिस की तिकड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल की टीम स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड मेडल जीता। भारतीय टीम ने 1695-42x अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि रिपब्लिक ऑफ कोरिया को 1659-25x अंकों के साथ दूसरा और चीनी ताइपे को 1586-19X अंकों के साथ तीसरा स्थान मिला। इस स्पर्धा में भी सुमेधा ने सर्वाधिक अंक बटोरे। सुमेधा के पिता बृजेश पाठक ने साउथ कोरिया से फोन पर बताया कि उनकी बेटी और उनकी टीम ने विश्व रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीतकर भारत, उत्तर प्रदेश और वाराणसी का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि से वाराणसी में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## नोवाक जोकोविच ने नोरी को हराकर लगाया जीत का शतक, नडाल के क्लब में हुए शामिल

**एजेंसी**

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन के तीन बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने सोमवार को ब्रिटेन के कैमरून नोरी को सीधे सेटों में 6-2, 6-3, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इसी के साथ उन्होंने रोलां गैरों में अपना 100वां मैच जीतकर राफेल नडाल के 'सेंचुरी क्लब' में जगह बना ली है।

नडाल के बाद सेंचुरी पूरी करने वाले दूसरे पुरुष खिलाड़ी

नोवाक जोकोविच रोलां गैरों में 100 मैच जीतने वाले केवल दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले राफा नडाल ने यहां 112 मैच जीतकर यह उपलब्धि हासिल की थी। अब जोकोविच रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की ओर अग्रसर हैं।

ऑस्ट्रेलियन ओपन से भी आगे निकला रोलां गैरों रिकॉर्ड

जोकोविच ने फ्रेंच ओपन में अपने करियर की सबसे ज्यादा 100 जीत दर्ज की हैं, जबकि ऑस्ट्रेलियन ओपन में उनके नाम 99 जीत दर्ज हैं। हालांकि, उन्होंने मेलबर्न में रिकॉर्ड 10 बार खिताब जीता है, जबकि पेरिस में अब तक 3 खिताब अपने नाम किए हैं।

बिना सेट गंवाए क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जोकोविच

इस साल जोकोविच का प्रदर्शन



भले ही कुछ खास नहीं रहा हो, लेकिन उन्होंने हाल ही में अपने करियर का 100वां टूर-स्तरीय खिताब जीता और अब फ्रेंच ओपन में एक भी सेट गंवाए बिना क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने नोरी के खिलाफ पहला सेट कुछ शुरुआती ब्रेक के बाद आसानी से जीता।

अब जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगी टक्कर

तीसरे सेट में जोकोविच ने तीसरे गेम में नोरी की सर्विस ब्रेक कर दी और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस जीत के साथ उन्होंने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है, जहां उनका सामना जर्मनी के तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा।

## 'शूटिंग लीग ऑफ इंडिया' सिर्फ प्रतियोगिता नहीं, सबके लिए नई शुरुआत है: सरबजोत सिंह

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश की पहली शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) के शुभारंभ को लेकर देशभर में उत्साह है और ओलंपिक पदक विजेता सरबजोत सिंह इसे एक ऐतिहासिक कदम बता रहे हैं। उनका मानना है कि यह लीग न केवल शूटिंग को एक नया आयाम देगी, बल्कि खिलाड़ियों को वैश्विक अनुभव और आपसी साझेदारी का अवसर भी प्रदान करेगी। पेरिस ओलंपिक 2024 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतने वाले सरबजोत ने इससे पहले विश्व चैंपियनशिप, एशियन गेम्स और आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। 20 नवंबर से 02 दिसंबर 2025 के बीच आयोजित होने जा रही एसएलआई में पिस्टल (10मी 25मी), राइफल (10मी 50मी3पी), और शॉटगन (ट्रैप व स्कीट) जैसे मिश्रित टीम स्पर्धाएं होंगी। लीग के तहत फ्रेंचाइज़ी टीमें दो पूलों में बंटी होंगी, जहां लीग चरण के बाद नॉकआउट मुकाबले खेले जाएंगे। खिलाड़ियों को चार श्रेणियों एलीट चैंपियंस, वर्ल्ड एलीट, नेशनल चैंपियंस और जूनियर/यूथ चैम्पियनशिप में वर्गीकृत किया जाएगा, जिससे युवा और अनुभवी प्रतिभाओं का संतुलन सुनिश्चित होगा। सरबजोत ने कहा, इतनी बड़ी पहल के पहले संस्करण का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात है। यह सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि अनुभवों को साझा करने और वैश्विक स्तर के निशानेबाजों से सीखने का अनोखा अवसर है। वर्तमान में सरबजोत म्यूनिख में होने वाले आईएसएसएफ वर्ल्ड कप की तैयारी कर रहे हैं, जहां वह अपने पसंदीदा 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में भाग लेंगे। पिछले साल इस स्पर्धा में सरबजोत ने स्वर्ण पदक जीता था। लीग के तेज और रोमांचक प्रारूप को लेकर सरबजोत ने कहा कि एसएलआई जैसे मंच से शूटिंग को लेकर युवा पीढ़ी में रुचि बढ़ेगी और यह खेल भारत में सही मायनों में पहचान पाएगा। यह दर्शकों के लिए भी एक नया अनुभव होगा। वहीं



अपने व्यक्तिगत लक्ष्य को लेकर उन्होंने कहा कि 'मेरे लिए तकनीक के साथ-साथ मानसिक संतुलन भी जरूरी है। मैं हर मैच का आनंद लेना चाहता हूं और हर मौके से कुछ नया सीखना चाहता हूं। वहीं, युवा निशानेबाजों के लिए उन्होंने कहा कि वो खुद पर विश्वास रखें, कभी हार न मानें और अनुशासन व जुनून के साथ अभ्यास करते रहें।

## भारत ए और इंग्लैंड लॉयंस के बीच हाई-स्कोरिंग मुकाबला ड्रॉ, बल्लेबाज़ों का चौथे दिन भी जलवा बरकरार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कैंटरबरी में भारत ए और इंग्लैंड लॉयंस के बीच चार दिवसीय अभ्यास मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। मुकाबले में लगातार चौथे दिन सोमवार को भी बल्लेबाज़ों का बोलबाला रहा, जिसमें दोनों टीमों के टॉप ऑर्डर ने रनों की बारिश कर दी।

**इंग्लैंड लॉयंस की पारी में आखिरी विकेट की साझेदारी ने बढ़ाया स्कोर**

मैच के चौथे दिन की शुरुआत इंग्लैंड लॉयंस की पहली पारी से हुई, जिसमें टीम ने भारत ए के 557 रन के जवाब में 587 रन बनाए। अंतिम विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी हुई जिसने टीम के स्कोर को 30 रन की बढ़त दिला दी।

**भारत ए की दूसरी पारी में तेज़ शुरुआत:** दूसरी पारी में भारत ए



की ओपनिंग जोड़ी ने तेज़ शुरुआत की। यशस्वी जायसवाल और अभिमन्यु ईश्वरन दोनों ने पहले इनिंग की असफलता को पीछे छोड़ते हुए अर्धशतक जमाए। जायसवाल ने केवल 60 गेंदों में 64 रन बनाए, जिनमें 80फीसदी रन बाउंड्री से आए। दोनों ने मिलकर 123 रन की ओपनिंग साझेदारी की, वो भी रन-रेट से तेज़ गति से। जायसवाल के आउट होने के बाद ईश्वरन ने थोड़ी सावधानी बरती, लेकिन ध्रुव जुरेल के क्रीज़ पर आते ही फिर से रनगति तेज़ हो गई। जुरेल ने पहली पारी में 94 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में भी 51 गेंदों पर अर्धशतक ठोका।

इसके बाद नितीश रेड्डी ने भी आक्रामक बल्लेबाज़ी की। पहली पारी में केवल 7 रन पर आउट होने वाले रेड्डी ने दूसरी पारी में 43 गेंदों में 51 रन जड़ दिए, जिसमें एक ओवर में डैन मौसली से 18 रन लिए। मैच की खास बात यह रही कि भारत ए के सभी टॉप-6 बल्लेबाज़ों ने दोनों पारियों में मिलाकर कम से कम एक अर्धशतक जरूर जमाया। इससे टीम का बल्लेबाज़ी क्रम पूरी तरह से संतुलित और मजबूत नज़र आया।

## फतु चक क्रिकेट क्लब की टीम ने हरिपुर क्रिकेट क्लब को हराकर जीता फाइनल मुकाबला

**एजेंसी**

**आरएस पुरा।** आरएस पुरा के सीमावर्ती गांव हरिपुर में खेली जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला हरिपुर क्रिकेट क्लब एवं फतु चक क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फतु चक क्रिकेट क्लब की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 99 रन बनाए। वहीं 100 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरिपुर क्रिकेट क्लब की टीम की शुरुआत तो बेहतर रही लेकिन मध्य ओवरों में टीम के बल्लेबाज लगातार आउट होते गए। इसके बाद हरिपुर क्रिकेट क्लब की टीम 98 रनों पर ऑल आउट हो गई। बताते चलें कि क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन भाजपा नेता किशोर शर्मा की तरफ से करवाया जा रहा था ताकि क्षेत्र के युवाओं को नशा जैसी बुरी आदतों से दूर रखकर खेलों की तरफ आगे लाया जा सके। इस मौके पर भाजपा नेता किशोर शर्मा ने विजेता तथा उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं खेल सामग्री देकर सम्मानित किया और कहा कि आने वाले दिनों में भी पंचायत में इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा खेलों की तरफ आगे आ सकें। इस मौके पर किशोर शर्मा ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि पंचायत में खेल मैदान बनाया जाए ताकि युवाओं को खेलों में हिस्सा लेने का मौका मिल सके। उन्होंने क्रिकेट प्रतियोगिता को सफल बनाने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया। इस मौके पर भूषण कुमार, जनक राज सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## रग्बी प्रीमियर लीग: पहले सीजन के लिए चेन्नई बुल्स ने टीम एवं जर्सी का किया अनावरण

**एजेंसी**

**चेन्नई।** भारत में पहली बार आयोजित होने जा रही रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) के उद्घाटन सत्र से पहले चेन्नई बुल्स फ्रेंचाइजी ने सोमवार को मैड्रास क्रिकेट क्लब में आयोजित एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपनी आधिकारिक टीम और जर्सी का अनावरण किया।

इस कार्यक्रम में रग्बी इंडिया के कोषाध्यक्ष सेन्थिल वी. त्यागराजन, बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) के अध्यक्ष और तमिलनाडु ओलंपिक संघ के महासचिव आधव अर्जुना, चेन्नई बुल्स के मालिक अक्षित शर्मा, टीम के मुख्य कोच और रग्बी 7s के दिग्गज बेन गोलिंग्स, तथा अभिनेता और पूर्व भारतीय रग्बी खिलाड़ी विनय राय शामिल हुए। चेन्नई बुल्स, भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समूह एविडेंसिस ग्रुप की स्पोर्ट्स शाखा एविड स्पोर्ट्स के स्वामित्व में है और आरपीएल की एकमात्र अंतरराष्ट्रीय



निवेश वाली टीम है, जो लीग में वैश्विक दृष्टिकोण लेकर आई है। टीम के उद्देश्यों पर ऑनर अक्षित शर्मा ने कहा कि चेन्नई बुल्स सिर्फ एक टीम नहीं, बल्कि भारत के खेल परिदृश्य को बदलने का एक आंदोलन है। हमारा लक्ष्य विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर, उत्कृष्ट कोचिंग और गहरे फैन कनेक्शन के जरिए चेन्नई को रग्बी का केंद्र बनाना है। मुख्य कोच बेन गोलिंग्स ने कहा कि रग्बी 7s तेज़, कौशल-आधारित और अत्यंत रोमांचक खेल है। हमारा उद्देश्य टीम में तालमेल बनाना और मैदान पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है।' रग्बी इंडिया के कोषाध्यक्ष सेन्थिल वी. त्यागराजन ने कहा, 'भारत में रग्बी की बड़ी फैन फॉलोइंग है और इसकी संभावनाएं असीमित हैं। आरपीएल जैसे मंच से इस खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। तमिलनाडु ओलंपिक संघ के महासचिव आधव अर्जुना ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं भारत के ओलंपिक रग्बी सपनों को साकार करने के लिए ज़रूरी हैं। आरपीएल के माध्यम से लाखों भारतीयों तक यह खेल पहुंचेगा। अभिनेता और पूर्व भारतीय रग्बी खिलाड़ी विनय राय ने कहा कि रग्बी खिलाड़ियों में समर्पण, टीमवर्क और लचीलापन ही सफलता की कुंजी हैं। चेन्नई बुल्स इन मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाएगी। रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन 15 जून से 29 जून 2025 के बीच मुंबई के अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा, जिसमें कुल छह टीमें हिस्सा लेंगी और उद्घाटन खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

चेन्नई बुल्स की टीमः

हैनेस एंडलर, हाकोन ओएस, निकियास लोहे, टेरी केनेडी, जोसेवा तालाकोलो, राहु सौतुराग़, जोश्विन पेल्लादिनी, अलेक्ज़ेंडर डेविस, वल्लभ पाटिल, शानवाज़ अहमद, विनायक हरिराज, मुहम्मद जसीम ईपी, विनय ए।

## श्रीहरि नटराज ने 200मी. फ्रीस्टाइल में बनाया नया भारतीय रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने 20वीं सिंगापुर नेशनल स्विमिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय' दर्ज किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पहले इसमें 24 वर्षीय नटराज टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने सिंगापुर स्पोर्ट्स स्कूल में 1:48.66 सेकंड का समय निकाला। इसके साथ ही उन्होंने साजन प्रकाश के 2021 में बनाए गए 1:49.73 सेकंड के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। बैकस्ट्रोक में विशेषज्ञता रखने वाले नटराज इससे पहले 100 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक भी जीत चुके हैं। तैराकी में राष्ट्रीय रिकॉर्ड केवल नेशनल एक्वेटिक चैंपियनशिप में बनाए गए समय को ही माना जाता है, जबकि अन्य प्रतियोगिताओं में बनाए गए समय को 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय' कहा जाता है।

## प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 के लिए यूपी योद्धा ने मजबूत किया स्क्वॉड, गुमान सिंह को 1.07 करोड़ में खरीदा

**एजेंसी**

**मुंबई।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन की नीलामी में यूपी योद्धा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को और मजबूत किया है। जीएमआर स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली इस फ्रेंचाइज़ी ने गुमान सिंह, महेंदर सिंह और ईरानी डिफेंडर मोहम्मदरेज़ा कबूदरहंगी जैसे खिलाड़ियों को टीम में शामिल कर अपने इरादे साफ कर दिए हैं। नीलामी के पहले दिन, यूपी योद्धा ने स्टार रेडर गुमान सिंह को 1.0725 करोड़ रुपये में खरीदा, जबकि महेंदर सिंह को 20 लाख रुपये में फाइनल बिड मैच (एफबीएम) का इस्तेमाल करते हुए टीम में जोड़ा। दूसरे दिन, ईरान के डिफेंडर मोहम्मदरेज़ा कबूदरहंगी को भी एफबीएम के ज़रिए 20 लाख रुपये में दोबारा टीम में शामिल किया गया। मोहम्मदरेज़ा ने अब तक 23 पीकेएल मुकाबलों में 24 टैकल पॉइंट्स सहित कुल 28 अंक हासिल किए हैं, जो टीम की डिफेंस को और मजबूत करेंगे। इसके अलावा, कोरियन रेडर डोंग ग्योन ली (13.5 लाख), रोनक (9 लाख) और प्रणय विनय राणे (13 लाख) जैसे रणनीतिक खिलाड़ियों को भी टीम में जोड़ा गया है। टीम के कोर खिलाड़ियों में सुमित, भवानी राजपूत, साहुल कुमार, सुरेंदर गिल और आशीष सिंह शामिल हैं, जिन्हें एलिट रिटेंड प्लेयर (ईआरपी) सूची में बरकरार रखा गया। वहीं रिटेंड यंग प्लेयर (आरवाईपी) सूची में हितेश, गगन गौड़ा एचआर और शिवम चौधरी शामिल हैं। एग्जिस्टिंग न्यू यंग प्लेयर (एनवाईपी) सूची में जयेश विकास महाजन, गंगाराम, सचिन और केशव कुमार को जगह दी गई है। जीएमआर स्पोर्ट्स के सीईओ सत्यम त्रिवेदी ने कहा, 'हम नीलामी के परिणाम से बेहद संतुष्ट हैं। हमारी रणनीति साफ थी कि कोर ग्रुप को बनाए रखते हुए ऐसे खिलाड़ियों को शामिल करना जो टीम के संतुलन को मजबूत करें। गुमान सिंह और महेंदर सिंह जैसे खिलाड़ियों को जोड़कर हमने अहम विभागों को और मजबूत किया है।'टीम के मुख्य कोच जसवीर सिंह ने कहा, हमारी रणनीति कोर खिलाड़ियों को बनाए रखने की थी और साथ ही ऐसे नाम जोड़ने की जो टीम की फिलॉसफी के अनुरूप हों। गुमान की आक्रामकता, महेंदर और मोहम्मदरेज़ा की डिफेंस में भूमिका और डोंग ग्योन ली की बहुमुखी प्रतिभा हमारी टीम के लिए लाभकारी साबित होंगी। गुमान सिंह, मोहम्मदरेज़ा कबूदरहंगी, महेंदर सिंह, डोंग ग्योन ली, सुमित, आशीष सिंह, भवानी राजपूत, साहुल कुमार, सुरेंदर गिल, हितेश, गगन गौड़ा, शिवम चौधरी, जयेश विकास महाजन, गंगाराम, सचिन, केशव कुमार, जतिन, रोनक, प्रणय विनय राणे।

## इंग्लैंड के खिलाफ जेसन होल्डर और आंद्रे रसेल की वेस्टइंडीज टी-20 टीम में वापसी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी 20 सीरीज के लिए देर रात अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। इस टीम में जेसन होल्डर और आंद्रे रसेल की वापसी हुई है। वहीं, निकोलस पूरन को आईपीएल के व्यस्त शेड्यूल के बाद आराम दिया गया है। यह सीरीज मंगलवार को द ओवल में समाप्त हो रही वनडे सीरीज के बाद खेली जाएगी। इसके बाद वेस्टइंडीज की टीम आयरलैंड दौरे पर लौटेगी, जहां वे तीन और टी 20 मुकाबले खेलेंगे।

रसेल-होल्डर की वापसी, पूरन को आराम

जेसन होल्डर ने फरवरी 2024 में आखिरी बार टी20 मैच खेला था, जबकि रसेल ने नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ बारबाडोस में आखिरी बार मैदान संभाला था। दोनों खिलाड़ी अब पूरी तरह फिट हैं और टीम में वापसी के लिए तैयार हैं। निकोलस पूरन ने आईपीएल के बाद आराम की मांग की थी, जिसे टीम मैनेजमेंट ने स्वीकार कर लिया है।

शाई होप होंगे नए कप्तान, पॉवेल को बरकरार रखा गया

शाई होप को टी 20 टीम का नया कप्तान बनाया गया है, जिन्होंने रोवमैन पॉवेल की जगह ली है। पॉवेल ने बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज में 3-0 से हार झेली



थी, लेकिन उन्हें टीम में बतौर खिलाड़ी शामिल रखा गया है।

शरफेन रदरफोर्ड और शिमरोन हेटमायर भी टीम में लौटे हैं, जबकि जस्टिन ग्रेव्स, शमार स्प्रिंगर और टेरेंस हाइंड्स को इस बार टीम में जगह नहीं मिली।

आयरलैंड सीरीज में कुछ बदलाव, नए चेहरे को मौका

आयरलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए ब्रैंडन किंग को छुट्टी दी गई है, उनकी जगह कीसी कार्टी को टीम में शामिल किया गया है। वहीं, नए टेस्ट कप्तान रोस्टन चेज़ इंग्लैंड सीरीज के बाद टीम से बाहर हो जाएंगे और उनकी जगह पहली बार जेड गूली को टीम में मौका मिला है।

टीम के कोच डैरेन सैमी, फ्लॉयड रीफर और रवि रामपॉल भी इंग्लैंड सीरीज के बाद बारबाडोस लौटेंगे, जहां 13 से 21 जून तक टेस्ट कैंप लगेगा। आयरलैंड सीरीज के लिए रयॉन ग्रिफिथ को कोचिंग की जिम्मेदारी दी गई है।

वेस्टइंडीज की इंग्लैंड के खिलाफ टी20 टीमः

शाई होप (कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, रोवमैन पॉवेल, आंद्रे रसेल, शरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

आयरलैंड के खिलाफ टी 20 टीमः

शाई होप (कप्तान), कीसी कार्टी, जॉनसन चार्ल्स, मैथ्यू फोर्ड, जेड गूली, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, रोवमैन पॉवेल, शरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।



'चुपचाप वहां बैठ जाइए', जब Akshay Kumar ने भरी महफिल में

# कटरीना कैफ


## को डांटा, देखते रह गए सलमान



बॉलीवुड में बीते 22 सालों से काम कर रहीं कटरीना कैफ ने अपने करियर में सबसे ज्यादा हिट फिल्में सलमान खान और अक्षय कुमार के साथ दी हैं. दोनों दिग्गजों के साथ उन्हें बड़े पर्दे पर दर्शकों ने खूब पसंद किया है. सलमान खान के साथ फिल्मों के अलावा वो अफेयर से भी सुर्खियां बटोरने में कामयाब रहीं. जबकि अक्षय के साथ भी उनका नाम जोड़ा गया था, लेकिन इसकी कभी पुष्टि नहीं हुई.सलमान खान, कटरीना कैफ और अक्षय कुमार बॉलीवुड के ये तीनों ही दिग्गज एक साथ एक ही मंच पर भी नजर आ चुके हैं. तब अक्षय कुमार ने कटरीना की क्लास लगा दी थी. तब सलमान भी कुछ नहीं कर पाए थे और वो बस देखते ही रह गए थे. आइए जानते हैं कि ऐसा कब, क्यों और कहां हुआ था ?

**सलमान के शो पर पहुंचे थे अक्षय-कटरीना**

सालों पहले अक्षय कुमार और कटरीना कैफ सलमान खान के शो 'दस का दम' पर पहुंचे थे. तब सलमान ने अक्षय से पूछा था कि, आपकी पैदाइश कहां की है ? इस पर अक्षय ने कहा, मैं दिल्ली का रहने वाला हूं. दिल्ली की पैदाइश है चांदनी चौक की. इस पर सलमान खान कहते हैं, शाहरुख खान भी वहीं के रहने वाले हैं.इस पर अक्षय कहते हैं, नहीं वो थोड़े आगे के हैं. वो जमना पार के हैं. मैं जमना पार के इस साइड का रहने वाला हूं.



**अक्षय ने कटरीना को लगा दी थी डांट**

इसके बाद सलमान ने अक्षय से सवाल किया था, आपको मुंबई में कितने साल हो गए ? अक्षय ने जवाब में कहा, 32 साल हो गए. फिर सलमान ने कटरीना से पूछा, आपको कितना वक्त हुआ यहां (मुंबई) पे ? कटरीना ने कहा, कम से कम पांच साल. तो बेसिकली आप दोनों बहुत सीनयर हैं. मैं बहुत जूनियर हूं. इस पर अक्षय ने हंसते हुए कहा था, तो आप चुपचाप वहां बैठ जाइए.अक्षय की बात सुनकर सलमान और कटरीना के साथ ही ऑडियंस में बैठे लोग भी जोर-जोर से हंसने लगे थे.

**अक्षय-सलमान संग कटरीना ने इन फिल्मों में किया काम**

कटरीना ने अक्षय कुमार के साथ 'नमस्ते लंदन', 'सूर्यवंशी', 'दे दना दन', 'तीस मार खान', 'हमको दीवाना कर गए' और 'वेलकम' जैसी फिल्मों में काम किया. जबकि सलमान के साथ 'पार्टनर', 'युवराज', 'मैंने प्यार क्यों किया', 'भारत', 'एक था टाइगर', 'टाइगर जिंदा है' और 'टाइगर 3' जैसी फिल्में की.

## 7 साल पहले आई थी चार सहेलियों पर बनी मूवी, कम बजट में फिल्म ने की थी 100 करोड़ से ज्यादा कमाई, जानें नाम



2018 में एक फिल्म आई थी जिसने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की. साथ ही ये फिल्म गर्ल गैंग को खूब पसंद आई थी. फिल्म में दिखाई गई चार सहेलियों में करीना कपूर, सोनम कपूर, स्वरा भास्कर और शिखा तलसानिया जैसी एक्ट्रेसेस शामिल हैं. इस फिल्म का नाम 'वीरे दी वेडिंग' है जो बॉक्स ऑफिस पर हिट हुई थी.

रिया कपूर और एकता कपूर ने फिल्म वीरे दी वेडिंग में पैसा लगाया था. फिल्म यंगस्टर्स को खूब पसंद आई, खासतौर पर लड़कियों की ये फेवरेट फिल्म बताई जाती है. फिल्म वीरे दी वेडिंग को किस ओटीटी पर देख सकते हैं, फिल्म की कहानी क्या है और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कितना कलेक्शन किया था, आइए आपको इसके बारे में बताते हैं.

**फिल्म वीरे दी वेडिंग का कलेक्शन और बजट**

1 जून 2018 को रिलीज हुई फिल्म वीरे दी बेडिंग को शशांक घोष ने डायरेक्ट किया था. फिल्म के प्रोड्यूसर्स में रिया कपूर, एकता कपूर, शोभा कपूर और निखिल द्विवेदी जैसे बड़े फिल्म निर्माताओं का नाम शामिल है. फिल्म में करीना कपूर, सोनम कपूर, स्वरा भास्कर, शिखा तस्लानिया लीड रोल में थीं.

वहीं विश्वास किनी, बबल्स सबरवाल अलका कौशल, आयशा रजा और अकांक्षा मल्होत्रा जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में नजर आए थे. Sacnilk के मुताबिक, फिल्म का बजट 30 करोड़ था जबकि वर्ल्डवाइड फिल्म ने 140 करोड़ का कलेक्शन किया था. फिल्म का वर्डिक्ट सुपरहिट था और इसके गाने भी हिट थे.

**फिल्म वीरे दी वेडिंग ओटीटी पर कहां देखें ?**

फिल्म वीरे दी वेडिंग में ढेरों गाने थे जिनमें से 'पप्पी ले लूं', 'भांगड़ा ता सजदा', 'लाज शरम', 'डगमग डगमग', 'तारीफां' जैसे गाने जबरदस्त हिट हुए थे. फिल्म में चार सहेलियां दिखाई गई हैं जो सालों बाद मिलते हैं और अपनी-अपनी लाइफ की प्रोबलम्स को डिस्कस करते हैं. इसके बाद वो उन्हें सुलझाने भी लगते हैं और उन समस्याओं को सुलझाने में जिंदगी के असली मायने सीखते हैं. अगर आप ये फिल्म देखना चाहते हैं तो नेटफ्लिक्स पर सब्सक्रिप्शन के साथ देख सकते हैं.

## मां के पैर धोकर पानी पीने वाला सुपरस्टार, पैदा हुआ तो पिता ने गोद में लेने से कर दिया इनकार



बॉलीवुड में इस अभिनेता ने सुपरस्टार का दर्जा हासिल किया है. उनके पिता भी अपने जमाने के जाने-माने अभिनेता रहे और मां शास्त्रीय संगीत की जानकार थीं. एक्टर मां को काफी मानते थे और उनके और धोकर पानी पीते थे. लेकिन दूसरी ओर जब उनका जन्म हुआ तो पिता ने गोद लेने तक से इनकार कर दिया था. उन्होंने एक्टिंग, डांस और कॉमेडी तीनों से फैंस का दिल जीता है.

अब आप समझ गए होंगे कि यहां बात हो रही है सुपरस्टार गोविंदा की. गोविंदा आज किसी पहचान के मोहताज नहीं है. एक समय बॉलीवुड में उनकी तूती बोला करती थी. फिल्में उनके नाम से ही हिट हो जाती थीं. हर किसी के दिल पर उन्होंने राज किया. आज हम आपको गोविंदा से जुड़ा एक किस्सा बता रहे हैं जो हमेशा से ही काफी सुर्खियों में रहता है.

**गोद में लेने से किया था इनकार**

गोविंदा के पिता अरुण कुमार आहूजा ने निर्मला देवी से शादी की थी जो कि पहले मुस्लिम थीं. शादी के बाद उन्होंने अपना नाम और धर्म बदल लिया था. शादी के बाद निर्मला देवी अरुण कुमार के 6 बच्चे हुए. गोविंदा सभी भाई-बहनों में सबसे छोटे हैं. निर्मला और अरुण के घर 21 दिसंबर 1963 को गोविंदा ने जन्म लिया. गोविंदा की पैदाइश विरार की है.

बताया जाता है कि गोविंदा के जन्म से पहले ही प्रेग्नेंसी में गोविंदा की मां निर्मला देवी साध्वी बन गई थीं. हालांकि, उन्होंने गोविंदा के पिता को नहीं छोड़ा था. गोविंदा के माता-पिता साथ में ही रहते थे, लेकिन निर्मला ने अरुण से दूरी बना ली थी. ये बात अरुण को बिल्कुल पसंद नहीं आई. फिर जब गोविंदा का जन्म हुआ तो अरुण ने बेटे को गोद में लेने तक से मना कर दिया था. क्योंकि उन्हें लग रहा था कि गोविंदा के जन्म कारण ही निर्मला साध्वी बन गई. हालांकि बाद में जब उन्हें परिवार के लोगों ने अच्छे से समझाया तो वो मान गए थे.

**मां के पैर धोकर पानी पीते थी गोविंदा**

गोविंदा की मां ने एक साध्वी की तरह जीवन जीया तो उनके बेटे ने भी उन्हें उसी तरह का दर्जा और सम्मान दिया था. अभिनेता अपनी मां के पैर धोकर उस पानी को पीया करते थे. ये खुलासा गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा कई इंटरव्यू के दौरान कर चुकी हैं. मां के प्रति समर्पण और प्यार को देखते हुए सुनीता ये भी कह चुकी हैं कि उन्हें अगले जन्म में बेटा मिले तो गोविंदा जैसा मिले.



अंडरवर्ल्ड डॉन की गर्लफ्रेंड,

# मोनिका बेदी

## प्यार ने पहुंचाया था सलाखों के पीछे, अब भी उतनी ही ग्लैमरस, इस हाल में जी रहीं जिंदगी

बॉलीवुड में मोहब्बत के ऐसे कई किस्से हैं, जिन्हें सुनकर लोग आज भी हैरान रह जाते हैं. अंडरवर्ल्ड डॉन और बॉलीवुड एक्ट्रेस के रिश्ते की कई कहानियां सुनने को मिलती रही हैं. सिर्फ एक नहीं, कई एक्ट्रेस का नाम डॉन के साथ जुड़ चुका है. ऐसी ही एक प्रेम कहानी है, जो बड़ी-बड़ी पार्टिज से शुरू हुई. जहां ग्लैमर और खूबसूरती का तड़का लगता था. लेकिन एंडिंग हमेशा की तरह खतरनाक. आज हम आपको ऐसी ही एक्ट्रेस के बारे में बताएंगे, जिसे आशिकी के चक्कर में जेल की हवा खानी पड़ी.

अब कहां हैं ये एक्ट्रेस और किस हाल में हैं ? जानिए.यहां बात मोनिका बेदी की हो रही है. जिसका मासूम चेहरा और ग्लैमर उस वक्त खूब चर्चा में रहता था. प्यार से जेल तक की कहानी एक पार्टी से शुरू हुई थी, वहां अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम भी मौजूद था. दुबई के एक बड़े होटल में अबू सलेम की मोनिका बेदी पर नजर पड़ी थी और वो एक्ट्रेस को दिल दे बैठा. साथ ही मोनिका को भी वो पसंद आ गया.



**मोहब्बत से जेल तक...**

बात है साल 1998 की. पहली मुलाकात के बाद अबू सलेम और मोनिका बेदी एक दूसरे को पसंद करने लगे. कभी साथ मूवी डेट पर पहुंचे, तो कभी रेस्टॉरेंट में. कई फिल्मों में वो काम कर रही थीं. अपने ग्लैमर से एक-एक कर नए प्रोजेक्ट्स में नजर आने वाली थीं. शादीशुदा अबू सलेम के प्यार में एक्ट्रेस को कुछ नहीं दिखाई दिया. कहा जाता है कि दोनों ने अमेरिका में निकाह भी किया था. एक्ट्रेस के मुताबिक, उन्हें जब सब सच पता लगा, तब तक देर हो चुकी थी. 2002 के बाद वो जेल की हवा खाती रहीं. साल 2007 में रिहा हुईं और फिर दोबारा करियर सेट करने की कोशिशों में लग गईं.

**अब कहां और कैसी जिंदगी जी रही हैं ?**

दरअसल मोनिका बेदी को कई सालों से काम नहीं मिल रहा. एक्ट्रेस अपने परिवार के साथ जिंदगी बिता रही हैं. सोशल मीडिया पर भी ज्यादा एक्टिव नहीं रहती हैं. वेडिंग इवेंट्स में पहुंचती हैं. कुछ वक्त पहले फिल्मी सितारों के साथ दिखी थीं, जिसकी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की थी. 50 साल की उम्र में एक्ट्रेस की फिटनेस देखकर आप हैरान रह जाएंगे. दरअसल मोनिका बेदी ने खुद को काफी फिट रखा है.

इंस्टाग्राम पर मोनिका बेदी एक से बढ़कर एक ग्लैमरस तस्वीरें शेयर करती हैं. दरअसल फिट रहने के लिए एक्ट्रेस घंटों जिम में बिताती हैं. हालांकि, कमाई के लिए अलग-अलग इवेंट्स में परफॉर्म करती हैं. इसके अलावा सोशल मीडिया और बड़े-बड़े इवेंट्स में पहुंचती हैं. शोज और फिल्में न सही, एक्ट्रेस इसी तरह से अपना गुजारा कर रही हैं. या यूं कहूं कि अच्छी कम्फर्टेबल जिंदगी जी रही हैं. हालांकि, एक्ट्रेस को उनके पिता का काफी सपोर्ट रहा है.